राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा





स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254



@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025
वर्ष 06, अंक 198, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित



वित्तीय अनियमितता में जेल जा चुके बाबू पर बीएसए मेहरबान क्यों, 22 वर्षों से एक ही पटल पर तैनात...02

पीडब्ल्यूडी- सड़क निर्माण में खराब गुणवत्ता और कोई समय सीमा नहीं .......12


# सहारा समूह की 707 एकड़ जमीन ईडी ने की कुर्क

## सहारा समूह की एम्बी वैली सिटी के पास 707 एकड़ जमीन ईडी ने कुर्क की, 1460 करोड़ रुपये है कीमत।





प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने लोनावाला के एंबी वैली सिटी और उसके आसपास की 707 एकड़ जमीन को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। इसकी अनुमानित कीमत 1460 करोड़ रुपये की है।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने सहारा समूह के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत महाराष्ट्र के लोनावाला में 707 एकड़ भूमि में फैली 'एंबी वैली सिटी' को कुर्क कर लिया है। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि यह भूमि सहारा समूह की संस्थाओं से प्राप्त धनराशि से 'बेनामी' खरीदी गई थी। एजेंसी ने कहा कि कुर्क की गयी जमीन की बाजार में अनुमानित कीमत 1460 करोड़ रुपये है। ईडी ने यह कार्रवाई पीएमएलए के तहत की है। ईडी की जांच में सामने आया है कि यह ज़मीन बेनामी नामों पर खरीदी गई थी और इसके लिए जो पैसे इस्तेमाल किए गए,जो सहारा समूह की विभिन्न कंपनियों से गबन करके निकाले गए थे।

ईडी ने इस मामले की जांच तीन अलग-अलग एफआईआर के आधार पर शुरू की थी, जो ओडिशा, बिहार और राजस्थान पुलिस द्वारा धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोपों में दर्ज की गई थीं। अब तक 500 से ज़्यादा एफआईआर सहारा समूह और उससे जुड़े लोगों के खिलाफ दर्ज हो चुकी हैं। इनमें से 300 से अधिक मामले पीएमएलए के तहत दर्ज अपराधों से जुड़े हैं।

जांच में खुलासा हुआ है कि सहारा समूह ने हजारों निवेशकों को गुमराह कर एक बड़ी पोन्ज़ी स्कीम चलाई। इन स्कीम्स के ज़रिए निवेशकों से भारी रकम जमा की गई और वादा किया गया था ऊंचे रिटर्न्स का, लेकिन उन्हें भुगतान नहीं किया गया। बल्कि उन्हें जबरन दोबारा निवेश करने के लिए मजबूर किया गया।

ईडी का कहना है कि सहारा समूह ने जमाकर्ताओं की रकम को निजी खर्चों, बेनामी संपत्तियों और आलीशान जीवनशैली में खर्च किया। यह भी सामने आया है कि कई संपत्तियां नकद में बेची गई और उन पैसों का कोई हिसाब-किताब नहीं रखा गया। अब तक की कार्रवाई में 2.98 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की जा चुकी है और कई एजेंट्स, कर्मचारियों और निवेशकों के बयान भी दर्ज किए जा चुके हैं।

सूत्रों के अनुसार, ईडी की नजर अब सहारा समूह की अन्य संपत्तियों पर भी है जो देशभर में फैली हुई हैं। जांच एजेंसी का मानना है कि इस मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क की जड़ें और भी गहरी हैं और आने वाले दिनों में कई और खुलासे हो सकते हैं। पुणे जिले में सह्याद्रि पर्वतीय क्षेत्र में बसे इस आवासीय शहर को इसके निर्माताओं ने एक समय ''भारत का पहला नियोजित पहाड़ी शहर'' करार दिया था, जिसमें लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली जीवनशैली का अनुभव देने के लिए बड़े गोल्फ कोर्स, झीलें, विला, लकड़ी के बने छोटे घर या झोपडियां हैं।'एंबी वैली सिटी' मुंबई से लगभग 110 किमी और पुणे से लगभग 90 किमी दूर स्थित है।

ईडी ने एक बयान में कहा कि उसके कोलकाता कार्यालय द्वारा धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 'एंबी वैली सिटी' को कुर्क करने के लिए एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है।इसमें कहा गया कि यह भूमि सहारा समूह की कंपनियों से प्राप्त धनराशि से ''बेनामी'' नामों से खरीदी गई थी।ईडी ने कहा कि सहारा इंडिया और उसकी समूह की कंपनियों के खिलाफ धनशोधन मामले की जांच के तहत लोनावाला (पुणे जिला) स्थित 'एंबी वैली सिटी' और उसके आसपास की कुल 707 एकड़ जमीन को कुर्क कर लिया गया है, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 1460 करोड़ रुपये है।

ईडी ने विभिन्न राज्यों के पुलिस विभागों में दर्ज 500 से अधिक प्राथमिकियों के बाद धनशोधन का मामला दर्ज किया था। ईडी ने ओडिशा, बिहार और राजस्थान पुलिस द्वारा 'हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड' (एचआईसीसीएसएल) और अन्य के खिलाफ दर्ज तीन प्राथमिकियों के अलावा, सहारा समूह की कंपनियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज 500 से अधिक शिकायतों का विश्लेषण किया।ईडी ने कहा कि इनमें से 300 से अधिक प्राथमिकी पीएमएलए के तहत अपराधों के लिए दर्ज की गई थीं...**शेष पेज 12 पर**

# इफको घियानगर में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का मनाया गया 134 वीं जयंती समारोह

## इफको घियानगर फूलपुर के सामुदायिक केन्द्र में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती समारोह मनाया गया।



स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज।

समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर कुमार सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं डॉ. दीनानाथ प्रोफेसर सी.एम.पी. डिग्री कालेज रहे। मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा शिक्षा पर, एकता पर तथा जीवन में संघर्ष पर बल दिया उनका मूल मंत्र रहा शिक्षित बनो, संगठित हो तथा संघर्ष करो। डॉ. दीनानाथ एवं अन्य वक्तागण एस.के.सिंह,शम्शुदोहा, शरद अग्निहोत्री, रिंकु भारती, जयंती हुड्डा,कालींदर, मकदूम फूलपुरी ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में उनकी जीवन विषय पर बच्चों के लिए निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

अम्बेडकर जयंती के अवसर पर इफको टीम तथा न्यूजेन सिक्योरिटी टीम के बीच वॉलीबाल मैच खेला गया जिसमें इफको टीम विजयी रही। इस दौरान महाप्रबंधक संजय भंडारी, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः एस.के.सिंह,आर.पी.यादव, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव,इफको एस.सी./एस.टी. वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजबली राम एवं महामंत्री हरिशंकर भारती मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### व्यापारी के घर चोरी, 10 दिन बाद भी नहीं दर्ज हुई FIR

स्वतंत्र प्रभात

कुमारगंज -अयोध्या

कुमारगंज थाना क्षेत्र के तेंधा बाजार स्थित बर्तन व्यापारी हरिराम अग्रहरि के घर बीते 3-4 अप्रैल की रात चोरों ने चोरी को अंजाम दिया लगभग एक लाख रुपये नकद और कीमती जेवरात लेकर फरार हो गए। चोर पड़ोसी के खाली मकान की छत के रास्ते घर में घुसे और बक्से का ताला तोड़कर सामान चुरा लिया।

चोरी गए सामान में दो सोने की चैन, पांच जोड़ी पायल, पांच अंगूठियां, एक जोड़ी झुमका, एक जोड़ी झाला और पांच सेट बिछिया शामिल हैं। सुबह 5 बजे परिवार को चोरी का पता चला, जिसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके का मुआयना किया, लेकिन 10 दिन बाद भी चोरी की प्रथम सूचना रिपोर्ट ही नहीं दर्ज हुई।

पीड़ित के बेटे अवधेश ने बताया कि वह रोज थाने जाते हैं, लेकिन पुलिस हर बार जांच का हवाला देकर टालमटोल करती है। थाने में कहा जाता है कि जांच जारी है। परिवार पुलिस की सुस्ती से परेशान है और उच्च अधिकारियों से उचित कार्रवाई की मांग किया है।

# बुल्डोजर एक्शन पर रोक लगाने वाले जस्टिस बीआर गवई होंगे अगले चीफ जस्टिस

## 14 मई को संभालेंगे कार्यभार।

स्वतंत्र प्रभात ब्यूरो।

यूपी में बुल्डोजर एक्शन पर रोक लगाने वाले जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई देश अगले चीफ जस्टिस होंगे. वे मौजूदा सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना की जगह लेंगे और 14 मई 2025 को अपना कार्यभार संभालेंगे. जस्टिस गवई का कार्यकाल 23 नवंबर 2025 तक रहेगा. सबसे खास बात, एससी समुदाय से आने वाले वे सुप्रीम कोर्ट के पहले सीजेआई होंगे. जस्टिस गवई को सोशल जस्टिस से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों के लिए जाना जाता है.

जस्टिस बीआर गवई का जन्म 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में हुआ था. उनके पिता आरएस गवई एक प्रसिद्ध राजनेता थे, जो रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (गवई) से सांसद और बाद में राज्यपाल रहे. उनके भाई राजेंद्र गवई भी एक राजनेता हैं. जस्टिस गवई ने अपनी कानून की पढ़ाई नागपुर विश्वविद्यालय से पूरी की और 1985 में वकालत शुरू की. इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट में उन्होंने वकालत से की. 2000 में उन्हें बॉम्बे हाई कोर्ट में स्थायी जज बनाया गया. 2019 में उन्हें सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया.



जस्टिस गवई के कुछ फैसले

बुलडोजर कार्रवाई पर रोक-जस्टिस गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने यूपी में बुल?डोजर एक?शन पर रोक लगाने वाला फैसला सुनाया था. साप कहा था कि किसी भी आरोपी या दोषी की संपत्ति को सिर्फ इस आधार पर बुलडोजर से ध्वस्त करना असंवैधानिक है. कार्यपालिका जज नहीं बन सकती और संपत्ति को ध्वस्त नहीं कर सकती.

स्टैंप एक्ट पर बड़ा फैसला-

जस्टिस गवई उस सात-जजों की बेंच का हिस्सा थे, जिसने सर्वसम्मति से फैसला दिया कि स्टैंप एक्ट के तहत अनस्टैम्प्ड एग्रीमेंट स्वीकार्य नहीं हैं. यानी अगर स्टैंप ड्यूटी नहीं दी गई है तो उस पर किया गया कोई भी समझौता अवैध माना जाएगा.

# प्रयागराज में युवक की हत्या कर कब्रिस्तान में फेंका शव, मचा हड़कंप!

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज।

नैनी कोतवाली अंतर्गत अरैल स्थित करबला कब्रिस्तान में बुधवार भोर में एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर उसके परिजन वहां पहुंचे और गांव के ही एक दबंग परिवार पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी पर पहुंची नैनी पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा।

मिली जानकारी के अनुसार अरैल मुरादपुर निवासी मोसिम खान (28) पुत्र निसार खान पूरा फ़तेह मोहम्मद चौराहे पर होटल चलता था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को किसी बात को लेकर अरैल के ही एक दबंग परिवार से उसकी बातचीत हो गई थी। लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कर दिया था। मंगलवार शाम को वह किसी शादी आयोजन में खाना बनाने के लिए गया था। लेकिन देर रात तक नहीं लौटा। सुबह सूचना मिली कि कब्रिस्तान में किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। लोगों की भीड़ इकट्ठा हो तो उसकी पहचान मोसिम के रूप में हुई।



जानकारी पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे और दबंग परिवार पर हत्या का आरोप लगाते हुए वहां पर हंगामा शुरू कर दिया। नैनी पुलिस ने बताया कि मंगलवार को मृतक का गांव की ही एक युवक से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी है तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार्रवाई

## पुलिस इंस्पेक्टर ने जज को ही बना दिया 'चोर', वारंट पर लिखा नाम, अब हुए सस्पेंड।

### वारंट रिपोर्ट तैयार करते समय एसआई लाल ने गलती से अतिरिक्त सिविल जज (वरिष्ठ डिवीजन) नगमा खान का नाम आरोपी के रूप में दर्ज कर दिया

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक पुलिस अधिकारी ने जज को ही चोरी के मामले में आरोपी बना दिया। इस मामले में पुलिस उपनिरीक्षक (SI) को सस्पेंड कर दिया गया और उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए है। एसआई ने उसने गैर-जमानती वारंट पर रिटर्न दाखिल करते समय गलती से आरोपी के बजाय जज का नाम दर्ज कर दिया था।

इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सौरभ ने कार्रवाई करते हुए थाना उत्तर में तैनात उपनिरीक्षक बनवारी लाल को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। विभागीय जांच के लिए क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार चौरसिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यह घटना पिछले सप्ताह फिरोजाबाद जिले के थाना उत्तर में हुई थी। जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने चोरी के एक मामले में गैर-जमानती वारंट जारी किया था। एसएसपी (सिटी) रविशंकर प्रसाद ने पीटीआई को बताया कि थाना उत्तर क्षेत्र निवासी राजकुमार नामक व्यक्ति के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। वारंट रिपोर्ट तैयार करते समय एसआई लाल ने गलती से अतिरिक्त सिविल जज (वरिष्ठ डिवीजन) नगमा खान का नाम आरोपी के रूप में दर्ज कर दिया जबकि राजकुमार आरोपी था जिसके खिलाफ जज ने शुरू में गैर-जमानती वारंट जारी किया था। अधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि वारंट के एग्जीक्यूशन के दौरान आरोपी मौके पर नहीं पाया गया। वहीं, असली आरोपी राजकुमार उर्फ पप्पू की तलाश करने के बजाय, पुलिस अधिकारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नगमा खान की तलाश में लग गए जिन्होंने कानूनी नोटिस जारी किया था।

मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस प्रमुख ने कहा कि उन्होंने एसआई को पुलिस लाइन भेजने का आदेश दिया है और इस गंभीर गलती का कारण जानने के लिए घटना की जांच के निर्देश दिए हैं।

23 मार्च को सुनवाई के दौरान जब फाइल रिव्यू के लिए पेश की गई तो कोर्ट को इस गलती के बारे में पता चला। बार एंड बेंच के हवाले से मजिस्ट्रेट खान ने कहा, यह बहुत ही अजीब बात है कि संबंधित पुलिस स्टेशन के सेवारत अधिकारी को इस बात की बहुत कम या बिल्कुल भी जानकारी नहीं है कि इस कोर्ट ने क्या भेजा है, इसे किसने और किसके खिलाफ भेजा है।

अदालत ने कहा,ऐसा लगता है कि उन्होंने इसे ठीक से पढ़ा भी नहीं है। उनकी ओर से इस तरह की गंभीर गलती एक पुलिस अधिकारी के रूप में उनके कामकाज के खराब तरीके को दर्शाती है क्योंकि उन्हें उनके कर्तव्यों के बारे में कुछ भी नहीं पता है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, न्यायालय ने पुलिस इंस्पेक्टर की लापरवाही पर गंभीर चिंता व्यक्त की और कहा कि इस तरह की लापरवाही से नागरिकों के मौलिक अधिकारों को नुकसान पहुंच सकता है।

अदालत ने चेतावनी देते हुए कहा, कार्रवाई की प्रक्रिया में शामिल पुलिस अधिकारी को उच्चतम स्तर की सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि इन प्रक्रियाओं के गंभीर परिणाम होते हैं। अगर ऐसे लापरवाह पुलिस अधिकारियों को इस तरह से अंधाधुंध तरीके से प्रक्रिया पूरी करने की छूट दी जाती है तो वे बेकाबू हो जाएंगे और अपनी मर्जी से किसी की भी स्वतंत्रता के बहुमूल्य मौलिक अधिकारों को कुचल देंगे। इसे कर्तव्य की घोर उपेक्षा बताते हुए अदालत ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जांच शुरू करने और इंस्पेक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## किसान भाई नैनो का उपयोग करे समस्या इफको हल करेगी- संजय कुदेशिया।

स्वतंत्र प्रभात।

ब्यूरो प्रयागराज।

इफको फूलपुर इकाई के निकट स्थानीय गांव पूरे जाफरपुर , बाबूगंज में फूलपुर इकाई की टीम ने किसान चौपाल लगाया जिसमें किसानों को धान की फसल पर नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रयोग विधि के बारे में बताया। टीम ने छिड़काव की विधि, इसकी मात्रा तथा इसके लाभ के बारे में बताया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने किसानों से वार्ता की तथा उत्पाद के बारे में उनके मन में बैठीं भ्रान्तियों को दूर किया । उन्होनें कहा कि आप सभी किसान इसका प्रयोग करें और यदि कोई समस्या हो तो हमारी टीम से सम्पर्क करें, हम तुरंत मदद मुहैया करवायेंगे। नैनो उर्वरक के बारे में जागरूकता अति आवश्यक है। चौपाल में किसानों ने नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रति उत्साह दिखाया। इस दौरान कोर्डेट प्रचार्य डॉ हरिशचन्द्र, जनसम्पर्क अधिकारी स्वयम् प्रकाश, प्रबंधक प्रशिक्षण अनुराग तिवारी, इफको इम्पलाइज संघ के महामंत्री विजय कुमार यादव, गोरख सिंह सेंगर ,राजेश सिंह, दिनेश कुमार सिंह ,ग्राम प्रधान प्रतिनिधी भास्कर सिंह पटेल मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी ने विकास खण्ड सदर के पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय मूड़घाट का आकस्मिक निरीक्षण किया



**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने विकास खण्ड सदर के पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय मूड़घाट का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि विद्यालय के सहायक अध्यापक/अध्यापिका उपस्थित है तथा विद्यालय में स्मार्ट कक्ष बना हुआ है। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों से उन्होने अंग्रेजी, गणित व हिन्दी का प्रश्न पूछा एवं संबंधित किताबों को पढ़वाया गया। बच्चों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। एमडीएम में बने भोजन को चखकर देख और गुणवत्ता अच्छी पायी गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सर्वेष्ट मिश्र द्वारा अवगत कराया कि स्मार्ट कक्ष में जन सहयोग से सीसीटीवी कैमरा व स्मार्ट बोर्ड को लगवाया गया है। प्रधानाध्यापक के इस लगन एवं प्रयास की उन्होने सराहना किया। उन्होने यह भी बताया कि विद्यालय परिसर में पुरानी बिल्डिंग को तोड़ी गयी है किन्तु भूमि विद्यालय के नाम न होने के कारण नवीन भवन का निर्माण नहीं हो सका। उन्होने बच्चों के खेल के लिए भूमि की मॉग की। इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि भूमि का स्थानान्तरण यथाशीघ्र करवा दिया जाय। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 10 मई को

**बस्ती।** बस्ती जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 10 मई 2025 को जनपद न्यायाधीश विनय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर, कलेक्टेउ्रट मुख्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों में किया जायेंगा। उक्त जानकारी देते हुए अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार गपअ ने बताया है कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण करायें। उन्होने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 से संबंधित मामलें, बैंक वसूली से संबंधित मामलें, मोटर दुर्घटनाओं से संबंधित प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण से संबंधित वादों, विद्युत एवं जलकर विवाद (चोरी से संबंधित विवादों सहित), सर्विस में वेतन संबंधी विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित विवाद, राजस्व संबंधी वाद, अन्य सिविल वाद किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, आर्बिटेशन हायर पर्चेज एग्रीमेन्ट से उत्पन्न विवाद एवं उक्त के अतिरिक्त ऐसे अन्य प्रकार के जिन वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर हो सकता है, को अधिक से अधिक संख्या में नीयत कर निस्तारित किया जायेंगा।

### दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का उठाये लाभ, करें आवेदन




**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया है कि दिव्यांगजनों हेतु शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना संचालित की गयी है जिसके अन्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में 15 हजार रूपये व युवती के दिव्यांग होने की दशा में 20 हजार रूपये तथा युवक युवती दोनो के दिव्यांग होने की दशा में रूपये 35 हजार धनराशि प्रदान की जाती है। उन्होने बताया है कि दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ लेने हेतु आनलाइन आवेदन वेबसाइट https://divyangjan.upsdc.gov.in पर कर सकते है। उन्होने योजना के पात्रता के सम्बन्ध में बताया है कि शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो, युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति में कोई भी आयकरदाता न हो, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिये, ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होगें जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो। उन्होने बताया है कि इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु आनलाईन आवेदन कर सकते है। आनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, शादी का कार्ड, आय व जाति प्रमाण पत्र, युवक एवं युवती का आयु प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र,संचालित संयुक्त खाता, युवक एवं युवती की आधार कार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र आनलाईन वेबसाइट कर करना अनिवार्य है।

# वित्तीय अनियमितता में जेल जा चुके बाबू पर बीएसए मेहरबान क्यों, 22 वर्षों से एक ही पटल पर तैनात

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक संतोष गुप्ता 22 वर्षों से एक ही पटल पर तैनात हैं। सरकारी शासनादेश के अनुसार, किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को एक कार्यालय या पटल पर लगातार तीन वर्षों से अधिक कार्य नहीं करना चाहिए। इसके बावजूद संतोष गुप्ता का स्थानांतरण नहीं किया गया है।संतोष गुप्ता भ्रष्टाचार के मामले में जेल जा चुके हैं और वित्तीय अनियमितता के कारण निलंबित भी हो चुके हैं। इसके बावजूद उन्हें बीएसए कार्यालय में महत्वपूर्ण विभाग सौंपे गए हैं। इससे यह सवाल उठता है कि आखिर क्यों संतोष गुप्ता को लगातार महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। बीएसए अनूप कुमार तिवारी पर संतोष गुप्ता के प्रति मेहरबान होने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार, संतोष गुप्ता बीएसए कार्यालय में "कमाऊ पूत" के रूप में जाने जाते हैं। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि संतोष गुप्ता के कार्यों में बीएसए की भूमिका संदिग्ध हो सकती है।

इस मामले में भाजपा सरकार की भी किरकिरी हो रही है। संतोष गुप्ता की लंबी तैनाती को लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर क्यों संतोष गुप्ता को लगातार महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जा रही हैं, जबकि वे भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता के मामले में जेल जा चुके हैं और निलंबित हो चुके हैं। हाल ही में बीएसए अनूप कुमार ने 15 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति-पत्र सौंपा था, जिसमें संतोष गुप्ता भी मौजूद थे। इससे यह पता चलता है कि संतोष गुप्ता का बीएसए कार्यालय में अभी भी महत्वपूर्ण रोल है।इस मामले में जांच और कार्रवाई की मांग हो रही है, ताकि यह पता चल सके कि आखिर क्यों संतोष गुप्ता को लगातार महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जा रही हैं और उनके खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

### नगर पंचायत बनकटी केबोर्ड की बैठक में करोड़ों का बजट पास,होगा विकास



**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पंचायत बनकटी में बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष उर्मिला देवी ने किया। इस दौरान नगर पंचायत में होने वाले विभिन्न कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई और तमाम महत्वपूर्ण कामों का प्रस्ताव सदस्यों द्वारा दिया गया, जिसको सर्वसम्मति से पास किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी ऋचा सिंह ने बताया कि आज की बैठक में 6.90 करोड़ का बजट पास किया गया है। जिससे क्षेत्र का तेजी से विकास किया जा सकेबैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद पाल, सभासद बाबूराम चौधरी, नवीन कुमार पाल, श्रीमती विद्या देवी, श्रीमती निर्मला देवी, श्रीमती रिंकू, श्रीमती प्रमिला, ऋषि राज मुनि, लवकुश, श्रीमती शबनम बानो, दिनेश कुमार, श्रीमती सावित्री, कौशल कुमार, श्रीमती मालती देवी, मोहम्मद हफीज, श्याम सुंदर के साथ नगर पंचायत के कर्मचारी गण भी मौजूद रहे।

# जनसेवा केन्द्र से चोरी करने वाले तीन सातिर चोर गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना मुण्डेरवा पुलिस, स्वाट टीम बस्ती व सर्विलांस सेल के संयुक्त प्रयास के द्वारा जन सेवा केन्द्र से ताला तोड़ कर चोरी करने वाले प्रकाश में आये 03 अभियुक्तों को 03 लैपटाप व नगद 6000 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष मुण्डेरवा द्वारिक प्रसाद मय हमराह टीम, प्रभारी स्वाट उप निरिक्षक संतोष कुमार मय हमराह टीम तथा प्रभारी सर्विलांस सेल उप निरिक्षक शशिकान्त के संयुक्त प्रयास के द्वारा जन सेवा केन्द्र से ताला तोड़ कर चोरी करने वाले प्रकाश में आये 03 अभियुक्तों अभिषेक यादव पुत्र राम संवारे यादव निवासी हरखौलिया उर्फ मटियरिया थाना लालगंज जनपद बस्ती उम्र 24 वर्ष, अखिलेश यादव पुत्र गुरुशरण यादव निवासी हरखौलिया उर्फ मटियरिया थाना लालगंज जनपद बस्ती उम्र 22 वर्ष और विपिन यादव पुत्र राजकेश यादव निवासी हरखौलिया उर्फ मटियरिया थाना लालगंज जनपद बस्ती उम्र 21 वर्ष को 03 लैपटाप व नगद 6000 रूपये के साथ मुखबिरी सूचना के आधार पर गोदमवा मोड़ बस्ती से समय करीब 1 बजकर 40 मिनट पर गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

# सोनिया व राहुल गांधी पर ईडी की कार्रवाई सरकार की शह पर शरारतपूर्ण कदम - डॉ. नीरज

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई और आरोप पत्र दाखिल करने को सरकार की शह शरारतपूर्ण कदम बताया है।जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए अम्बेडकर चौराहे पर बाबा साहब डॉ.भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति के समक्ष बैठकर मोदी सरकार व ईडी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घंटों धरना प्रदर्शन किए।इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि यह वही परिवार है जिसने देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने में अपनी पूरी ज़िंदगी समर्पित किया है।त्रिपाठी ने कहा कि हम ऐसे दबावों में झुकने वाले नहीं हैं। हमारा संकल्प अडिग है। हम संविधान, लोकतंत्र और न्याय के पक्ष में हर कीमत पर खड़े रहेंगे। इरफान अली ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस के बढ़ते जनाधार को देखकर मोदी और अमित शाह बौखलाए हुए है द्य

नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को मनमाने ढंग से और अन्यायपूर्ण तरीके से जब्त करना और पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करना कानूनी प्रक्रिया का मामला नहीं है,यह सिर्फ बदले की राजनीति है।कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है।एक-एक कार्यकर्ता जरूरत पड़ने पर हिंदुस्तान की जेलों को भरने के लिए तैयार हैं।इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, निवर्तमान प्रदेश सचिव बृजेन्द्र मिश्रा, कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी,पी.सी.सी सदस्य डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला,कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, उपाध्यक्ष इम्तियाज अहमद, पट्टी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी सुनीता पटेल,उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सरोज कश्यप, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मो.हुजैफ, सुरेश मिश्रा,मो.जावेद, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, एन.एस.यू.आई के जिला अध्यक्ष शुभम मिश्रा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, यश द्विवेदी,सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर अंजली उपाध्याय आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रवर्तन निदेशालय का दुरुपयोग कर कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व को दबाने का प्रयास कर रही भाजपा- शिवलाल

स्वतंत्र प्रभात




**बलरामपुर** देश की मौजूदा भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में अप्रत्यक्ष रूप से आपातकाल लगा चुकी है विपक्ष के नेताओं को एक-एक करके किसी न किसी मामले में ईडी सीबीआई के माध्यम से कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को परेशान किया जा रहा है वर्तमान में केंद्र सरकार जहां एक तरफ देश को हिंदू मुसलमान में बांटने का कुचक्र कर रही है तो वहीं खासकर कांग्रेस पार्टी के शेष नेतृत्व को परेशान कर चुप कराना चाहती है शायद उन्हें नहीं मालूम की कांग्रेस पार्टी नहीं एक विचारधारा है जो हमेशा से इन फिरका परस्ती ताकतों का बिरोध किया है और अंतिम समय तक विरोध करतीं रहेंगी सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवलाल ने कहा कि ईडी द्वारा नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इससे पहले भी कई बार पूछताछ किया जा चुका है पर कुछ नहीं मिला और अब तक एक बार फिर उसी अस्त्र का सहारा लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को दबाने का प्रयास कर रही है जो कभी इसके बंदर घुड़कियो से डरने वाले नहीं हैं इसी क्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मारकंडे मिश्रा ने कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार विपक्ष को कमजोर करने का कुचक्र कर रही है जो कभी कामयाब होने वाली नहीं है इसी तरह पार्टी के वरिष्ठ नेता उमाशंकर तिवारी ने कहा कि अगर हमारे शीर्ष नेताओं को दबाने का प्रयास किया गया तो हम आर पार की लड़ाई लड़ेंगे पार्टी प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी घनश्याम मिश्र ने कहा कि अगर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को दबाने का प्रयास किया गया तो सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ी जाएगी और इस फिरका परस्त सरकार को उखाड़ फेंका जाएगा इसी क्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख राजबहादुर यादव वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामपाल सिंह अधिवक्ता राजेंद्र त्रिवेदी डॉक्टर हामिद खलीलुल्लाह बृजेश चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया

# विधायक बाबागंज ने हर घर जल योजनान्तर्गत निर्मित पाइप पेयजल योजना का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** जल जीवन मिशन 'हर घर जल' योजनान्तर्गत निर्मित पाइप पेयजल योजना 'पटना' का निरीक्षण विधायक बाबागंज विनोद सरोज द्वारा किया गया। विधायक द्वारा जलकल परिसर में निर्मित पम्प हाउस, शिरोपरि जलाशय, सोलर पैनल एवं अन्य कार्यों को देखा गया जो कि समस्त कार्य पूर्ण कर लिये गये है। पाइप पेयजल योजना से पटना ग्राम पंचायत के सभी 08 मजरों में सप्लाई किया जा रहा है।

योजना अंतर्गत नलकूप 1 नग, पम्प हाउस 1 नग, शिरोपरि जलाशय 150 किली/12 मी सोलर पैनल 14 किलोवॉट, जनरेटर 15 केवीए, पाइप लाइन 17.91 किमी0, हाउस कनेक्शन 384 नग कराया गया है। उनके द्वारा जलकल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। विधायक द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्रामवासियों को शेष गृह संयोजन का कार्य पूर्ण व लीकेज मरम्मत कराते हुए पेयजल सप्लाई रेगुलर एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित कराये एवं कोई समस्या होने पर उसका तत्काल निस्तारण कराये। निरीक्षण के समय अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) तौसीफ अहमद, जूनियर इंजीनियर मो0 असद, कार्यरत फर्म के असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर मयूर देरासरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ



**बस्ती।** बस्ती जिले के सिविल लाइन क्षेत्र के प्रहलाद कॉलोनी में बुधवार को कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा शुभारंभ हो गया। यह कलश यात्रा प्रहलाद कॉलोनी से प्रारंभ होकर अमहट स्थित शिव मंदिर, कुआनो नदी तट पर समाप्त हुई। इस कलश यात्रा में जहां महिलाएं कलश लेकर चल रही थी। वहीं कथा वाचक पंडित देवस्य मिश्र ने बताया बड़े सौभाग्य की बात है कि यहां पर संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य और दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है। इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल बुधवार को गणेश पूजन और कलश यात्रा से कथा शुरू हुई है, गुरुवार को सुकदेव अवतरण कथा, महाभारत प्रसंग, शुक्रवार श्रृष्टि वर्णन, प्रहलाद चरित्र, शनिवार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, शनिवार को भगवान कृष्ण की बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजन, सोमवार महारास लीला वर्णन, रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र एवं भागवत पूजन एवं मंगलवार सुबह 7 बजे से हवन पूजन एवं दोपहर बाद से भंडारे का आयोजन होगा। कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाएं अपने सर पर कलश रखकर शामिल हुई। कलश यात्रा में मुख्य यजमान श्याम नारायण पाल, उनकी पत्नी लालमति पाल, पुत्र सौरभ पाल, राजकुमार पाल, सुनीता पाल, धर्मेंद्र पाल, स्वाति पाल सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# चोरी करने वाले 05 शातिर अभियुक्तों से चोरी के 05 बण्डल किये बरामद

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ जारी कड़ा एक्शन के निर्देश के क्रम में आरोपीगणों द्वारा थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत निवासी सरसतपुर सराय वादी के थैले व थैले में रखे रुपयों को लेकर भाग जाने के प्रकरण में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पट्टी में मुकदमा दर्ज किया गया। थाना पट्टी प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित के नेतृत्व में उप निरीक्षक राजेश कुमार शुक्ला मय हमराह द्वारा थाना पट्टी से संबंधित मु0अ0सं0 50/25 धारा 303 (2) बीएनएस में वांछित 05 अभियुक्तों राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व0 महबूब निवासी मुडाडीहा थाना धानेपुर जनपद गोंडा,रामबचन पुत्र स्व0 भगौती निवासी ग्राम बलटू का पुरवा वनगाई थाना धानेपुर जनपद गोंडा, हरिश्चन्द्र पुत्र स्व0 निबरे निवासी बल्दू का पुरवा वनवाई थाना धानेपुर जनपद गोंडा,सोहन लाल पुत्र स्व0 रामरंग निवासी छेदा का पुरवा मूडाडीहा थाना धानेपुर जनपद गोंडा, बजारी पुत्र स्व0 भवानी निवासी सोहना पुरे पवार थाना बजीरगंज जनपद गोंडा को पुलिस रिमाण्ड के दौरान मुकदमा के अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी के 05 बण्डल व कुल12500 रुपये बरामद किया गया।उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

### कांग्रेसियों का ई डी के विरोध में प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा पत्रक

**देवरिया।** ई.डी.द्वारा कांग्रेस नेताओं को परेशान किए जाने के विरोध में टाउन हॉल कांग्रेस कार्यालय से कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' की अगुवाई में जोरदार प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टरी कचहरी जाकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित मांगों का ज्ञापन सौपा। इस दौरान पार्टी कार्यालय पर कांग्रेसी एकत्र हुए और एक जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए उपजिलाधिकारी सीमा पाण्डेय को ज्ञापन सौप कर अपना विरोध जताया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, राधवेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, धर्मेंद्र पांडे, संजीव कुमार मिश्रा, शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद, ऋषि केश मिश्रा, आंनद श्रीवास्तव, नौशाद खान, सुभाष राय, नागेंद्र शुक्ला,जयप्रकाश पाल, अरविन्द शाही, रत्नेश मल्ल, जवाहरलाल बरनवाल, रीता देवी,भरत मणि त्रिपाठी,शिव शंकर सिंह, चंदू वर्मा, मनोज मणि आदि कांग्रेस जनों ने विरोध प्रदर्शन किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत श्रीपालपुर विकासखंड बस्ती सदर

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना 2025/2026**

ग्राम पंचायत श्रीपालपुर विकासखंड बस्ती सदर जनपद बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अर्न्तगत वर्ष 2025/2026 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 17/04/2025 से दिनाँक 24/04/2025 को 2:00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान श्रीपालपुर ग्राम पंचायत सचिवकी उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2:00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्ते**

1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी. आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी
, मूल रूप में जो ग्राम श्रीपालपुर के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति न होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम श्रीपालपुर के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**शीला**
**ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत**
**श्रीपालपुर विकासखण्ड बस्ती सदर**
**जनपद बस्ती**

**अखिलेश कुमार शुक्ला**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत श्रीपालपुर विकास खंड बस्ती सदर जनपद बस्ती**

## कार्यालय ग्राम पंचायत डिलिया विकासखंड बस्ती सदर

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना 2025/2026**

ग्राम पंचायत डिलिया विकासखंड बस्ती सदर जनपद बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अर्न्तगत वर्ष 2025/2026 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 17/04/2025 से दिनाँक 24/04/2025 को 2:00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान डिलिया ग्राम पंचायत सचिवकी उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2:00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्ते**

1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी. आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी
, मूल रूप में जो ग्राम डिलिया के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम डिलिया के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**दयाराम**
**ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत**
**डिलिया विकासखण्ड बस्तीसदर**
**जनपद बस्ती**

**अवधेश कुमार**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत डिलिया विकास खंड**
**बस्ती सदर जनपद बस्ती**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुर्दा विकासखंड गौर बस्ती

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना 2025/2026**

ग्राम पंचायत कुर्दा विकासखंड गौर बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अर्न्तगत वर्ष 2025/2026 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 17/04/2025 से दिनाँक 24/04/2025 को 2:00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान कुर्दा ग्राम पंचायत सचिवकी उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2:00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्ते**

1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी. आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी
, मूल रूप में जो ग्राम कुर्दा के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम कुर्दा के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**विमला देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत कुर्दा विकासखण्ड**
**गौर जनपद बस्ती**

**श्री प्रकाश**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत कुर्दा विकास खंड गौर बस्ती**

## संक्षिप्त खबरें

### सोनभद्र पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गैंगेस्टर एक्ट के 4 इनामी बदमाश झारखंड से गिरफ्तार

**सोनभद्र/**उत्तर प्रदेश।पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के सख्त निर्देशन में जनपद में वांछित और पुरस्कार घोषित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में कोन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में थाना कोन पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के एक मामले में वांछित चार इनामी बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।थाना कोन में दर्ज मु0अ0सं0-72/25, धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट के तहत वांछित चल रहे इन चारों अभियुक्तों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित था। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त फरार चल रहे चारों अभियुक्तों को धर दबोचा।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान बृजेश पासवान पुत्र गोविन्द पासवान, डब्बू यादव उर्फ डबलू यादव पुत्र शिवनन्दन यादव, नारायण यादव पुत्र भरत यादव और लल्लन प्रसाद यादव (स्वर्गीय सुखाड़ी प्रसाद यादव) के रूप में हुई है। ये सभी पिपरा थाना खरौंधी जनपद गढ़वा, झारखंड के निवासी हैं। पुलिस टीम ने इन चारों को अमिला धाम चकरिया से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक थाना कोन, उप निरीक्षक हवलदार पाल चौकी प्रभारी चॉचीकला थाना कोन, हेड कांस्टेबल विनोद सिंह यादव, हेड कांस्टेबल पंकज राय, हेड कांस्टेबल संजय यादव और कांस्टेबल देवेन्द्र पाल चौकी चॉचीकला थाना कोन शामिल थे। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने इस सफलता पर पुलिस टीम को बधाई दी और कहा कि जनपद में अपराध नियंत्रण और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराध करने वाले तत्वों में भय का माहौल है।

### ओबरा पुलिस द्वारा फरार चल रहे 03 नफर अभियुक्तो को किया गिरफ्तार , भेजा न्यायालय

**ओबरा/सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व फरार चल रहे व पुरस्कार घोषित अपराधियों तथा वांछित वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के कुशल निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक ओबरा के कुशल नेतृत्व में बुधवार को काफी समय से फरार चल रहे वारण्टी/अभियुक्तगण मु0नं0 14523/2025 धारा 60अबकारी अधि0 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त राहुल स्वीपर पुत्र नरायन निवासी सेक्टर नं0 10 शाक्तिनगर कालोनी ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष, मु0नं0 4401/22 धारा 60अबकारी अधि0 व मु0नं0 4876/20 धारा 60 अबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त गुड्डू स्वीपर पुत्र स्व0 सिंगार चन्द्र निवासी शान्तिनगर ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष, मु0नं0 3916/24 धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त इरशाद अली उर्फ मुन्नु पुत्र स्व0 अब्दुल शकूर अली निवासी एलआईसी आफिस के पीछे कैरियर कानवेन्ट एजुकेशनल स्कूल के पास मिल्लतनगर ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र । उपरोक्त तीनो वारण्टी/अभियुक्तो के विरुद्ध मा0 न्यायालय से एनबीडब्लू के तहत गिरफ्तारी का आदेश जारी हुआ था । उक्त आदेश के क्रम में थाना ओबरा पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 रामलोचन , उ0नि0 राजेश दुबे, हे0का0 विजय यादव , हे0का0 संतोष पटेल शामिल रहे।

### मारपीट में महिलाओं समेत चार घायल

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्र के गांव गुदमई में मंगलवार की रात किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से जमकर मारपीट गई। जिससे दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। गांव गुदमई मिश्रीपुर निवासी अजय कुमार ने बताया है कि मंगलवार की देर शाम वह अपने परिवारों के साथ खेत में काम कर रहे थे। तभी पड़ोसी युवक खेत में काम कर रहीं महिलाओं की ओर खड़ा होकर पेशाब करने लगा। जिसका विरोध करने पर आरोपी युवक अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर घर में घुस आए। तथा लाठी डंडों से हमला कर दिया। अरविंद व उसकी गर्भवती पत्नी संगीता, चंद्रवीर व पूनम के काफी चोटें आई हैं। घटना के संबंध में थाना पुलिस का कहना है कि दोनों पक्ष से मारपीट की तहरीर आई हैं। मामले में जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# सीतापुर आंगनबाड़ी भर्ती घोटाला- जब पीड़िता ही बन गई निशाना, प्रशासन मौन!

स्वतंत्र प्रभात




**सीतापुर।** जनपद में आंगनबाड़ी भर्ती घोटाले का मामला दिनोंदिन गंभीर होता जा रहा है। एक ओर जहां इस मामले में करोड़ों रुपये के लेन-देन के आरोप सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पीड़ितों को न्याय की जगह धमकियां, बदनामी और अनदेखी का सामना करना पड़ रहा है। सिधौली की सामाजिक कार्यकर्ता और आवेदिका शीला रावत की आपबीती इस पूरे भ्रष्टाचार की बानगी है, जो सिस्टम की संवेदनहीनता और मिलीभगत को उजागर करती है। शीला रावत ने बताया कि सिधौली सीडीपीओ कार्यालय में तैनात बाबू पूनम द्विवेदी ने उनसे ?3 लाख की मांग की थी। यह बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है और उन्होंने इसे मीडिया व संबंधित अधिकारियों को भी प्रेषित किया है। उन्होंने ढ्ढत्रक्रस् पोर्टल के माध्यम से जिलाधिकारी को लिखित शिकायत दी, परंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। यही नहीं, जांच के लिए जब खैराबाद की सीडीपीओ को नियुक्त किया गया, तो उन्होंने रिकॉर्डिंग को नकारते हुए यह कह दिया कि उसमें "पैसे की बात स्पष्ट नहीं है"। शीला का कहना है कि –"हमने स्पष्ट कहा कि फोन पर कोई सीधे पैसे की बात नहीं करता, पर अंदाज़, इशारे और संवाद सब कुछ कह जाते हैं।÷ पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि सीडीपीओ और उनके साथ जुड़े कुछ लोग उन्हें तरह-तरह से डराने और मैनेज करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें बदनाम करने की योजना रची गई और उनके विरुद्ध झूठी कहानियां फैलाने की भी साजिश की गई। सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि जब संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया में सीडीपीओ कार्यालय की भूमिका पर ही सवाल उठ रहे हैं, तो जांच उन्हीं के विभाग के अधिकारियों से कराना कैसे निष्पक्ष हो सकता है? यह सीधा-सीधा हितों का टकराव है। शीला रावत कहती हैं –"अगर दोषी ही जांचकर्ता बन जाएं, तो पीड़ित को कब, कहां और कैसे न्याय मिलेगा?" उनकी मांग है कि यह मामला स्वतंत्र जांच एजेंसी (SIT, CBCID या लोकायुक्त) को सौंपा जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। शीला ने बताया कि जिले के उच्च अधिकारी इस गंभीर घोटाले पर पूरी तरह से मौन हैं। कोई भी अधिकारी उन्हें सुनने को तैयार नहीं है। न तो दोषियों पर कोई कार्रवाई हुई, न ही पीड़िता को संरक्षण मिला।

न्याय की उम्मीद में अब शीला रावत ने निर्णायक कदम उठाने का मन बना लिया है। उन्होंने बताया कि –"कल मैं विकास भवन में आमरण अनशन कर रहे सत्याग्रहियों का साथ दूंगी और इस भ्रष्ट व्यवस्था के विरुद्ध अपनी आवाज़ बुलंद करूंगी।" सीतापुर का आंगनबाड़ी भर्ती घोटाला यह बताने के लिए काफी है कि जब सिस्टम में बैठे लोग ही भ्रष्टाचार में शामिल हों, तो पीड़ित को न्याय के लिए किस हद तक संघर्ष करना पड़ता है। शीला रावत की लड़ाई न केवल उनके हक की है, बल्कि हर उस महिला की आवाज़ है जो प्रशासनिक भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती है। यदि शासन-प्रशासन अब भी नहीं चेता, तो यह मामला एक और सामाजिक विद्रोह का बीज बन सकता है।

## डिबुलगंज अस्पताल में मंत्री जी का 'दानोत्सव'- सवालों के घेरे में सरकारी तंत्र

**अनपरा, सोनभद्र।** ओबरा विधानसभा क्षेत्र के डिबुलगंज स्थित संयुक्त चिकित्सालय में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड द्वारा आयोजित एक उद्घाटन समारोह ने क्षेत्र में तहलका मचा दिया है। दरअसल, मंत्री जी ने यहां दो कूलर और दो कुर्सियों का उद्घाटन किया, जो एक स्थानीय राख ट्रांसपोर्टर द्वारा दान किए गए थे। इस घटना ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और राजनीतिक प्रचार के नए तरीकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जिस विधानसभा क्षेत्र के सरकारी अस्पताल में मरीजों के बैठने के लिए कुर्सियां तक उपलब्ध न हों और गर्मी से राहत के लिए कूलर भी निजी दान पर निर्भर हों, वहां की स्वास्थ्य व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों ने सवाल उठाया कि क्या सरकारी तंत्र इतना भी सक्षम नहीं है कि वह अपने अस्पतालों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा सके।इस घटना ने एक और विवाद को जन्म दिया है। दान करने वाले राख ट्रांसपोर्टर पर नदी-नालों को पाटकर प्रदूषण फैलाने के गंभीर आरोप हैं। ऐसे में, लोगों का मानना है कि मंत्री जी द्वारा उनके दान का उद्घाटन करना न केवल अनैतिक है, बल्कि सरकारी तंत्र की विश्वसनीयता पर भी सवालिया निशान लगाता है। लोगों को यह समझ नहीं आ रहा है कि क्या यह %दान% सरकारी तंत्र का सहयोग है या फिर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का एक प्रयास,अस्पताल के कर्मचारियों ने बताया कि महीनों से इन्वर्टर बैटरी में पानी न होने के कारण बंद पड़ा था, और इस पानी को डालने का खर्च भी उसी राख ट्रांसपोर्टर ने उठाया। इससे अस्पताल की वित्तीय स्थिति और प्रबंधन पर भी सवाल खड़े होते हैं।उद्घाटन समारोह को जिस भव्यता से आयोजित किया गया, उससे लोगों को लगा कि अस्पताल के कायाकल्प के लिए कोई बड़ी योजना शुरू होने वाली है। लेकिन जब उन्हें पता चला कि मंत्री जी केवल कूलर और कुर्सियों का उद्घाटन करने आए हैं, तो वे निराश हो गए और तरह-तरह की चर्चाएं करने लगे। लोगों का मानना है कि यह एक राजनीतिक स्टंट था, जिसका मकसद मंत्री जी की लोकप्रियता बढ़ाना था।इस घटना ने सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं की कमी और निजी व्यक्तियों के हस्तक्षेप को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। लोग अब सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह सरकारी तंत्र की विफलता है या फिर जनता को राहत पहुंचाने का प्रयास? यह घटना सरकारी तंत्र और राजनीतिक प्रचार के बीच की धुंधली रेखा को भी उजागर करती है।

## अपराधियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा - द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** रहीमाबाद थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में आनंद द्विवेदी ने अपना पदभार ग्रहण किया।उन्होंने कार्यभार संभालते ही क्षेत्र की जनता की सुरक्षा को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। आनंद द्विवेदी ने कहा कि उनकी मुख्य जिम्मेदारी क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना और अपराध पर अंकुश लगाना होगी।प्रभारी द्विवेदी ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस हमेशा जनता के साथ है और उनकी सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगी।उन्होंने अपराधियों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि कानून का सख्ती से पालन कराया जाएगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। नियमित रूप से क्षेत्र में गश्त करने और स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर देते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच अच्छे संबंध स्थापित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक है।इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल बनाए रखने में मदद मिलेगी। थाना प्रभारी आनंद द्विवेदी ने कहा कि उनकी पूरी टीम पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करेगी, ताकि क्षेत्र के लोग सुरक्षित महसूस करें और कानून व्यवस्था कायम रहे।

## नेशनल हेराल्ड केस में गांधी परिवार को कानून का सामना करना होगा ~ केशव प्रसाद मौर्य

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की ओर से दायर की गई चार्जशीट पर टिप्पणी की। इसके अलावा, उन्होंने पश्चिम बंगाल में हुई हिंसक घटनाओं पर भी राय व्यक्त की। केशव प्रसाद मौर्य ने बंगाल में हुई हिंसा के लिए सीधे तौर पर प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया।

केशव प्रसाद मौर्य ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चार्जशीट दाखिल की है। अगर कांग्रेस देश के कानून का सम्मान करती है, तो भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना करने और कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए। कानून अपना काम करेगा और जो भ्रष्टाचारी है, वह नहीं बचेगा। ईडी ने चार्जशीट में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं और वे इस मामले में जमानत पर हैं। अगर कांग्रेस बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान और देश के कानून का सम्मान करती है, तो उसे भ्रष्टाचार के आरोपों की सजा भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि ईडी की कार्रवाई के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करना कांग्रेस की घटिया और निम्न मानसिकता को दर्शाता है। देश के 140 करोड़ लोगों के लिए संविधान और कानून एक समान है। लेकिन कांग्रेस यह सोचती है कि गांधी परिवार के सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कानून काम न करे, जो संभव नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए, चाहे बड़ा व्यक्ति हो या छोटा, जिसने देश को लूटा, गरीबों और किसानों को लूटा, या विकास कार्यों में भ्रष्टाचार किया, उसकी जांच होगी और दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई होगी।

मौर्य ने आगे कहा कि साल 2012 में कांग्रेस की सरकार थी, तब नेशनल हेराल्ड मामले की जांच शुरू हुई। जांच पूरी होने में समय लगा, लेकिन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में यह प्रक्रिया पूरी हुई। जब आरोप सही पाए गए, तो सोनिया गांधी और राहुल गांधी को जमानत लेनी पड़ी। सारे सबूत उपलब्ध हैं और चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इसका विरोध करने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस इस मामले में घटिया आचरण और राजनीति कर रही है, जिसकी हम निंदा करते हैं।



पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा पर डिप्टी सीएम ने कहा कि पश्चिम बंगाल में वक्फ संशोधन कानून के बाद जो हिंसा हो रही है, इसके लिए मैं ममता बनर्जी की सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार मानता हूं। लेकिन सिर्फ ममता सरकार ही नहीं, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और वे सभी दल जो वक्फ संशोधन बिल के विरोध में मतदान किए हैं, वे भी इसके दोषी हैं। वहां हिंदुओं और गरीबों पर हमले हो रहे हैं, दुकानें और मकान जलाए जा रहे हैं, हत्याएं हो रही हैं। फिर भी ये दल चुप हैं। इस तरह चुप रहने वालों को समझ लेना चाहिए कि आने वाला समय और इतिहास सब कुछ उजागर करेगा। आज जो हो रहा है, उसके लिए उन्हें कल जवाब देना पड़ेगा।

उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल से टीएमसी जा रही है और वहां भाजपा की सरकार आ रही है। लेकिन वर्तमान में वहां के हालात बहुत खराब हैं। ममता बनर्जी की सरकार सभी मोर्चों पर विफल हो चुकी है। वहां का हिंदू समुदाय असुरक्षित महसूस कर रहा है।

## उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पुनर्गठन की आवश्यकता- सीएम योगीउत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पुनर्गठन की आवश्यकता- सीएम योगी

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पुनर्गठन की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा कि 1995 में गठन के बाद से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गतिविधियों, क्षेत्र और कार्य की प्रकृति में व्यापक परिवर्तन आ चुका है। बदलते समय की आवश्यकताओं के दृष्टिगत इनमें बदलाव किया जाना चाहिए।

बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 75 जिलों में 28 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। इन्हें 18 मंडलों पर पुनर्गठित किया जाए, साथ ही, प्रत्येक जनपद में एक-एक कार्यालय स्थापित किया जाए। जिन मंडलों में औद्योगिक गतिविधियां अधिक हैं, वहां एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालय बनाए जा सकते हैं।


मुख्यमंत्री ने कहा कि नए दौर की पर्यावरणीय चुनौतियों के समुचित समाधान के लिए बोर्ड में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, तरल अपशिष्ट प्रबंधन, खतरनाक कचरा, ई-वेस्ट, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन सेल का गठन किया जाए। इसी प्रकार, लोक शिकायत निवारण के लिए अनुसंधान एवं विकास संबंधी अध्ययन हेतु, पर्यावरणीय जन-जागरूकता और प्रकाशन हेतु आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग हेतु विशेष यूनिट का गठन भी किया जाना चाहिए। इससे बोर्ड की प्रभावशीलता पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

बैठक में सीएम योगी ने उद्योगों से संबंधित अनापत्ति आवेदन (सीटीओ/सीटीई) निस्तारण के समय को और कम करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि लाल, नारंगी तथा हरी श्रेणी के लिए अनापत्ति आवेदन का निस्तारण 120 दिनों में किया जा रहा है। इसे क्रमशः अभी 40, 25 और 10 दिनों में किया जाना चाहिए। इस संबंध में आवश्यक तंत्र विकसित करें।

उन्होंने कहा कि रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जाए। बेहतर होगा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) आदि प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों के दक्ष युवाओं को अच्छे पैकेज पर नियुक्ति दी जाए। इस संबंध में नियमानुसार बोर्ड स्तर पर निर्णय लिया जाना चाहिए। अनापत्ति एवं सहमति शुल्क में वर्ष 2008 के बाद कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। इस संबंध में बोर्ड को गहन विचार-विमर्श कर आवश्यक परिवर्तन करना चाहिए।

## नोएडा के डूब क्षेत्र में बने अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर, 150 करोड़ की जमीन मुक्त

स्वतंत्र प्रभात



**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने हिंडन और यमुना नदियों के डूब क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों और फार्म हाउसों के निर्माण को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। डूब क्षेत्र में हो रहे अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत बुधवार सुबह 10 बजे ग्राम हेबतपुर में बड़ी संख्या में अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। यह संयुक्त अभियान नोएडा प्राधिकरण, सिंचाई विभाग, राजस्व विभाग (तहसील दादरी) और पुलिस बल की उपस्थिति में चलाया गया। कार्रवाई के दौरान लगभग 120 बीघा डूब क्षेत्र की भूमि को अवैध निर्माणों से मुक्त कराया गया। इस जमीन की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 150 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

ध्वस्तीकरण अभियान में नोएडा प्राधिकरण के लगभग 250 कर्मचारी, 3 जेसीबी मशीनें और 5 डंपर तैनात किए गए। इस कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में तेजी से फैल रही अवैध कॉलोनियों और भू-माफियाओं पर सख्त नियंत्रण स्थापित करना है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा ने आमजन को चेतावनी दी है कि वे डूब क्षेत्र या अधिसूचित क्षेत्र में हो रही अवैध प्लॉटिंग और निर्माण गतिविधियों से दूर रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने भू-माफियाओं और अवैध कॉलोनी बनाने में संलिप्त अपराधियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के निर्माणों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। अनधिकृत निर्माणों को न केवल ध्वस्त किया जाएगा, बल्कि इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे भी दर्ज किए जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण की इस सख्त कार्रवाई ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि डूब क्षेत्र में अब अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई होती रहेगी और कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# बूंद-बूंद पानी को तरसे लोग, बिजली संकट ने भी बढ़ाई परेशानी

**● नगर क्षेत्र में शामिल होने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं से वंचित है शास्त्री नगर का यह मोहल्ला**

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।**"शहर में रहकर भी गाँव जैसी हालत" – यह कहावत शास्त्री नगर के शोभा सिंह का पुरवा मोहल्ले पर पूरी तरह फिट बैठती है। नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी के अधीन आने के बावजूद यह क्षेत्र आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। यहां के लोग बीते पंद्रह दिनों से नलों में पानी की एक बूंद तक नहीं देख पाए हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक पानी के लिए दिनभर परेशान रहते हैं, और किसी तरह दूर-दराज से पानी लाकर गुजारा कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, मोहल्ले में पिछले 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। पाइपलाइन में पानी नहीं आ रहा, जिससे पूरे मोहल्ले में हाहाकार मचा है। महिलाएं और बच्चे सुबह से ही बाल्टियां और डिब्बे लेकर पानी की तलाश में निकल पड़ते हैं। स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि लोग आसपास के मोहल्लों से पानी लाने को मजबूर हैं।

इस गंभीर समस्या को देखते हुए वार्ड 21 के सभासद शंकर प्रसाद यादव ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता डी. के. सत्संगी को अवगत कराया। उनकी पहल पर जल संस्थान के जेई को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने जाकर पेयजल संकट की पुष्टि की। हालांकि निरीक्षण हो चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

पानी की समस्या के साथ-साथ बिजली व्यवस्था भी इस मोहल्ले की एक और बड़ी परेशानी है। क्षेत्र की कई गलियों में आज तक बिजली के खंभे नहीं लगाए गए हैं। मजबूरी में लोग बांस-बल्ली के सहारे केबल बिछाकर बिजली की सप्लाई ले रहे हैं, जो कि बेहद खतरनाक है। हादसे की आशंका हर समय बनी रहती है।

शोभा सिंह का पुरवा भले ही नगर क्षेत्र में शामिल है, लेकिन इसकी हालत किसी ग्रामीण क्षेत्र से कम नहीं है। यहां आज भी सड़कों की हालत खस्ताहाल है, नाली सफाई नहीं होती, और न ही नियमित कूड़ा उठान होता है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि विद्युत विभाग और जल संस्थान की लगातार अनदेखी ने उनके जीवन को नारकीय बना दिया है। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस इलाके में शीघ्र अति शीघ्र पेयजल और बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो लोग प्रदर्शन और धरना देने को मजबूर होंगे।

## नियमों का उल्लंघन करने पर ओबरा क्षेत्र में 4 क्रेशर सीज, मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात

**ओबरा/डाला।** शासन और क्रेशर यूनियन की लगातार अपीलों के बावजूद नियमों का उल्लंघन करने वाले क्रेशर संचालकों के खिलाफ आखिरकार कार्रवाई हुई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित संयुक्त निरीक्षण टीम ने ओबरा, डाला-बिल्ली मारकुंडी और डाला बारी क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रदूषण नियंत्रण के पर्याप्त उपाय न पाए जाने पर टीम ने मौके पर ही 4 क्रेशर प्लांट को सीज कर दिया, जिससे क्षेत्र के क्रेशर संचालकों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण टीम ने बिल्ली मारकुंडी क्षेत्र में 2 और डाला क्षेत्र में 2 क्रेशर इकाइयों को सीज किया। इसके अतिरिक्त, टीम ने नियमों का पालन न करने वाले 2 अन्य क्रेशर संचालकों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है, जिसमें उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है कि क्यों न उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

इस कार्रवाई के दौरान मौके पर खनन निरीक्षक मनोज, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (क्क्रष्टक्च) के वैज्ञानिक सुशील कुमार और बिल्ली मारकुंडी के लेखपाल अमित सिंह मौजूद रहे। संयुक्त टीम ने क्रेशर प्लांटों पर वायु और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लगाए गए उपकरणों और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। अपर्याप्त व्यवस्थाएं पाए जाने पर टीम ने तत्काल सीलिंग की कार्रवाई को अंजाम दिया।जिला प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य क्रेशर संचालकों में भी दहशत का माहौल है। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई उन सभी क्रेशर इकाइयों के लिए एक कड़ा संदेश है जो नियमों को ताक पर रखकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं।गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से ओबरा और आसपास के क्षेत्रों में क्रेशर प्लांटों द्वारा किए जा रहे प्रदूषण को लेकर स्थानीय लोगों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार शिकायतें दर्ज कराई जा रही थीं। इसके बाद जिलाधिकारी ने एक संयुक्त टीम का गठन कर निरीक्षण के आदेश दिए थे।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्यावरण संरक्षण और नियमों का पालन सर्वोपरि है और भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी क्रेशर संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या से जूझ रहे लोगों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि प्रशासन आगे भी इस तरह की सख्ती बनाए रखेगा।

## भिखारी बाबा आश्रम परिसर में विराट रुद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने की यज्ञ मंडप की परिक्रमा

**● शिव शक्ति महिला मंडल एवं भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट ने किया आयोजन**

**रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चल रहा कार्यक्रम**

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** – रामगढ़ कसारी स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में चल रहे विराट रुद्र महायज्ञ में बुधवार को दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे से समूचा यज्ञ स्थल गुंजायमान रहा। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारे में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक/ संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि भिखारी बाबा आश्रम परिसर में नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विराट रूद्र महायज्ञ के दुसरे दिन बुधवार को श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे से समूचा यज्ञ स्थल गुंजायमान हो गया।यज्ञाचार्य राजेश तिवारी, आचार्य योगेश तिवारी, आचार्य गिरीश पाठक के जरिए विराट रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। नागालैंड से आए संत शिरोमणि कथा व्यास पंडित राजेश तिवारी के जरिए सुनाई गई कथा का भी श्रद्धालुओं ने श्रवण किया। विराट रुद्र महायज्ञ के यजमान परमानंद मौर्या व उनकी धर्मपत्नी भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्या के साथ ही राजकुमार गुप्ता, रीता देवी, करुणा सिंह,सीता अग्रवाल, सत्या मौर्या, कलावती चौबे,कृष्णावती, विमला देवी आदि मौजूद रही।

# नेटवर्क मार्केटिंग सुनहरे सपनों की छाया में पनपता सामाजिक व्यामोह

समाज की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जब उम्मीदें खत्म होने लगती हैं, तब झूठे सपनों के व्यापारी सबसे अधिक फलते-फूलते हैं। जब कोई व्यवस्था बेरोजगारी से त्रस्त होती है, जब शिक्षा व्यवस्था नौकरियों की गारंटी नहीं देती, जब व्यक्ति अपने जीवन की दिशा से भ्रमित होता है, तब नेटवर्क मार्केटिंग जैसी अवधारणाएँ जन्म लेती हैं – और फलती-फूलती हैं। ये अवधारणाएँ आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन के नाम पर एक ऐसी दुनिया का निर्माण करती हैं, जो देखने में जितनी आकर्षक है, भीतर से उतनी ही खोखली। नेटवर्क मार्केटिंग, एक प्रणाली जो दिखती है तो बिज़नेस मॉडल की तरह, लेकिन उसके भीतर छिपा है एक भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक खेल। एक ऐसा खेल जिसमें कुछ लोग तो अमीर बनते हैं, लेकिन बहुसंख्यक केवल ख्वाबों का मलबा समेटते रह जाते हैं। इस प्रणाली की सबसे बड़ी शक्ति उसका भाषण है वह भाषा जो युवा आत्मा को छूती है, जिसमें प्रेरणा का उबाल होता है, जिसमें वक्ताओं की आंखों में चमक होती है और शब्दों में विश्वास। तुम भी कर सकते हो, बस दो साल की मेहनत, फिर जीवनभर की छुट्टी, नौकरी मांगो मत, नौकरी दो? जैसे वाक्य इतने दोहराए जाते हैं कि वे सच लगने लगते हैं। परंतु क्या वाकई यह सच होता है? इस सवाल का उत्तर हज़ारों ज़िंदगियाँ देती हैं जो नेटवर्क मार्केटिंग से जुड़ती हैं, सपनों को जीती हैं, और फिर चुपचाप टूटकर वापस अपनी पुरानी ज़िंदगी में लौट जाती हैं कुछ कर्ज़ लेकर, कुछ रिश्ते तोड़कर, और कुछ अपनी आत्मा में ठहर गई ग्लानि के साथ। नेटवर्क मार्केटिंग का सबसे पहला धोखा यही होता है कि यह व्यक्ति को बताता है कि यह व्यापार है, जबकि वास्तव में यह एक रिक्रूटमेंट चेन होती है एक श्रृंखला जिसमें असली उत्पाद उत्पाद नहीं, बल्कि नए सदस्य होते हैं। ऊपर बैठे लोग लीडर बन जाते हैं, जो सफलता की कहानियाँ मंच पर सुनाते हैं, लेकिन ये कहानियाँ गिनी-चुनी होती हैं हजारों उन चेहरों के पीछे छुपी, जो कभी मंच तक पहुँचे ही नहीं। व्यक्ति जब इस सिस्टम से जुड़ता है, तो सबसे पहले उसे सिखाया जाता है कि बिज़नेस अपने जानने वालों से शुरू होता है। यही वह क्षण होता है जब नेटवर्क मार्केटिंग केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं रहती, बल्कि यह सामाजिक संबंधों का सौदा बन जाती है। रिश्ते, जो वर्षों से भावनाओं की नींव पर टिके थे, अचानक संभावित 'बिजनेस पार्टनर' बन जाते हैं। दोस्ती अब बिक्री का अवसर बन जाती है, और भाईचारा एक संभावित डाउनलाइन। यह संक्रमण केवल सामाजिक नहीं, मानसिक भी होता है क्योंकि व्यक्ति हर संवाद को अब आर्थिक संभावना के चश्मे से देखने लगता है। समस्या तब और गहरी हो जाती है जब व्यक्ति पूरी निष्ठा से मेहनत करता है, लोगों को जोड़ता है, उत्पाद बेचता है, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल होता है, लेकिन फिर भी उसकी आय नहीं बढ़ती। तब उसे यह कहकर चुप करा दिया जाता है कि आपने पूरी मेहनत नहीं की। यह मानसिक जाल उस व्यक्ति को आत्मग्लानि में धकेल देता है। यह प्रणाली व्यक्ति को नाकामी का ज़िम्मेदार खुद ही ठहरा देती है और यही वह जगह है जहाँ नेटवर्क मार्केटिंग धोखाधड़ी नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक शोषण बन जाती है। वित्तीय नुकसान की बात करें तो यह बड़ा नुकसान, छोटी शुरुआत जैसा होता है। लोग इस सोच के साथ जुड़ते हैं कि केवल तीन-चार हज़ार से शुरुआत है, लेकिन धीरे-धीरे यह निवेश दसियों हज़ार तक पहुँच जाता है उत्पाद खरीदने, यात्रा करने, ट्रेनिंग अटेंड करने और इवेंट्स में शामिल




होने के नाम पर। और अंत में जब लाभ न मिले, तो व्यक्ति मौन होकर इस सिस्टम से बाहर निकल जाता है लेकिन तब तक वह न केवल पैसे गंवा चुका होता है, बल्कि वह अपने आत्मबल, आत्मविश्वास और सामाजिक प्रतिष्ठा का एक बड़ा हिस्सा भी खो चुका होता है। सवाल यहाँ यह नहीं है कि नेटवर्क मार्केटिंग एक बुरा विचार है सवाल यह है कि इसकी क्रियान्विति कैसे हो रही है। व्यापार में लाभ-हानि सामान्य बात है, लेकिन जब व्यापार का मॉडल ही इस तरह बना हो कि अधिकतर लोग हमेशा घाटे में रहें, और केवल ऊपरी पायदान पर बैठे लोग ही समृद्ध हों तब वह व्यापार नहीं, पिरामिड स्कीम बन जाता है। और दुर्भाग्य यह है कि दुनिया के कई हिस्सों में नेटवर्क मार्केटिंग पिरामिड स्कीम के बेहद करीब खड़ी है। इतिहास गवाह है कि जहाँ भी लोगों को सपनों की बिक्री हुई है, वहाँ बहुत बड़ी जनहानियाँ हुई हैं चाहे वह आर्थिक घोटाले हों, धार्मिक विश्वास के नाम पर चलने वाले संगठन, या फिर मल्टी-लेवल मार्केटिंग जैसे कॉरपोरेट जाल। आज जब हम डिजिटल युग में प्रवेश कर चुके हैं, और लोगों को अब ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल स्किल्स, और आत्मनिर्भर बनने के वास्तविक विकल्प मिल रहे हैं, तब नेटवर्क मार्केटिंग का यह पुराना, भावनात्मक और बार-बार दोहराया गया मॉडल अब पुनः मूल्यांकन की माँग करता है। आज आवश्यकता है कि सरकारें इस पूरे तंत्र पर कठोर नीति बनाएँ। केवल उत्पाद दिखा देने से कोई मॉडल वैध नहीं हो जाता। यह देखना अनिवार्य है कि उस कंपनी की आय किससे आ रही है उत्पाद बिक्री से, या सदस्यता शुल्क और रिक्रूटमेंट से। शिक्षा संस्थानों को चाहिए कि वे वित्तीय साक्षरता को अनिवार्य बनाएं ताकि युवा वर्ग जल्द अमीर बनने के भ्रम से खुद को बचा सके। और सबसे बड़ी ज़रूरत है सामाजिक संवाद की ताकि वे हज़ारों लोग जो इस सिस्टम से टूटकर बाहर आए हैं, अपनी कहानी कह सकें। क्योंकि जब तक वे कहेंगे नहीं, यह व्यापार फलता रहेगा चुप्पियों की खाद पर।नेटवर्क मार्केटिंग कोई साधारण मामला नहीं है। यह आधुनिक समाज की उस बेचैनी का लक्षण है, जो तेजी से सफल होने की चाह में, शॉर्टकट के भ्रम में, और भरोसे की तलाश में हर उस दरवाज़े को खटखटाने लगता है, जो थोड़ा भी चमकता है। लेकिन हर चमकने वाली चीज़ सोना नहीं होती। और हर नेटवर्क एक 'नेट' भी हो सकता है जाल।

# स्त्रियों की पुरुषों के प्रति बढ़ती क्रूर भावना- एक विमर्श

समाज में लंबे समय से स्त्रियाँ पीड़ित रही हैं - वे अत्याचार, भेदभाव और दमन की कहानियों में केंद्र में रही हैं। परंतु जैसे-जैसे समाज बदलाव की ओर बढ़ा है, स्त्रियाँ शिक्षित हुई, आत्मनिर्भर बनीं, और उन्होंने अधिकारों के प्रति जागरूकता पाई, वैसे-वैसे एक नया पहलू भी उभर कर सामने आने लगा है - कुछ स्त्रियों द्वारा पुरुषों के प्रति बढ़ती क्रूरता और भावनात्मक शोषण की प्रवृत्ति। यह विषय संवेदनशील भी है और संतुलित दृष्टिकोण की माँग करता है। हमें यह स्वीकारना होगा कि हर स्त्री पीड़िता नहीं होती और हर पुरुष दोषी नहीं होता। आज के समय में जहाँ महिला अधिकारों को लेकर सजगता बढ़ी है, वहीं झूठे आरोपों, कानूनी हथियारों के दुरुपयोग और भावनात्मक अत्याचार की घटनाएँ भी तेजी से सामने आ रही हैं।

**1. कानून का दुरुपयोग**

भारत में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कड़े कानून बनाए गए हैं - जैसे 498 (दहेज उत्पीड़न), घरेलू हिंसा अधिनियम, और यौन शोषण से संबंधित कानून। परन्तु दुर्भाग्यवश इनका कुछ स्त्रियाँ निजी स्वार्थ, बदले की भावना या झूठे आरोप लगाने के लिए दुरुपयोग भी कर रही हैं। कोर्ट में कई ऐसे केस आते हैं जहाँ अंततः आरोप झूठे पाए जाते हैं, पर तब तक एक निर्दोष पुरुष की सामाजिक और मानसिक प्रतिष्ठा नष्ट हो चुकी होती है।

**2. भावनात्मक और मानसिक शोषण**

आजकल कई रिश्तों में यह देखा गया है कि स्त्रियाँ पुरुषों को नियंत्रित करने के लिए भावनात्मक हथियारों का प्रयोग करती हैं - कभी 'ब्लेम गेम', कभी आत्महत्या की धमकी, तो कभी सार्वजनिक अपमान का भय दिखाकर। कई बार सोशल मीडिया पर बिना न्यायिक प्रक्रिया के किसी पुरुष को ÷चरित्रहीन÷ घोषित कर दिया जाता है। ऐसी स्थितियों में पुरुष मानसिक रूप से टूट जाते हैं। कुछ मामलों में तो आत्महत्या तक की नौबत आ जाती है।

**3. सांस्कृतिक और सामाजिक धारणा**

यह धारणा गहराने लगी है कि पुरुष होना ही एक अपराध है, खासकर तब जब कोई विवाद स्त्री और पुरुष के बीच हो। यह सोच सामाजिक संतुलन को बिगाड़ रही है। पुरुषों की व्यथा पर समाज खामोश है। क्या सिर्फ इसलिए कि वे पुरुष हैं?

**4. परिवार और रिश्तों पर प्रभाव**

रिश्तों में विश्वास टूटने लगा है। लड़के विवाह से कतराने लगे हैं, माता-पिता अपने बेटों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। समाज में एक अदृश्य डर फैलने लगा है - कि कहीं कोई झूठा आरोप किसी का जीवन बर्बाद न कर दे।

**समाधान की दिशा-** सभी कानूनों में संतुलन की आवश्यकता है - जहाँ स्त्री की सुरक्षा सुनिश्चित हो, वहीं पुरुषों के सम्मान की रक्षा भी।

पुरुष आयोग, मानसिक स्वास्थ्य केंद्र, और निष्पक्ष जांच एजेंसियाँ समय की आवश्यकता हैं।

मीडिया और सोशल मीडिया को उत्तरदायी आचरण अपनाना होगा - किसी भी पक्ष को दोषी ठहराने से पहले जांच और विवेक जरूरी है।

**उपसंहार-** समाज का ताना-बाना स्त्री और पुरुष दोनों से मिलकर बना है। स्त्री की गरिमा और सुरक्षा जितनी आवश्यक है, पुरुष के सम्मान और मानसिक शांति की रक्षा भी उतनी ही जरूरी है। अगर कुछ स्त्रियाँ पुरुषों के प्रति क्रूर भावना पालेंगी, तो यह न केवल स्त्रीवाद की मूल भावना को ठेस पहुँचाएगा, बल्कि समाज को भी विषाक्त बना देगा। हमें ऐसे समाज की कल्पना करनी है, जहाँ नारी सम्मानित हो और पुरुष सुरक्षित। तभी हम एक सशक्त, समान और न्यायपूर्ण समाज की ओर बढ़ पाएँगे।

यह विषय एकतरफा दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। जहाँ आज भी करोड़ों महिलाएँ अपने हकों के लिए लड़ रही हैं, वहीं कुछ उदाहरण ऐसे भी हैं जो नारीवाद के नाम पर पुरुषों के दमन की कहानियाँ बन चुके हैं।

**1. कानूनों का दुरुपयोग- आँकड़ों में सच्चाई**

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, धारा 498 A (दहेज उत्पीड़न) के अंतर्गत दर्ज मामलों में से 78त्न से अधिक केस कोर्ट में या तो खारिज हुए या झूठे साबित हुए।

दिल्ली हाईकोर्ट ने 2023 में कहा था- "498 A अब एक हथियार बन चुका है, जो विवाह संस्था को तोड़ने का माध्यम बन गया है।"


**2. वर्तमान उदाहरण-** सुष्मिता घोष बनाम आनंद मोहन तिवारी केस (2023, दिल्ली)- महिला ने पति पर दहेज उत्पीड़न और मारपीट का आरोप लगाया, लेकिन सीसीटीवी फुटेज और गवाहों से साफ हुआ कि वह खुद मारपीट करती थी। कोर्ट ने कहा - "यह महिला अधिकारों का घोर दुरुपयोग है।"

फरवरी 2024, लखनऊ- एक युवती ने अपने प्रेमी पर बलात्कार का आरोप लगाया, पर जांच में पता चला कि दोनों वयस्क सहमति से साथ रह रहे थे। कोर्ट ने युवती पर झूठा आरोप लगाने का जुर्माना लगाया और युवक को निर्दोष ठहराया।

**3. मानसिक शोषण और सामाजिक न्याय का पक्ष-** मानवाधिकार आयोग के अनुसार, हर साल भारत में औसतन 25,000 पुरुष आत्महत्या करते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या वैवाहिक विवाद, सामाजिक अपमान और मानसिक तनाव से जुड़ी होती है।

"हम पुरुषों की आवाज़ को नजरअंदाज नहीं कर सकते, न्याय दोनों के लिए होना चाहिए।"– पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा

**4. सोशल मीडिया ट्रायल- न्याय या अन्याय?**



आज सोशल मीडिया पर बिना जाँच-पड़ताल के किसी पर यौन शोषण या दुर्व्यवहार का आरोप लगाना एक चलन बन गया है। सख्द्भ्रश्श्र आंदोलन ने कई असली अपराधियों को उजागर किया, पर कुछ मामलों में निर्दोष लोगों को अपमान और करियर के नुकसान का सामना करना पड़ा।

**उदाहरण-** 2023 में बॉलीवुड लेखक वरुण ग्रोवर पर लगे आरोप बाद में झूठे निकले। पर तब तक उन्हें काम से निकाला जा चुका था।

**5. समाधान की दिशा में सोच**

**पुरुष आयोग की स्थापना-** जिस तरह महिला आयोग है, उसी प्रकार पुरुषों के लिए भी एक स्वतंत्र निकाय की माँग तेज़ हो रही है।

**झूठे केसों पर सख्त कार्रवाई-** सुप्रीम कोर्ट पहले ही यह कह चुका है कि झूठा मुकदमा दायर करने वाली महिला पर दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

**संतुलित विमर्श की आवश्यकता-** नारीवाद का अर्थ पुरुष विरोध नहीं, बल्कि समानता है।

समाज को ऐसे रास्ते की ज़रूरत है जहाँ स्त्रियों को न्याय मिले और पुरुषों को सुरक्षा। सच्चा नारीवाद वहीं है जहाँ पुरुष और स्त्री दोनों को न्याय मिले – न अधिक, न कम।

**शिवम यादव "अंतापुरिया"**

# क्या राहुल गांधी का संकेत है राजस्थान में गहलोत-युग के पटाक्षेप का ?

पिछले सप्ताह अहमदाबाद में संपन्न कांग्रेस के अधिवेशन के बाद जब राहुल गांधी राजस्थान के रणथंभौर में छुट्टी मनाने आए तो यह किसी को भी अंदाज़ा नहीं था कि वे किसी से प्रदेश में कॉंग्रेस के भविष्य के नेर्तृत्व की चर्चा भी करेंगे; लेकिन उन्होंने की,भले ही संकेतात्मक रूप से। राजनीति संकेतों और प्रतीकों में ही ज़्यादा उभर कर आती है। सियासत में दो दशक से ज्यादा सक्रिय राहुल गांधी अब इस बात को भली-भांति समझ चुके हैं। इसलिए उन्होंने यहाँ कांग्रेस के किसी बड़े नेता से नहीं, बल्कि सवाईमाधोपुर के ग्रामीण क्षेत्र शेरपुर खिलचीपुर के ब्लॉक अध्यक्ष छुट्टनलाल मीणा से अशोक गहलोत और सचिन पायलट का नाम लेकर पूछा कि राजस्थान में कमान किसे मिलनी चाहिए? राजस्थान की राजनीति पर नज़र रखने वाले जानते हैं कि यह सवाल मामूली नहीं था; इसके मायने गहरे हो सकते हैं; क्योंकि देश के सबसे बड़े प्रदेश में गहलोत-पायलट विवाद राष्ट्रीय स्तर की सुर्खियां रह चुका है। दरअसल राहुल गांधी का यह सवाल साबरमती के तट पर बनी पार्टी की भविष्य की रणनीति का ही एक हिस्सा है। पार्टी ने घोषणा की कि प्रदेशों में जिला समितियाँ और जिला-स्तरीय नेतृत्व निर्णय लेने और जवाबदेही का आधार बनेंगे। इसी रणनीति के तहत अधिवेशन में राजस्थान के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली दलित अस्मिता के प्रतीक के तौर पर उभारे गए। जूली के मंदिर में जाने के बाद 'गंगाजल से शुद्धिकरण' वाले प्रसंग को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी उठाया; इसलिए यह संयोग नहीं कि राहुल गांधी ने जिस ब्लॉक अध्यक्ष से सवाल पूछा वो दलित वर्ग से ही है और युवा भी।

देश के सबसे बड़े प्रदेश में सबसे पुरानी पार्टी की कमान की बात अगर पहले पायलट से करें तो उनके पक्ष में अन्य बातों के अलावा महत्त्वपूर्ण मायने रखती है उनकी उम्र। उनकी और गहलोत की उम्र में करीब 26 साल का फासला है। 47 वर्षीय युवा पायलट और 73 वर्ष के अनुभवी गहलोत के बीच पांच वर्ष पहले भले ही मतभेद रहे हों और ये मतभेद पायलट के बागी होने की सीमा तक पहुंच गए हों लेकिन इससे पायलट के राजनीतिक कद में कोई फ़र्क नहीं पड़ा। कॉंग्रेस के केंद्रीय नेर्तृत्व के लिए वे हमेशा 'एसेट' ही रहे। राजस्थान में प्रदेशाध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री पद छिन जाने के बावजूद पायलट ने जिस ख़ामोशी से संयम और गरिमा को बनाए रखा, यह उनकी राजनीतिक परिपक्वता को दर्शाता है। उससे इनके कद में बढ़ोतरी ही हुई और केंद्रीय नेर्तृत्व ने उन्हें पार्टी का महासचिव बना कर उनके महत्व को स्वीकार भी किया। जातिगत आधार पर भी पायलट जिस गुर्जर वर्ग से आते हैं, उसका राज्य की राजनीति में काफी प्रभाव है। राज्य की 30-35 सीटों पर गुर्जर जाति का प्रभाव है। गुर्जर परंपरागत रूप से बीजेपी के साथ माना जाता था पर 2018 के विधानसभा चुनाव में पायलट की वजह से गुर्जर समुदाय का झुकाव कांग्रेस की तरफ हो गया लेकिन 2023 के विधानसभा चुनावों में पायलट-गहलोत विवाद से गुर्जरों की नाराज़गी कांग्रेस को काफी भारी पड़ी।

राजस्थान में 34 विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति और 25 जनजाति के लिए आरक्षित हैं तो 100 से अधिक सीटों पर ओबीसी समूहों का खासा प्रभाव है। जाट, माली कुम्हार और कुमावत सहित सभी जातियां अब राजनीतिक रूप से काफ़ी सजग और सचेत हो गई हैं। गुर्जर भी इन्हीं में आते हैं। इन सबमें माली समुदाय अपेक्षाकृत छोटा है। अशोक गहलोत इसी समुदाय से आते हैं। पिछली विधानसभा में पायलट के गुर्जर समुदाय से आठ विधायक थे जबकि माली समुदाय से एकमात्र विधायक गहलोत ही थे। कमान के अलावा राजस्थान में लगातार वोट संख्या को लेकर भी कांग्रेस की चिंता और चुनौतियां कम नहीं हैं। पिछले चार विधानसभा चुनावों के नतीजे बताते हैं कि कांग्रेस और भाजपा के बीच वोट का अंतर न केवल घटता गया है बल्कि 2023 के चुनाव में तो भाजपा आगे भी निकल गई।

ऐसे में कांग्रेस अगर नेर्तृत्व की कमान किसी युवा, जातिगत समीकरणों में समायोजित होने वाले लोकप्रिय नेता के हाथों में देना चाहे तो पायलट 'अ सूटेबल बॉय' हो सकते हैं। दूसरी ओर यह भी ठोस यथार्थ है कि इसे अशोक गहलोत के युग का पटाक्षेप मानना जायज़ नहीं होगा। सच यही है कि आज भी कांग्रेस में अनुभव, राजनीतिक कूटनीति विपक्ष के दांवपेंच को समझने में अशोक गहलोत के पासंग कोई नहीं है। उनके समवयस्क अन्य नेताओं में संगठन और सरकार चलाने का ठोस अनुभव और प्रशासनिक क्षमता उतनी नहीं है, जितनी गहलोत ने आधी सदी में अर्जित की है। गहलोत राजस्थान के एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री रहे हैं जिन्होंने तीनों बार अपना कार्यकाल पूरा किया। 1974 में एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष से लेकर 1977 में कांग्रेस के संकटकाल में अपनी मोटरसाइकिल बेचकर पहला चुनाव लड़ चुके गहलोत इस रेगिस्तानी सीमांत प्रदेश के गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी तक पग-पग नाप चुके हैं। यह गहलोत की नेर्तृत्व-क्षमता ही थी जिसे महसूस कर सोनिया गांधी ने 2022 में उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुन ही लिया था लेकिन स्वयं गहलोत ने इससे किनारा कर सबको चौंका दिया था। इसके बावजूद गांधी परिवार का गहलोत में विश्वास बरकरार है। राज्य में भविष्य का नेर्तृत्व तैयार करने के लिहाज से भले हो राजस्थान की कमान पायलट को सौंप दी जाए लेकिन पार्टी गहलोत के अनुभव, पार्टी के प्रति आधी सदी की प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय पहचान के मद्देनज़र उन्हें नज़रंदाज़ नहीं कर सकती। सोनिया गांधी के स्वास्थ्य, मल्लिकार्जुन खड़गे की बढ़ती उम्र और राहुल गांधी की अनिच्छुकता के चलते संभव है कि कांग्रेस का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष देश को राजस्थान से ही मिले।फिर भी इस बात को ध्यान में रखना होगा कि जो अक्टूबर 2022 में खुद अशोक गहलोत ने कही थी - राजनीति 'गुणा-भाग' का खेल है, जहां जो दिखता है वो होता नहीं है और जो होता है वो दिखता नहीं है।

**हरीश शिवनानी**

# संपादकीय

## दर्द- न धर्म देखे, न जात, बस दिल में घुस जाए बात-बात

### [महंगाई में एक चीज जिसका प्रोडक्शन कभी नहीं रुका - दर्द]




इस महंगाई के दौर में, जहां एक चुटकी केसर खरीदने से पहले जेब टटोलनी पड़ती है, एक चीज ऐसी है जो अब भी मुफ्त बरसती है - दर्द। बिना टैक्स, बिना जीएसटी, बिना किसी सब्सक्रिप्शन के। ये ऐसा बिन बुलाया मेहमान है जो दिल की चौखट पर दस्तक तक नहीं देता, सीधे अंदर घुसता है और किराएदार बनकर टिक जाता है। इसे बांटने के लिए न लाइसेंस चाहिए, न इसे लेने के लिए कोई क्वालिफिकेशन और न सरकार की मंजूरी। बस एक ठेस, एक ताना, एक नजर - और दर्द हाजिर, बिल्कुल मुफ्त, सीधे आपके दिल के ठिकाने पर। सब कुछ महंगा हो गया है - दाल-चावल, पेट्रोल, रिश्ते, वफादारी, और यहाँ तक कि मुस्कान भी अब क्रेडिट कार्ड पर मिलती है। लेकिन दर्द? ये तो ऐसा उदार सौदागर है जो मुफ्त में गले लगाता है और जाने का नाम नहीं लेता। ये चाय की आखिरी चुस्की की तरह चिपकता है, जो खत्म होने का नाम ही नहीं लेता। दर्द का बाजार कभी मंदा नहीं पड़ता - न स्टॉक क्रैश, न रिसेशन, बस फ्री डिलिवरी, 24/7।

दर्द का डिलीवरी सिस्टम तो ऐसा है कि स्विगी-जोमैटो सब इसके सामने फीके। दोस्त का "ब्रो, तू अभी तक सेटल क्यों नहीं हुआ?" वाला तीर, रिश्तेदार का ÷अब तो शादी कर ले" ताना, या मोहल्ले की गुप्ता आंटी का अपने बेटे की विदेशी नौकरी का वायरल रील - हर गली से दर्द की मुफ्त डिलीवरी, वो भी '30 मिनट या फ्री' गारंटी के साथ। आंटी चुप रहें तो दर्द, क्योंकि उनकी खामोशी आपके फ्लॉप स्टार्टअप पर साइलेंट मिस्ड कॉल है। और बोलें तो दर्द, क्योंकि उनका "हमारा बेटा तो ऑस्ट्रेलिया में ठाठ करता ह" आपकी जिंदगी को 2-स्टार रेटिंग वाली वेब सीरीज बना देता है। ऊपर से समाज का फ्री का फंडा - "थोड़ा जॉब ढूंढो, देखो शर्मा जी का बेटा CEO बन गया!" बस, दर्द का पैकेज कन्फर्म, सीधा दिल में ड्रॉप।

ट्रेन का टिकट 700 का, मूवी का 400 का, लेकिन ब्रेकअप का दर्द? वो तो फ्लैश डिलीवरी में घर पहुंचता है, वो भी बिना शिपिंग चार्ज। प्रेमी का 'सीन' बिना जवाब? दिल में भूकंप। जवाब में "व्यस्त हूँ"? सुनामी। कोई डाउन पेमेंट नहीं, बस इमोशनल कर्ज और ब्याज में आंसुओं की किश्तें। और अगर प्रेमी ने ÷हम सिर्फ दोस्त हैं÷ कह दिया, तो समझो दिल का पूरा ढांचा ही ढह गया। सरकारी दफ्तरों में दर्द का मेला सजा है। लाइन में खड़े-खड़े कमर टूटे, वो शारीरिक दर्द। फाइल टेबल से टेबल घूमे और काम न हो, वो मानसिक दर्द। अफसर की बनावटी मुस्कान हो या चपरासी की घुड़की, दोनों मुफ्त में दिल तोड़ने का ठेका लिए घूमते हैं। आपकी फाइल ÷कल आना÷ के चक्रव्यूह में फंसती है, और समाधान सिर्फ आपके दिल में घूमता रहता है - वो भी मुफ्त का दर्द बनकर।

सोशल मीडिया तो दर्द का डिजिटल सुपरमार्केट है। किसी की मालदीव्स की तस्वीर देखी, और अपनी जिंदगी की साइकिल की हवा निकल गई। कोई नई एसयूवी फ्लॉन्ट करे, तो लगता है आपकी पुरानी स्कूटी आप पर ठहाके लगा रही है। इंस्टाग्राम की स्टोरी आपकी नींद चुराती है, और कोई फिल्टर इस दर्द को छुपा नहीं पाता। किसी ने "लिविंग माइ बेस्ट लाइफ" कैप्शन डाला, और आप अपने ऑफिस की कुर्सी पर अपनी "वर्स्ट लाइफ" का हिसाब करने लगते हैं। ये दर्द मुफ्त है, लेकिन इसकी कीमत आपकी शांति चुकाती है। फिल्मों में भी यही हाल। हीरोइन की विदाई, मां का रोना, बैकग्राउंड में वायलिन। टिकट का पैसा तो वसूल, लेकिन आंसुओं की कीमत मुफ्त। पॉपकॉर्न खत्म होता है, दर्द नहीं।

शादी वो तो दर्द की लाइफटाइम फ्री सब्सक्रिप्शन है। पति का "क्या हुआ" और पत्नी का "कुछ नहीं" - ये वो डायलॉग हैं जो दर्द की स्क्रिप्ट लिखते हैं। पत्नी की खामोशी तूफान का ट्रेलर है, और पति का "बोलो न" वो बटन जो तूफान को रिलीज करता है। सास-बहू का ड्रामा? वो तो मुफ्त दर्द का बोनस पैक - ताने, तकरार, और तमाशा, सब एक ही डील में। और अगर ससुराल में "खाना नमक ज्यादा है" सुन लिया, तो समझो दर्द का मुफ्त कटोरा भर गया। दर्द का सबसे बड़ा सप्लायर है - उम्मीद। हम उम्मीद करते हैं कि दोस्त वक्त देगा, सरकार सस्ता राशन देगी, बॉस तारीफ करेगा, बेटा/बेटी अच्छे पढ़ेंगे, जॉब करेंगे। लेकिन जब ये सपने टूटते हैं, तो दर्द बिना नोटिस दिल में दाखिल हो जाता है। उम्मीद जितनी ऊंची, दर्द उतना गहरा। फिर भी हम हर बार उम्मीद की दुकान पर लौटते हैं, और हर बार दर्द का मुफ्त सामान लेकर घर आते हैं।

लेकिन दर्द की तारीफ करनी पड़ेगी। ये नकली नहीं, वादों की तरह झूठा नहीं, भरोसे की तरह टूटता नहीं। ये ईमानदार है- जितना देना है, उतना देता है, बिना भेदभाव। अमीर-गरीब, बड़ा-छोटा, सबके लिए बराबर। ये न जात देखता है, न धर्म, न बैंक बैलेंस। ये तो बस दिल की भाषा समझता है। दर्द की मार्केटिंग भी गजब है। इसे न बिलबोर्ड चाहिए, न टीवी ऐड। ये तो मुंह-जुबानी फैलता है। एक गलत बात, एक गलतफहमी, एक टूटा वादा - और दर्द वायरल। ये फेसबुक के ट्रेंड से तेज फैलता है, और ट्विटर के हैशटैग से ज्यादा असर करता है।

इस दुनिया में जहां हर सांस की कीमत वसूल की जाती है, दर्द वो बेशकीमती रत्न है जो बिना मांगे, बिना शर्त, सीधे दिल की गहराइयों में उतर आता है। न लाइन, न सब्सिडी, न कोई टीएंडसी। बस दिल से दिल तक डायरेक्ट डिलीवरी। ये लोकतंत्र का असली नमूना है - कोई वीआईपी कोटा नहीं, कोई रिजर्वेशन नहीं। हर वर्ग, हर उम्र, हर इंसान को बराबर हिस्सा। कहते हैं न, दुनिया में सब बिकता है। केसर, सोना, हीरा - सब की कीमत। लेकिन दर्द? वो आज भी मुफ्त है। और शायद इसलिए सबसे ज्यादा बरसता है। क्योंकि ये वो मुद्रा है जो न छपती है, न गिनी जाती है, बस महसूस होती है। तो अगली बार जब दर्द की डिलीवरी आपके दरवाजे पर आए, उसे गले लगाइए। आखिर, ये एकमात्र चीज है जो इस महंगाई में भी मुफ्त है - और पूरी ईमानदारी से आपका साथ देती है।

**प्रो. आरके जैन**

# वक्फ बोर्ड क़ानून पर सुनवाई बेमतलब

अब चूंकि याचिकाएं आई हैं तो माननीय सुप्रीम कोर्ट को उनकी सुनवाई करना पड़ रही है। माननीय अदालत का करम है कि उसने तमाम याचिकाओं को एक झटके में खारिज नहीं किया ,हाँ माननीय कोर्ट ने इन याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई की मांग जरूर ठुकरा दी थी। देश को और इस क़ानून के विरोधियों को भले ही सुप्रीम कोर्ट से कोई उम्मीद हो ,लेकिन मुझे नहीं है ,क्योंकि ऐसा लगता नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट इस क़ानून को लेकर सत्ता प्रतिष्ठान के खिलाफ कोई फैसला देगा। मेरे हिसाब से वक्फ बोर्ड कानून पर सुनवाई का कोई अर्थ नहीं है क्योंकि ये कानून संसद के दोनों सदनों में लम्बी बहस के बाद बहुमत से पारित किया गया है। ये कानून भले ही संविधान की मूल भावनाओं के विरुद्ध हो किन्तु इसमें सरकार की भावना महत्ववपूर्ण है और माननीय कोर्ट इसे भली- भांति समझता है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने इशारों-इशारों में माननीय कोर्ट को सरकार की भावना से अवगत भी करा दिया है। किरण ने पिछले दिनों ही कहा था कि माननीय न्यायालय को वक्फ बोर्ड क़ानून पर सरकार की भावना समझना चाहिए।




वक्फ बोर्ड कानून सत्ता प्रतिष्ठान के हिन्दू एजेंडे से ही बाबस्ता है। सरकार शुरू से एक देश, एक क़ानून और एक देश ,एक चुनाव की बातें करती आ रही है। मौजूदा सरकार स्पष्ट रूप से देश के अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आजादी के बाद बने तमाम कानूनों को जमीदोज कर अल्पसंख्यकों के कामकाज,धारणाओं, मानयताओं में मदाखलत करने की कोशिश कर रही है। सरकार को लगता है कि इस देश में सिवाय हिन्दुओं के सभी लोग चोर हैं,बेईमान हैं, भ्रष्ट हैं ,इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए नए कानूनों की जरूरत है। कौन सा समाज किस तरह से जीवित रहेगा इसकी फ़िक्र समाज से ज्यादा अब सरकार को होने लगी है और नया वक्फ कानून इसी फ़िक्र का नतीजा है।नयेकानून किमुखालफत करने वालों को सत्ता प्रतिष्ठान और उससे जुड़े लोग पहले हिअरबन नक्सली कह चुके हैं।

मुझे ये कहने में कोई संकोच नहीं है कि हम अधमरे चौथे स्तम्भ के लोग संसद से बड़े नहीं है। अदालतों से बड़े नहीं हैं ,लेकिन हमारी चिंताएं हैं। हमारी जिम्मेदारियां हैं और उन्हींके तहत हम सत्ता प्रतिष्ठान को आगाह करते रहते हैं। अल्पसंख्यकों को लेकर हमारा ऐसा कोई एजेंडा नहीं है जैसा कि सरकार का है। हमें ऐसा कोई भय नहीं है कि एक दिन ऐसा आएगा जब इस देश पर अल्पसंख्यकों का कब्जा हो जाएगा। हमें केवल एक ही डर है कि हमने यानि देश ने आजादी के बाद जिस तरह से समरसता का, समन्वय का देश बनाया था वैसा देश अब शायद बचा नहीं है। आज हमारा देश इंद्रधनुष के रंगों वाला देश नहीं है, आज देश को एक रंग में रंगने की बेशर्म कोशिश हो रही है।

बात नए वक्फ बोर्ड क़ानून को सुप्रीम कोर्ट में सुने जाने की है। सुप्रीम कोर्ट सुप्रीम इसीलिए है क्योंकि वो सभीको सुनता है।सरकार सबको नहीं सुनती। लेकिन सरकार और सुप्रीम कोर्ट में एक बात सामान्य हैकि दोनों जगह बहुमत से फैसले किये जाते हैं। मेरा अंतर्मन कहता हैकि जिस तरीके से संसद में बहुमत इस नए क़ानून के पक्ष में खड़ा था उसी तरह से अदालत में भी बहुमत का फैसला आएगा तो सत्ता प्रतिष्ठान के पक्ष में आएगा। अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले को केवल सरकार ही बदल सकती है। सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट बदल सकता है ,कोर्ट ने अतीत में अनेक प्रकरणों में या तो सरकार के फैसले बदले हैं या उनकी समीक्षा कराई है। ऐसी भी अनेक नजीरें हैं जहाँ सत्ता प्रतिष्ठान से माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को मैंने से इंकार कर दिया और नयी व्यवस्था दे दी। मै इस तरह की नजीरों की तफ्सील में नहीं जाऊंगा समझदार को इशारा काफी है। जब जिसका बहुमत होता है वो पार्टी और उसकीसरकार अपने ढंग से माननीय न्यायालय के फैसलों का सम्मान करते हैं,करते आ रहे हैं।

नए वक्फ बोर्ड क़ानून को लेकर मेरी आशंकाओं के पीछे कुछ ठोस आधार है। पहले का संकेत मैंने किया ही और अब दूसरे मामले में मै सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस गवई को उद्धृत करना चाहता हूँ। जस्टिस गवई ने डॉ. आंबेडकर की जयंती के मौके पर कहा कि हमारे पास ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो गर्व के साथ कह सकते हैं कि हम यहां संविधान की वजह से पहुंचे हैं।

जस्टिस गवई से पहले पूर्व सीजेआई जस्टिस चंद्रचूड़ देश के प्रधानमंत्री के साथ गणपति वंदना कर चुके हैं। जिस देश का कोर्ट देश के प्रधानमंत्री के प्रति श्रृद्धानवत हो उस देश में कोई फैसला सरकार के खिलाफ भला आ सकता है क्या देश के प्रधानमंत्री के प्रति श्रृद्धा रखना क़ानून कोई जुर्म नहीं है किन्तु यदि देश का सुप्रीम कोर्ट सार्वजनिक रूप से पंत प्रधान की वंदना करता है तो वो आपत्तिजनक है।

बहरहाल आने वाले दिनों में आप रोजाना वक्फ बोर्ड कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई देखिये, सुनिए और फिर बताइये की मै गलत हूँ या सौ फीसदी सही ?मै उन लोगों में से हूँ जो इस देश की पंच परमेश्वर न्याय व्यवस्था पार यकीन रखते हैं। फिर चाहे वो पंच परमेश्वर मुंशी प्रेमचंद का हो या मुंशी नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी का।

**राकेश अचल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## डा.भीम राव अम्बेडकर के जीवन से लें प्रेरणा- प्रो0राम आसरे सिंह,प्राचार्य,टी डी पी जी कॉलेज



**जौनपुर।** तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर में स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह के द्वितीय दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य थीम 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान'था। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मां सरस्वती तथा बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डा.राम आसरे सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर के जीवन से सीख लेने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। डॉ.सुधीर कुमार सिंह, विधि विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग,टीडीपी जी कॉलेज के विद्वान डा.पंकज कुमार गौतम ने भाषण एवं क्विज प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका अदा की। कार्यक्रम का संचालन डा.विजयलक्ष्मी ने किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशा रानी ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राम आसरे सिंह जी,कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर रजनीश सिंह जी, सी.टी.ओ.अजय कुमार सिंह,व राष्ट्रीय सेवा योजना के राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता,डॉ. विजयलक्ष्मी,डा. प्रशांत त्रिवेदी, डॉ.अनुराग चौधरी आदि कार्यक्रम अधिकारी गण , महाविद्यालय के कर्मचारी तथा मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

## रामपुर विद्युत उपकेंद्र के एसएसओ अविनाश यादव का नर्तकी संग डांस करते वीडियो वायरल, फिर उठे सवाल



**जौनपुर** जनपद के रामपुर विद्युत उपकेंद्र में तैनात एसएसओ (सब स्टेशन ऑपरेटर) अविनाश यादव एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। इस बार उनका एक नया वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे एक नर्तकी के साथ मंच पर ठुमके लगाते हुए नजर आ रहे हैं। यही नहीं, वीडियो में वे नर्तकी पर पैसे उड़ाते भी दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो रामपुर बाजार में आयोजित एक निजी पार्टी का है, जहां अविनाश यादव ने ड्यूटी के समय पहुंचकर नाच-गाने का आनंद लिया। स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि एसएसओ मंच पर नशे की हालत में थे और उन्होंने अपने पद की गरिमा को ताक पर रखकर सार्वजनिक रूप से नाचने का प्रदर्शन किया। इस वीडियो के वायरल होते ही विद्युत विभाग में एक बार फिर हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी अविनाश यादव का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वे रामपुर विद्युत उपकेंद्र के अंदर शराब और कबाब की दावत उड़ाते नजर आ रहे थे। उस समय एसडीओ मुरलीधर मौर्य ने उक्त वीडियो को पुराना बताते हुए किसी भी प्रकार की कार्रवाई से इनकार कर दिया था। लेकिन अब नर्तकी संग मंच पर डांस का नया वीडियो सामने आने के बाद विभागीय लापरवाही और अनुशासनहीनता को लेकर फिर से सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय जनता का कहना है कि विभाग द्वारा समय रहते कोई सख्त कदम न उठाए जाने के कारण एसएसओ के हौसले बुलंद हैं। ड्यूटी के दौरान ऐसी हरकतें न केवल विभाग की छवि को धूमिल कर रही हैं, बल्कि आम जनता के विश्वास को भी चोट पहुँचा रही हैं। अब देखना यह है कि विद्युत विभाग इस ताजा वायरल वीडियो के बाद क्या कोई ठोस कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी पुराने वीडियो की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

## मारपीट में महिलाओं समेत चार घायल

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्र के गांव गुदमई में मंगलवार की रात किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से जमकर मारपीट गई। जिससे दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। गांव गुदमई मिश्रीपुर निवासी अजय कुमार ने बताया है कि मंगलवार की देर शाम वह अपने परिवारों के साथ खेत में काम कर रहे थे। तभी पड़ोसी युवक खेत में काम कर रहीं महिलाओं की ओर खड़ा होकर पेशाब करने लगा। जिसका विरोध करने पर आरोपी युवक अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर घर में घुस आए। तथा लाठी डंडों से हमला कर दिया।

# जिलाधिकारी नेहा शर्मा की सत कार्रवाई, करनैलगंज में चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटा, प्रशासन की सत कार्रवाई

● ग्राम छिटनापुर में चारागाह गाटा संख्या 805 से अवैध कब्जा मुक्त, राजस्व व पुलिस टीम की संयुक्त कार्रवाई

सरकारी जमीन पर नहीं चलेगा कब्जा, प्रशासन ने दिखाई सख्ती



स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश और सख्त पहल पर करनैलगंज तहसील के ग्राम छिटनापुर, पहाड़ापुर में आज चारागाह भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। यह कार्रवाई सार्वजनिक संपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने की जिलाधिकारी की विशेष मुहिम के तहत की गई, जिसमें प्रशासनिक टीम ने प्रभावी ढंग से हस्तक्षेप किया।उपजिलाधिकारी करनैलगंज के कार्यालय से जारी पत्र के आधार पर गठित राजस्व टीम ने तहसीलदार की अध्यक्षता में पुलिस बल के सहयोग से यह अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान ग्राम छिटनापुर, पहाड़ापुर स्थित चारागाह गाटा संख्या 805 पर हुए अवैध कब्जे को हटाया गया।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जिले में सार्वजनिक उपयोग की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना प्राथमिकता में है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी चारागाह, खेल मैदान, तालाब और अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों की नियमित निगरानी की जाए और आवश्यकतानुसार तत्काल



कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इस सख्ती से ग्रामीणों में यह संदेश गया है कि अब किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे सरकारी भूमि की सुरक्षा में सहयोग करें और किसी भी अतिक्रमण की सूचना तत्काल दें।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल की घोर लापरवाही से नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं पंचहटिया विद्यालय के छात्र और शिक्षक

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का दावा करने वाले बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। शहर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय पंचहटिया की नारकीय स्थिति बीते पाँच वर्षों से जस की तस बनी हुई है, लेकिन अधिकारी महोदय सिर्फ आश्वासनों की घिसी-पिटी भाषा बोलकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते रहे हैं। विद्यालय में बजबजाती नालियों का गंदा पानी पूरे परिसर में फैला रहता है, जिसके बीच बच्चों को पढ़ाई करनी पड़ती है। शिक्षक और विद्यार्थी सुबह स्नान-ध्यान कर घर से आते हैं, लेकिन स्कूल पहुंचते ही उन्हें गंदगी और बदबू के बीच पूरा दिन गुजारना पड़ता है। यह स्थिति न सिर्फ उनकी सेहत को नुकसान पहुँचा रही है, बल्कि संक्रमण फैलने का खतरा भी बना हुआ है।



विद्यालय की प्राध्यापक अर्चना रानी ने बताया कि कई शिक्षक और विद्यार्थी लगातार बीमार पड़ रहे हैं, लेकिन अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ता। विगत पाँच वर्षों से दर्जनों प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हर बार शिक्षा विभाग से यही जवाब मिलता है - "मामला संज्ञान में है, जल्द समाधान होगा।"

डॉ गोरखनाथ पटेल की यह घोर लापरवाही दर्शाती है कि उन्हें जमीनी हकीकत से कोई सरोकार नहीं है। जिले के एक छोर से दूसरे छोर तक निरीक्षण कर सुधार के दावे करने वाले अधिकारी अपने ही जिले के शहर क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख विद्यालय की दुर्दशा नहीं सुधार सके। यह स्थिति सीधे तौर पर उनकी नाकामी को उजागर करती है। पंचहटिया विद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी कब तक इस गंदगी और संक्रमण के माहौल में जीवन बिताते रहेंगे? क्या किसी बड़े हादसे या बीमारी की चपेट में आने के बाद ही प्रशासन जागेगा? यह एक गंभीर सवाल है, जिसका जवाब अब गोरखनाथ पटेल को देना होगा। जनता और अभिभावकों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है, और यदि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो यह मामला शिक्षा विभाग की बड़ी नाकामी के रूप में सामने आएगा।

## उत्तीर्ण छात्रों को किया गया सम्मानित

शिक्षा
स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** संविलियन विद्यालय प्यासी में कक्षा 8 वी के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया जिसमें सभी छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कक्षा 6 कक्षा 7 कक्षा 8 में प्रथम द्वितीय और तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को कापी किताब पेन और माला पहनाकर सम्मानित किया गया तदुपरांत स्कूल चलों अभियान के अन्तर्गत बच्चों को गीत के माध्यम से जागरूक किया गया और नये नामांकन पर जोर दिया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनिता मिश्रा ने किया विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक पवन कुमार गुप्ता को प्रधानाध्यापिका अनिता मिश्रा ने विद्यालय के समस्त अध्यापक गण के साथ डायरी पेन देकर माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सभी अध्यापक गण के साथ साथ अभिवावकों की भी उपस्थिति रही।

# ग्राम पंचायत परसा महड़ौर में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन एवं पंचायत भवन का डीएम ने किया उद्घाटन



● ग्राम पंचायत परसा महड़ौर में आंगनबाड़ी केन्द्र के गर्भवती महिलाओं की डीएम ने की गोद भराई

स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** बुधवार को विकासखंड वजीरगंज ग्राम पंचायत परसा महड़ौर में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन एवं पंचायत भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित आंगनवाड़ी केन्द्र के गर्भवती महिलाओं का गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन भी किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन में राशन कार्ड धारकों को ई-पास मशीन के द्वारा खाद्यान्न का वितरण किया।कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना, परियोजना निदेशक डीआरडीए/ खण्ड विकास अधिकारी वजीरगंज चंद्रशेखर, ब्लॉक परियोजना अधिकारी बाल विकास पुष्टाहार विभाग वजीरगंज, प्रमुख वजीरगंज, ग्राम संबंधित ग्राम पंचायत सचिव सहित ग्राम प्रधान व अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सरहरा वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक 16/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरहरा में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 21/04/2025 को दिन के 2:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 3:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति

तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

शिवराम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सरहरा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

मोहन कुमार मंगलम
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत सरहरा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत बेलवा कर्मडीह वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक 16/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेलवा कर्मडीह में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 21/04/2025 को दिन के 10:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 1:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति

तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

मीतू देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेलवा कर्मडीह
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

मोहन कुमार मंगलम
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत बेलवा कर्मडीह
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत परना बगुलहा वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक 16/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परना बगुलहा में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 21/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति

तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

सकीना
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत परना बगुलहा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

मोहन कुमार मंगलम
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत परना बगुलहा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत भोपालपुर वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक 16/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भोपालपुर में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 21/04/2025 को दिन के 3:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति

तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

गीता उर्फ रीता
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भोपालपुर
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

मोहन कुमार मंगलम
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत भोपालपुर
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत भटपी वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक 16/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भटपी में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 21/04/2025 को दिन के 10:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 12:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति

तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

क्र. सं. सामग्री का नाम

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

काली प्रसाद शुक्ला
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भटपी
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

मोहन कुमार मंगलम
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत भटपी
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## संक्षिप्त खबरें

### ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित हुआ अंबेडकर जयंती कार्यक्रम



बरेली/विकासखंड भदपुरा के सभागार में ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार की अध्यक्षता में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की समस्त महिलाओं को एकत्रित कर भाजपा सरकार द्वारा 15 दिनों तक अंबेडकर के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इसी के तहत आज भदपुरा के सभागार में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को एकत्रित कर उन्हें अंबेडकर के द्वारा किए गए कार्यों की जानकारियां उपलब्ध कराई गई। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा डॉक्टर अंबेडकर की देन है कि आज महिलाओं को भी शिक्षा का अधिकार मिला छुआ छूत जैसे भेदभाव से मुक्ति जैसे अनेकों कार्य किए गए उन्होंने बताया डॉक्टर अंबेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के एक गांव में हुआ था उन्होंने अपनी शिक्षा को किस तरह ग्रहण किया और समाज को स्थान के ऊपर ले जाने का कार्य किया। इसलिए हम सबको बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए इस मौके पर उपस्थित ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान।

### कैम्ब्रिज कॉन्वेन्ट स्कूल, पुवायां में यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विशेष गोष्ठी का आयोजन

शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक विशेष गोष्ठी कैम्ब्रिज कॉन्वेन्ट स्कूल,पुवायां में की गई। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, खासकर स्कूली छात्रों, दोपहिया वाहन चालकों, और सार्वजनिक वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करना था। इस जागरूकता कार्यक्रम

### शाहजहांपुर जेल में कैदियों के लिए जिम की सुविधा, सुधार की ओर बड़ा कदम



शाहजहांपुर। जेल प्रशासन ने बंदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक सराहनीय पहल की है। जेल अधीक्षक मिजाजीलाल के निर्देशन में शाहजहांपुर जेल में अब कैदियों के लिए एक आधुनिक जिम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह प्रयास न केवल बंदियों के स्वास्थ्य सुधार की दिशा में अहम है, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में भी एक ठोस कदम है।जेल अधीक्षक मिजाजीलाल ने बताया कि जिम में ट्रेडमिल, साइकलिंग मशीन, जैसे उपकरण आदि लगाए है ताकि बंदी नियमित रूप से व्यायाम कर सकें। इससे उनकी मानसिक स्थिति में सुधार होगा और आक्रोश या नकारात्मक भावनाएं कम होंगी।इस योजना का उद्देश्य बंदियों को शारीरिक रूप से फिट रखना ही नहीं, बल्कि उन्हें एक अनुशासित और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है। इससे सुधारात्मक प्रक्रिया को भी बल मिलेगा और जेल से रिहा होने के बाद वे समाज में एक बेहतर नागरिक के रूप में लौट सकेंगे।जेल में जिम की शुरुआत को लेकर कैदियों में भी उत्साह देखा जा रहा है। यह पहल जेल सुधार के क्षेत्र में एक सकारात्मक उदाहरण बनकर उभर रही है

### चोरी के माल के साथ बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे,माल बरामद

स्वतंत्र प्रभात पुलिस 112

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली पुलिस टीम ने बुधवार को नारायण का पुरवा मजरे सेमरपहा गांव के निकट से एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की पास चोरी किए गए जेवरात व नगदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। गत 23 मार्च की रात को पूरेबंधन सिंह का पुरवा मजरे मीठापुर गांव निवासी अजय सिंह के घर में चोरी हो गई थी। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर तहकीकात शुरू की। बुधवार को पुलिस टीम ने त्रिवेदीपुर गांव निवासी बाबूलाल पुत्र ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास दो जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछिया, एक अंगूठी व 1250 रुपए नगद बरामद किया। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया है।

## जुआ सट्टा का कारोबार दिन- प्रतिदिन तेजी से बढ़ रहा है

● इसके लिए अब सोशल मीडिया ऐप और फोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। मोबाइल एप्लीकेशन और वेबसाइट के जरिए जुआ हो रहा है।

युवा वर्ग बिना पसीने व मेहनत के अमीर बनने की रख रहा चाह..!!

सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए कोई नहीं उठा रहा सख्त क़दम..?

मानसिक बीमारी का बन रहे शिकार..!!

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। युवाओं व लोगों को ऑनलाइन जुए सट्टे जैसे सामाजिक बुराई के प्रति प्रेरित किया जा रहा है यह भी किसी से छिपा नहीं है !आज के समय मे ऑनलाइन जुआ-सट्टा खिलाकर कंपनियां युवाओं और बच्चों में जुआ खेलने की लत लगा रही है ! इससे देश का भविष्य बर्बाद हो रहा है लेकिन सरकार के पास ऑनलाइन जुआ-सट्टे को नियंत्रित करने के लिए कोई प्रभावी कानून नहीं है !आज के युग में जुआ सट्टा का कारोबार दिन - प्रतिदिन तेजी से बढ़ रहा है ! इसके लिए, अब सोशल मीडिया ऐप और फोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है !मोबाइल एप्लीकेशन और वेबसाइट के जरिए जुआ हो रहा है !इसका दुष्प्रभाव समाज के सभी वर्ग और उम्र के लोगों पर पड़ रहा है !

ऑनलाइन चल रहे जुए, सट्टे को रोकने का कोई इंतजाम सरकार के पास नहीं है !इंटरनेट पर युवाओं पर कई गेम आ गए है जो हर साल लाखों युवाओं व लोगों को मानसिक बीमारी का शिकार बना रहे है !कुछ




लोग सट्टेबाजी में पैसा जीतकर मालामाल हो जाते है और 90 परसेंट लोग हार कर कंगाल हो रहे है !विडंबना यह है कि इस वहम में पड़ कर लोग बिना काम किए पैसा कमाने के चक्कर में बहुत बड़ा नुकसान कर ले रहे है !युवा पीढ़ी बिना मेहनत के करोड़पति और अमीर बनने का ख्वाब देखने लगी है ! हारे पैसे को निकालने के चक्कर में व्यक्ति कितना पैसा डुबा देता है यह उसे पता नहीं चलता है !वह लोगों से कर्ज भी ले लेता है और कर्ज समय पर न देने पर अवसाद में चला जाता है या खुदकुशी कर लेता है ! यह देश में बढ़ रहे जुआ सट्टा कारोबार एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है !जुआ-सट्टा के विविध स्वरूपों और प्लेटफार्मों पर प्रभावी रोक लगाने व कड़े कदम उठाने के लिए आवश्यकता है ! जिससे कि युवाओं की जान बचाई जा सके।

## हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंक कर हिंदुओं के विरुद्ध जारी हिंसा के विरोध में जिला अधिकारी को संबोधित राष्ट्रपति को 6 सूत्री ज्ञापन भेजा





स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर। हिंदू जागरण मंच के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के विरुद्ध जारी हिंसा के विरोध में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंक कर विरोध किया तथा जिलाधिकारी शाहजहांपुर को 6 सूत्री ज्ञापन देकर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने के लिए महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर गुहार लगाई है ।महानगर अध्यक्ष राजेश अवस्थी एडवोकेट हिंदू जागरण मंच शाहजहांपुर ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया की पश्चिम बंगाल की सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाए, प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए हिंसा प्रभावित क्षेत्र को सेना के हवाले किया जाए, दंगा प्रभावित हिंदुओं का पलायन रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए ,बांग्लादेशों को पहचान कर तत्काल देश से निकाला जाए ,इस दौरान महानगर अध्यक्ष राजेश अवस्थी एडवोकेट ,शेर सिंह एडवोकेट ,गोविंद मिश्रा, राजेंद्र, दुर्गेश मिश्रा जिला अध्यक्ष , संतोष शर्मा, शैलेंद्र सिंह,आशीष शुक्ला, सेठ पाल सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे महानगर अध्यक्ष ने बताया संपूर्ण देश के हिंदुओं में आक्रोश व्याप्त है कानून व्यवस्था कैमरा गई है इस कारण पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना जरूरी हो गया है।

## ग्राम पंचायत असुवा सचिवालय का फर्श टूटा पाथे जा रहे उपले



स्वतंत्र प्रभात

बरेली विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत असुवा मे बना पंचायत घर का फर्श टूट गया है साथ ही पंचायत घर के गेट के पास उपले पाथे जा रहे हैं यह हाल पंचायत घर का जिसे सरकार ने मोटा पैसा खर्च करके प्रत्येक गांव पंचायत को पंचायत घर उपलब्ध कराया गया पंचायत घर में ही पंचायत सहायक को बैठकर ग्राम पंचायत के कार्य निपटान जैसी जिम्मेदारियां दी जाती हैं। परंतु यहां पर पंचायत घर को गंदगी का अंबार बना दिया गया इस तरफ किसी का भी ध्यान आकर्षित नहीं होता है इसीलिए अधिकांश पंचायत घरों की यही स्थिति बनी हुई है जिसके चलते ग्रामीण अपना निजी उपयोग कर रहे हैं इस मामले में खंड विकास अधिकारी भदपुरा कमल सिंह चौहान से बात की गई तो उन्होंने बताया संज्ञान में नहीं है संज्ञान में आते ही कार्यवाही की जाएगी ग्राम पंचायत सचिव से भी इस बिंदु पर वार्ता की गई तो वह संतोष जनक जवाब नहीं दे सके और कहा शायद कंडे हटवा दिए गए हैं पूर्तिया जानकारी नहीं है इस अंधेर नगरी चौपट राज पर कोई भी अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहा है जिसके चलते 10 लाख से लेकर 15 लख रुपए तक की लागत से बने पंचायत घरों का बुरा हाल है ग्राम पंचायत सचिव महानगर में रहकर गांव पंचायत का संचालन कर रहे हैं इसलिए यह अंधेर नगरी चौपट राज्य का धंधा पनप रहा है।

## चीनी मिलों पर किसानों से जबरन उर्वरक-कीटनाशक बिक्री का आरोप, खुदरा कृषि व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। जिले की चीनी मिलों पर किसानों पर दबाव बनाकर अवैध रूप से उर्वरक और कीटनाशकों की बिक्री कराने का गंभीर आरोप सामने आया है। इस संबंध में खुदरा कृषि व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन ने जिला कृषि अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

प्रदेश महासचिव अमित कुमार गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि जिले के सैकड़ों खुदरा कृषि व्यापारियों ने शिकायत दर्ज कराई है कि विभिन्न चीनी मिलों के कर्मचारी किसानों को धमकी और दबाव देकर अपने उत्पाद खरीदने को मजबूर कर रहे हैं।ज्ञापन में कहा गया है कि मिल कर्मचारियों द्वारा गांव-गांव जाकर किसानों से कहा जाता है कि यदि वे उनसे उर्वरक और कीटनाशक नहीं खरीदेंगे, तो उनकी गन्ना सप्लाई की सट्टा पर्ची में कटौती कर दी जाएगी या अन्य समस्याएँ खड़ी की जाएंगी। इस दबाव में किसान गुणवत्ता की परवाह किए बिना मिल कर्मचारियों से उत्पाद खरीदने को विवश हैं।

लाइसेंस और गुणवत्ता पर भी सवाल

व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि बिना लाइसेंस और मान्यता के मिल कर्मचारी खेत-खलिहानों में जाकर अवैध रूप से उर्वरक और कीटनाशक बेच रहे हैं। न तो उनके पास लाइसेंस है, न गोदाम, और न ही स्वीकृत बिक्री स्थल। इसके बावजूद किसानों को गुमराह कर उत्पाद थमाए जा रहे हैं, जिनकी गुणवत्ता संदिग्ध है और फसल पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।व्यापारियों के हितों पर भी सीधा असर

खुदरा कृषि व्यापारियों का कहना है कि यह अवैध प्रक्रिया न केवल किसानों के हितों के खिलाफ है, बल्कि उनके व्यवसाय को भी नुकसान पहुँचा रही है। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि किसानों की स्वतंत्रता और सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए इस तरह की फर्जी और दबावपूर्ण बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए, और दोषियों के



खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

अमित गुप्ता का बयान प्रदेश महासचिव अमित गुप्ता ने बताया, "पिछले काफी समय से लखीमपुर खीरी के कई व्यापारियों के फोन हमें लगातार मिल रहे थे। इन शिकायतों में चीनी मिलों द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए गांवों में जाकर अवैध रूप से उर्वरक और कीटनाशकों की बिक्री करने की बात सामने आई है। आज हम इस मामले को लेकर जिला कृषि अधिकारी और जिला परिषद अधिकारी से मिले और ज्ञापन सौंपा। हमने स्पष्ट कहा कि यह पूरी प्रक्रिया नियमों के खिलाफ है और इससे स्थानीय व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने हमें आश्वस्त किया है कि दो दिन के भीतर मिल मालिकों के साथ बैठक कर व्यापारियों के हित में समाधान निकाला जाएगा।"ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से मामले की निष्पक्ष और शीघ्र जांच की मांग की।

## मेला चैती के मंच पर शायर ने कहा कि मजाक देखिए इससे जियादा क्या होगा कि दुरंगे लोग तिरंगे की बात करते हैं

चैती मेला में आज
छोटी काशी के ऐतिहासिक मैला चैती के सांस्कृतिक मंच पर 17 अप्रैल को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन रात आठ बजे से।

स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी गोला में ऐतिहासिक मेला चैती के बारहवें दिन जफरल्लाह खान की अध्यक्षता में सांस्कृतिक मंच पर कुल हिन्द मुशायरा आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री के रूप में स्थानीय निवासी व पलिया विधायक गरीबों के मसीहा रोमी साहनीउपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथ एवं पालिका अध्यक्ष ने शमा को रोशन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कुल हिन्द मुशायरा के दौरान बोलते हुए मुख्य अतिथि रोमी साहनी ने कहा ऐतिहासिक मेला चैती समरसता का प्रतीक है। मैने कभी गरीब को इंतजार नही करवाया। हमेशा साथ में बैठाया और हमेशा गरीबों की मदद करता रहूंगा यही दुआ मांगता हूं रिंकू शुक्ला ने जो सभी धर्मो का सम्मान करने का काम किया है मैं उनको शुभकामनाएं देता हूँ। कार्यक्रम अध्यक्ष राजा जफर उल्ला खा ने कहा कि गोला पालिकाध्यक्ष सभी धर्मे के त्योहारों को सिद्दत से बनाते है।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चैती मेले में जितने हिंदू देखने आते है तो



उससे ज्यादा ही मुस्लिम आते है। यही हमारी तहजीब है। कुल हिंद मुशायरा में शायरा मुमताज नशीम (अलीगढ़) ने फरमाया-कई साल बाद मिले हो तुम कहां खो गये थे, जबाब दो। मेरे आंसुओं को न पोछे तुम मेरे आंसुओं का जवाब द एँडों।नुजहत अंजुम (गोरखपुर) लखनवी ने- दुश्मनी से तो तुम्हे कुछ नहीं मिलने वाला, दोस्ती कर लो अगर मुझको मिटाना चाहो ,बड़ी मुख्तसर है ये जिंदगी यही जिंदगी है तवील भी कोई यादे हक में गुजार दे कोई सिर्फ शौक गुनाह में। मैकश अमरोहवी (अमरोहा) ने- मेरी निगाह बदन पर ठहर गई बरना वह अपनी रूह मेरे नाम करने वाला था। मुशायरा का संचालन करते हुए नदीम फारूक गंजडुंडवारा ने कहां की मुझे इंसान रहने दे फरिश्ता न बना, इतनी तारीफ भी मत कर कि मैं पत्थर हो जाऊं। कल हिंद मुशायरा में खुर्शीद हैदर (मुजफ्फर नगर), अलीशा मेराज खान, कुंवर जावेद कोटा राजस्थानमुंबई से शकील आजमी, उत्तराखंड के रुड़की से आए सज्जाद झंझट, कार्यक्रम संयोजक मधुकर देसाई, संचालक नदीम फारूक गंज दुधवाला एटा आज ने अपनी रचनाएं सुन कर श्रोताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर सभासद साहिद अंसारी, इजरान, रज्जन खाँ, कफील अहमद, रियाजुद्दीन, दानिश राईन, धर्मेन्द्र तिवारी, नानक चन्द्र वर्मा आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## राहुल गांधी सोनिया गांधी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड का मामला चलाए जाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने किया धरना प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकरननाथ-खीरी। नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ दायर चार्जशीट को लेकर आज जिला लखीमपुर में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार और ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया है धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार और ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित है। कांग्रेस पार्टी न्यायपालिका पर भरोसा जताती है और उम्मीद करती है कि न्यायपालिका अपनी भूमिका निभाएगी। शहर अध्यक्ष रियाज़ अहमद मोनू ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार राजनीतिक हस्तक्षेप बंद करे और न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करे। सरकार विपक्ष की आवाज़ और देश के लिए हर प्रकार का बलिदान देने वाले परिवार को परेशान करने का असफल



प्रयास कर रही है। देश की जनता इसका जवाब पुरजोर तरीके से देगी। जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता ने कहा " कांग्रेस पार्टी ईडी की कार्रवाई की निंदा करती है ये लोकतंत्र के लिए खतरा है।

भाजपा सरकार ने दमन की एक व्यवस्था बना रखी है जिसे समय- समय पर विपक्ष की आवाज़ दबाने, मनमाने फैसले लागू करने, चुनाव जीतने के लिए इस्तेमाल करती है। सरकारी एजेंसियों को कठपुतली की तरह इस्तेमाल कर के देश को कमज़ोर करने का काम कर रही है। प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष रियाज़ अहमद, प्रदेश सचिव पूर्वी वर्मा, जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, रवि तिवारी, नवाज़ खां, दीपक बाजपाई, प्रेम वर्मा, के के मिश्र, मतीन शाह, अजीत जैन, अनंत राम गौतम, सतीश मिश्र, एड जावेद अली खां, लतीफ आज़म, एड0 विजेंद्र राठौर, हरगोविंद वर्मा, अकील, कोमल सिंह, एडम राम जीवन राज, अब्दुल कयुम, शिव भगवान, सलमान, रामपाल शाक्य, मोहन चंद्र उप्रेती, शिव सहाय सिंह, एड 0 शक्ति शरण गौतम, नीरज बाजपाई, इरफान किदवई आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## मुशायरा को संबोधित करते हुए विधायक रोमी साहनी अपनी रचनाएं मुशायरा में सुनते हुए

● दिल दहलाने वाला हादसा घटित

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी- जनपद के निघासन क्षेत्र में बुधवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा घटित हुआ। निघासन-खीरी मार्ग पर घोसियना के पास विकास खंड निघासन में तैनात एडीओ पंचायत विजय गुप्ता और बीसी राजेश कुमार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के मुताबिक, दोनों अधिकारी शासकीय कार्य से मोटरसाइकिल द्वारा निकले थे। जैसे ही वे घोसियना के पास पहुंचे, अचानक एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन से उनकी मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों अधिकारी सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।

पैरों में आई गंभीर चोटें- हादसे में एडीओ पंचायत विजय गुप्ता व बीसी राजेश कुमार के शरीर के अन्य हिस्सों के साथ-साथ उनके पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि टक्कर के बाद दोनों के पैरों में गहरे जख्म हो गए, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव भी हुआ। दोनों घायलों को तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। समय से एंबुलेंस के न आ पाने के कारण घायलों को खण्ड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह अपनी निजी गाड़ी से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर- फिलहाल दोनों अधिकारी जिला अस्पताल में उपचाराधीन हैं, जहां डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी स्थिति पर निगरानी रख रही है। खास तौर पर पैरों की चोटें काफी गहरी और जटिल बताई जा रही हैं, जिससे उनके जल्द स्वस्थ होने को लेकर परिवार और साथी कर्मचारियों में चिंता का माहौल है।

प्रशासनिक हलके में शोक और चिंता- हादसे की खबर मिलते ही निघासन विकास खंड कार्यालय और जिला प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। कई अधिकारी और कर्मचारी अस्पताल पहुंचकर दोनों घायलों का हाल-चाल लेने में जुटे हैं।

पुलिस ने शुरू की जांच- घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन का सुराग लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी मदद ली जा रही है।

## क्विज प्रतियोगिता में अनुप्रिया और लक्ष्मी ने मारी बाजी

● डॉ. अंबेडकर पर क्विज प्रतियोगिता और संगोष्ठी आयोजित।

स्वतंत्र प्रभात


लालगंज (रायबरेली)। बैसवारा महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें संयुक्त रूप से छात्रा अनुप्रिया सिंह व लक्ष्मी श्रीवास्तव अव्वल रही। इस मौके पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर निरंजन राय ने कहा कि हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक पालन करना चाहिए। सत्य ही वह रास्ता है जिसके माध्यम से अपने कैरियर की ऊंचाइयां प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए हमेशा सत्यता के आचरण का अनुपालन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नवीन कुमार सिंह ने किया। डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संयुक्तरूप से अनुप्रिया सिंह और लक्ष्मी श्रीवास्तव को मिला। द्वितीय स्थान कोमल कुशवाहा और तृतीय स्थान आर्य तिवारी को प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र बहादुर



सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास होता है। शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य की पूर्ति होती है। इस मौके पर प्रोफेसर पुष्पा बरनवाल, डॉ. सूर्य प्रकाश मिश्रा, अंजु सिंह, लेखाकार सुरेश कुमार गुप्ता, शिवचंद्र, हरिश्चंद्र, शिव शंकर, विशाल आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

लालगंज (रायबरेली)। क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित प्रख्यात बालेश्वर महादेव शिव मंदिर के निकट ऋषि आश्रम परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित झिलमिल महाराज ने ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाया कथा प्रसंग सुनकर मौजूद श्रोता भाव विभोर हो गये। कथा व्यास पंडित झिलमिल महाराज ने वामन अवतार और राजा बलि की कथा सुनाई इसके अलावा कथा में प्रभु श्री राम के जन्म हर्निया कश्यप और प्रहलाद का प्रसंग व भगवान शंकर के अयोध्या आगमन की कथा का मार्मिक वर्णन किया। इस मौके पर कीर्ति मनोहर शुक्ला, पप्पू मिश्रा, शिवबरन, अनुराग, आशीष, शिवगोपाल गुप्ता, रमेश माली, सत्यम गुप्ता, राजू तिवारी अभिषेक, कपिल द्विवेदी,कमल वर्मा सतीश द्विवेदी रमेश माली आदि भक्तगण मौजूद रहे।



## गांधी परिवार का देश के लोकतन्त्र पर कभी नहीं रहा भरोसा - अनुभव कक्कड़

रायबरेली, नेशनल हेराल्ड मामले में घिरे गांधी परिवार पर बयान जारी करते हुए भाजपा नेता अनुभव कक्कड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की भक्ति में सारी नैतिकता खो चुकी है। भाजपा नेता श्री कक्कड़ ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है जिसमे कानून के दायरे मे जांच होनी चाहिए। नेशनल हेराल्ड मामले 2012 मे कोर्ट मे याचिका दायर हुई उस समय देश मे कांग्रेस की सरकार थी। 2014 मे कोर्ट ने ये माना कि इस मामले मे भ्रष्टाचार हुआ है, आज कांग्रेस जिस तरह से सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बचाने के लिए न्यायालय को चुनौती दे रही है उससे कांग्रेस के चरित्र का पता चलता है। गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी ने देश के लोकतंत्र पर कभी विश्वास नहीं किया। पूर्व मे भी इलाहाबाद उच्च न्यायालय को चुनौती देते हुए देश मे आपातकाल लगा कर लोकतंत्र का गला घोटने का काम गांधी परिवार ने किया था। श्री कक्कड़ ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे विकास के नए अध्याय लिख रहा है वही कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने एक से बढ़कर एक भ्रष्टाचार के कीर्तिमान स्थापित किए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### इलेक्ट्रीशियन व ब्यूटी पार्लर ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु करें आवेदन ऑनलाइन




**भदोही** 16 अप्रैल 2025/ डिप्टी कमिश्नर इण्डस्ट्रीज आशुतोष सहाय पाठक ने जानकारी देते बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अन्य पिछडा वर्ग तथा अनुसूचित जाति/जनजाति प्रशिक्षण योजनान्तर्गत सब प्लान / ट्राइबल सब प्लान के व्यक्तियों को स्वरोजगारयुक्त बनाने के उद्देश्य से 04 माह का सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाना है। 04 माह के प्रशिक्षण में 01 माह का सैद्धान्तिक एवं 03 माह का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। योजनान्तर्गत पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी पात्र नही होंगे। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिये अन्य पिछडा वर्ग तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु इलेक्ट्रीशियन तथा महिला अभ्यर्थियों हेतु ब्यूटी पार्लर ट्रेड के लिये आवेदन पत्र ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते है, जिसमें महिलाओं को 33 प्रतिशत एवं दिव्यांगजनो को 4 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा उपलब्ध है। ऑनलाइन पोर्टल msme.up.gov.in पर भरे गये आवेदन पत्र ही मान्य होंगे। आवेदन पत्रो का चयन समिति द्वारा प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार किया जायेगा। आवेदक को आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, स्कैन हस्ताक्षर, शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। योजना से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, जोरई ज्ञानपुर में सम्पर्क कर सकते है।

### इंडियन बैंक ड्रमडगज मे दलालों को लेकर खाता धारकों में भारी आक्रोश

**बदतमीजी से करते हैं खाता धारकों से बात ब्रांच मैनेजर दलालों के दबाव में बैंक में होता है काम**



**हलिया मिर्जापुर।** इंडियन बैंक ड्रमडगज मे दलालों के दबाव में होता है बैंक के अंदर कार्य फाइल तैयार करते हैं दलाल तब होता है बैंक में मैनेजर के द्वारा किया जाता है पास बैंक के दलाल क्षेत्र में घूम कर खाता धारकों से सेटिंग करके सीसीसी वह व्यक्तिगत लोन प्रधानमंत्री बीमा योजना के अंतर्गत जितनी भी फाइलें तैयार होती है सब दलालों के द्वारा तैयार किया जाता है और दलालों के द्वारा समझौता कराया जाता है आधे दाम पर होता है समझौता ग्रामीणों ने बताया कि ब्रांच मैनेजर की मिलीभगत से ही दलालों का मनोबल बढ़ाता जा रहा है यहां तक की बैंक मित्र भी बैंक मैनेजर से शाठ गाठ करके करते हैं दलाली 2020 से लेकर आज तक लगातार इंडियन बैंक में दलाली का सिलसिला तेजी से चला आ रहा है अभी तक कोई भी दलालों के ऊपर नहीं हुआ करवाई दलाल क्षेत्र के किसानों से लेकर व्यापारियों तक का खून चूसने का प्रयास करते रहते हैं यहां तक की दलाल धमकी देकर करते हैं दलाली दलाली को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों ने बताया कि इंडियन बैंक क्षेत्रीय बैंक है जिसमें हम लोग खाता है कोई दूसरी बैंक ना होने के कारण दलालों से मिलकर करवाना पड़ता है काम इस तरीके से कब तक चलेगा जिला प्रशासन इंडियन बैंक के कर्मचारियों के ऊपर नजर रखें नहीं तो जनता हमेशा दलाली के शिकार होते रहेंगे।

### विकास भवन सभागार में संचारी रोग नियंत्रण की अंतर्विभागीय बैठक

भदोही दिनांक 16 अप्रैल 2025 को विकास भवन सभागार में संचारी रोग नियंत्रण की अंतर्विभागीय बैठक संपन्न हुई द्ध बैठक में समस्त खंड विकास अधिकारी व नगरी निकाय के अधिकारी व कर्मचारी गण तथा कृषि विभाग पंचायती राज विभाग चिकित्सा विभाग बाल विकास विभाग शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण सहित उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं 2द्धश्च के प्रतिनिधि उपस्थित रहे द्ध बैठक में समीक्षा के दौरान समस्त संबंधित अधिकारी गणों को निर्देशित किया गया कि वे संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में निर्धारित माइक्रो प्लान के अनुसार स्थल पर कार्य कराया जाना सुनिश्चित कराएं द्ध बैठक में who के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि डिप्थीरिया रोग के नियंत्रण हेतु 24 अप्रैल से 10 मई तक स्कूलों में जाकर टीकाकरण का कार्य किया जाना है, जिसके संबंध में निर्देश ग्रुप पर शेयर किए गए हैं द्ध समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अपेक्षा किया गया कि वह माइक्रो प्लान की प्रति बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करा दें ।बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह प्राप्त माइक्रो प्लान के अनुसार संबंधित स्कूलों में टीकाकरण कराए जाने के संबंध में संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य को निर्देश निर्गत किया जाना सुनिश्चित करें ।

# सदस्य राज्य महिला आयोग द्वारा अतिथि गृह ज्ञानपुर में जन-चौपाल लगाकर महिला उत्पीड़न की जनसुनवाई व समीक्षा बैठक

## महिलाओं के समग्र विकास के लिए सतत् प्रयत्नशील- सदस्य राज्य महिला आयोग

**● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न**

स्वतंत्र प्रभात




**भदोही 16 अप्रैल 2025/** उ. प्र. राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्या श्रीमती नीलम प्रभात द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं महिलाओं से संबंधित योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाए जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से जनपद भदोही के राजकीय गेस्ट हाउस ज्ञानपुर के सभागार में जागरूकता चौपाल ,महिला जनसुनवाई एंव समीक्षा बैठक किया गया। जागरूकता चौपाल व महिला जनसुनवाई में मा0 सदस्य ने अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, सीएमओ डॉ संतोष चक,जिला विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश, जिला सूचना अधिकारी डॉ पंकज कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि युवा, देश का भविष्य है। वर्तमान में हम सभी को मिलकर महिलाओं और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास करना है। मा सदस्य ने राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं को धरातल स्तर पर पहुंचाने एवं विकास की धारा से पिछड़े हुए लोगों को उंगली पकड़कर विकास पथ पर लाने हेतु समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही कहा कि हमें समस्त पात्रों को रोजगार प्रशिक्षण, ई श्रम कार्ड, स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ आदि दिए जाने पर विशेष बल देना चाहिए। महिलाओं से संबंधित समस्त योजनाओं यथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बाल विवाह, निराश्रित, वृद्धा एवं विकलांग पेंशन, रानी लक्ष्मीबाई एवं बाल सम्मान कोश की गहन समीक्षा की गई एवं समस्त विभागीय अधिकारियों को समस्त योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल द्वारा पुलिस विभाग में संचालित महिला बीटों, महिला हेल्प डेस्क व हेल्प लाइन नंबरों, महिला हलकों इत्यादि के विषय मे विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि महिला हितों व महिलाओं को न्याय दिलाने के प्रति पुलिस विभाग प्रतिबद्ध है। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, रानी लक्ष्मीबाई एवं बाल सम्मान कोश, विधवा पेंशन, वन स्टॉप सेंटर इत्यादि के विषय में जानकारी देते हुए अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, छात्रवृति योजना ,वृद्धावस्था पेंशन इत्यादि के विषय में मा सदस्य ने विस्तार से जानकारी ली।

घरेलू हिंसा व पारिवारिक समस्या ,महिला उत्पीड़न जैसी आदि समस्याएं महिला आयोग की सदस्य के समक्ष 19 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 04 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तुरन्त कर दिया गया एवं शेष प्रार्थना पत्र सम्बन्धित आधिकारी को प्रेषित कर दिया गया। जिन पर उन्होंने पुलिस को त्वरित गति से कार्य करने के लिए कहा उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा जो मामले हैं उनकी जांचकर उन पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों का संबंधित अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा किसी भी विभाग में महिला संबंधित मामला लंबित नहीं रहना चाहिए जो नियमानुसार है वह कार्यवाही अवश्य होनी चाहिए।

गेस्ट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए मा सदस्य नीलम प्रभात ने विभागवार महिला केंद्रित योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को सशक्त व ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक तिहाई आरक्षण महिलाओं को प्रदान किया है। डीआईओएस व बीएसए को सभी विद्यालयों में शौचालय ,साफ सफाई व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक को निर्देश दिया कि पीएम स्वनिधि योजना, सीएम युवा उद्यमी योजना आदि योजनाओं में कैटेगरी वाइज कितनी महिलाओं को लाभान्वित किया गया है सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। एनआरएलएम के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूह व सखी दीदी के विकास की समग्र जानकारी ली। श्रम विभाग,आपूर्ति विभाग,स्वास्थ्य विभाग, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग,अल्पसंख्यक विभाग आदि विभागों द्वारा महिला केंद्रित योजनाओं की जानकारी लेते हुए और व्यापक तौर पर लाभान्वित करने पर बल दिया।

सदस्य नीलम प्रभात ने महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय का सीएमओ एवं सीएमएस डॉ अजय तिवारी के साथ महिला वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र सहित विभिन्न वार्डो का निरीक्षण करती हुई जननी सुरक्षा योजना सहित मरीजों व महिलाओं का हाल चाल पूछते हुए उनको मुहैया कराई जाने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित किया कि बाहर की दवाई न लिखी जाए और मरीजों को सभी दवाए निशुल्क दवा वितरित की जाए। गर्मी के मौसम के दृष्टिगत ओआरएस कार्नर, हीट वेव कॉर्नर, शीतल पेयजल आदि का समुचित प्रबंध करने का निर्देश दिया।

साथ ही सखी वन स्टॉप सेन्टर, भदोही का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सेन्टर की साफ-सफाई उत्तम पायी गयी। सेन्टर में आने व जाने वाले एवं केस रजिस्टर आदि का निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि सभी रजिस्टर को प्रतिदिन अपडेट करते रहे। महिला जनसुनवाई व समीक्षा बैठक में बीएसए भूपेंद् नारायण सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश मिश्रा, प्रभारी मंजू वर्मा, महिला थानाध्यक्ष सीमा सिंह, समस्त थाना प्रभारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला 1098, चाईल्ड लाईन/वन स्टॉप सेन्टर/जिला बाल संरक्षण इकाई,विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, जिला प्रोबेशन कार्यालय से राजकुमार गुप्ता, आनन्द मौर्या, विवेक गुप्ता, गोपाल कृष्ण यादव, कुणाल गुप्ता, चॉदनी भारती, मनीषा द्विवेदी एवं आंगनबाड़ी आदि उपस्थित रही।

### अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्यकी अध्यक्षता में आई0जी0आर0एस0 की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ



**● अधिकारीगण संदर्भो का ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे सुनिश्चित-करे अपर जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 16 अप्रैल 2025-** अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, तहसील दिवस संदर्भ सहित अन्य संदर्भो के सापेक्ष प्राप्त, निस्तारित एवं लम्बित शिकायतों/प्रकरणों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। आईजीआरएस समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी ने कहां की जिन विभागों में सत प्रतिशत असंतुष्ट फीडबैक है वहां के अधिकारी कल जनसंवाद दिवस पर शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक कराए बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत अधिशासी अभियंता नलकूप के अनुपस्थिति पर अपर जिला अधिकारी कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश दिया

अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निरस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी फरियादियों/ शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के प्रति बेहद गम्भीर है, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आई.जी.आर.एस. पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करके रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी ने आई.जी.आर.एस. पर प्राप्त शिकायतों के डिफाल्टर होने व निस्तारित शिकायतों की खराब गुणवत्ता पाये जाने पर कुछ विभागीय अधिकारियों को इसमें सुधार लाने की कड़ी चेतावनी दिया, कहा कि ऐसी स्थिति नहीं आनी चाहिये कि निस्तारण की गुणवत्ता खराब होने के कारण उच्च स्तर से शिकायतें पुनः वापस आ जायं। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता का पक्ष भी अवश्य सुना जाए और सदंर्भो के निस्तारण का परिणाम से भी शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। क्योकि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही संदंर्भो का निस्तारण का मूल लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि आईजीआरएस का पैरामीटर बदल गया है असंतुष्ट फीडबैक वाले प्रकरणों को सही ढंग से निस्तारण कराए इस अवसर पर , अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह, उप जिलाधिकारी भदोही, जिला पंचायत राज अधिकारी संजय मिश्रा, ईडीएम आशुतोष श्रीवास्तव एवं संबंधित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनपद गाजीपुर में आयोजित वाराणसी जोन की 30वीं अन्तरजनपदीय भारत्तोलन कलस्टर (महिला/पुरुष) वेटलिफ्टिंग,पॉवर लिफ्टिंग व योग प्रतियोगिता



**● वर्ष-2025 में भदोही पुलिस की विजेता टीम को पुलिस अधीक्षक भदोही व अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा किया गया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** पुलिस के खिलाड़ियों ने अति उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 8 गोल्ड मेडल, 8 सिल्वर मेडल तथा वेटलिफ्टिंग पुरुष वर्ग में "चलबैजन्ती" प्राप्त किया वाराणसी जोन की 30वीं अन्तरजनपदीय भारत्तोलन कलस्टर (महिला/पुरुष) वेटलिफ्टिंग, पॉवर लिफ्टिंग व योग प्रतियोगिता वर्ष-2025 दिनांक-08.04.2025 से 10.04.2025 तक पुलिस लाइन जनपद गाजीपुर के प्रांगण में सम्पन्न हुयी। जिसमें जनपद गाजीपुर, भदोही, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सोनभद्र जनपदों के लगभग 101 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जनपद भदोही से कुल 26 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया था जिसमें भदोही पुलिस टीम द्वारा 08 गोल्ड मेडल व 08 सिल्वर मेडलप्राप्त किया गया है तथा पुरुष की भारत्तोलन टीम द्वारा ÷चल बैजयंती÷ (विजेता ट्राफी) प्राप्त किया गया है।खिलाड़ियों का अनुशासन उच्च कोटि का रहा । पूरे प्रतियोगिता के दौरान किसी भी खिलाडी/कोच द्वारा किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं प्रकट की गयी।

अभिमन्यु पुलिस, अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस कार्यालय में सभी विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार व स्पोर्ट्स ट्रैक सूट प्रदान कर प्रशंसा किया गया तथा शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस लाइन में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

## ध्रुव-चरित्र का भागवत- कथा में विस्तारपूर्वक वर्णन

**● आचार्य और श्रोता हुए भावुक तथा रो पड़े**

**बच्चों में वीरता का भाव भरना चाहिए न कि राग-द्वेष का कठोर परिश्रम से ही मिलती हैं उपलब्धियां**

स्वतंत्र प्रभात

**मिर्जापुर।** नगर के तिवराने टोला स्थित डॉ भवदेव पाण्डेय शोध संस्थान में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह के अंतर्गत चल रही कथा में व्यासपीठ से जब आचार्य डॉ ब्रह्मानन्द शुक्ल ने राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव की कथा का मार्मिक वर्णन किया तब वे खुद तो भावुक होकर रोने लगे, साथ श्रोताओं की आंखों से भी अश्रुधारा बहने लगी। डॉ शुक्ल ने गोद में बैठे राजा उत्तानपाद की बड़ी पत्नी सुनीति के पुत्र ध्रुव को द्वितीय पत्नी सुरुचि ने खींचकर गोद से नीचे उतार दिया और बालक ध्रुव ने देखा कि पिता कुछ बोल नहीं रहे तो दुःखी मन से ध्रुव मां सुनीति के पास आए। डॉक्टर शुक्ल ने कहा पुत्र का अधिकार है कि वह माता-पिता की गोद में बैठे लेकिन विमाता सुरुचि ने ध्रुव को डांटते हुए कहा कि यदि पिता की गोद में बैठना है तो मेरी कोख से तुम्हें जन्म लेना पड़ेगा।

अपमानित ध्रुव जब माँ के पास आए तो माँ ने ध्रुव का साहस बढ़ाते हुए कहा कि वन में जाओ और तपस्या करो। डॉक्टर शुक्ल ने कहा कि दरअसल माँ सुनीति पुत्र को साहसी और वीर बनाना चाहती थी। डॉक्टर शुक्ल ने उपस्थित माताओं से कहा कि बच्चों में कभी वैर-भाव नहीं पैदा करना चाहिए, इससे आगे चलकर बदला लेने की प्रवृत्ति जागृत होती है। उन्होंने ऐतिहासिक महापुरुष शिवाजी का उद्धरण देते हुए कहा कि उनकी माँ जीजाबाई की वजह से वे साहसी बने और इतिहास के पन्नों में अमर हो गए।

डॉक्टर शुक्ल ने कहा कि जब ध्रुव नगर से बाहर निकलने लगे तब उनके गुरु देवर्षि नारद ने



पूछा कि कहां जा रहे हो? ध्रुव ने उत्तर दिया कि वे सिंहासन पर बैठने जा रहे हैं। पांच महीने की कठोर साधना से देवमण्डल में हलचल मच गई और खुद नारायण को ध्रुव के पास आना पड़ा। कथा के दौरान आचार्य शुक्ल ने भगवान का मानसिक जप करते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे नकारात्मक का शमन होता है। डॉक्टर शुक्ल धार्मिक कथा में लोक जीवन के उत्थान का भी सरल उपाय बता रहे हैं, जो आमजनता के लिए अत्यंत लाभप्रद है। प्रारंभ में डॉक्टर शुक्ल का स्वागत वृजदेव पाण्डेय, सलिल पाण्डेय, प्रोफेसर शिशिर पाण्डेय एवं यथार्थ पाण्डेय ने किया।

### अवैध कब्जे पर चला प्रशासन का बुल्डोजर




**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर के निर्देश नायब तहसीलदार डॉ0 संतराज सिंह ने बर्डपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत बर्डपुर 11 की टोला चुनमुनवा में बुधवार को अवैध कब्जे पर प्रशासन का बुल्डोजर चला जिससे सरकारी जमीन से अवैध कब्जा मुक्त कराया गया। राजस्व टीम में तहसीलदार नौगढ़ विजय कुमार श्रीवास्तव के साथ नायब तहसीलदार उसका अमित सिंह, लेखपाल विनय पाण्डेय ,लेखपाल राजेश चाहर, लेखपाल देवेंद्र त्रिपाठी, पुलिस बल मौजूद थे। उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्या का कहना है कि अवैध कब्जे को हटाने के लिए इसी तरह अभियान चला कर अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। किसी भी अवैध कब्जेदार को छोड़ा नहीं जाएगा।


## डॉ भीमराव अंबेडकर के 134 वीं जयंती पर कवि सम्मेलन और बिरहा का आयोजन

**चुनार मिर्जापुर।** युवा भीम समिति ऐबकपुर मुहाना चुनार के तत्वाधान में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 134 वीं जयंती के उपलक्ष में जलकल परिसर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में कवि सम्मेलन व बिरहा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मंसूर अहमद व पूर्व प्राथमिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वी के पंकज रहे। संचालन राजस्व कर्मी उत्तम कुमार ने किया। कार्यक्रम में संजय यादव उमंग, राकेश राही ,माखनलाल झटपट, शीतला प्रसाद गौरव, राजकुमार राजन ,आदित्य गुप्ता पदयात्री आदि कवियों ने काव्य पाठ किया। तत्पश्चात कमलेश पाल मिर्जापुर और राजेश यादव चुनार के द्वारा लोकगीत वह बिरहा का गायन किया गया । इस



दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा चुनार से ब्रह्माकुमारी तारा दीदी, सुनीता दीदी, पंकज भाई, जगदीश भाई,शीतला प्रसाद यादव ,राम श्रृंगार, आशीष सिंह, राजकुमार, जयप्रकाश, अमित कुमार, रोशनी देवी, मोहनलाल ,सूरज कौशल, प्रभु दयाल, नागेश, पारस कुमार, सौरभ कौशल, संतोष यादव आदि उपस्थित रहे।

### लोवर टीशर्ट पहने गमछा ओढ़ कर एडीएम (वि/रा)अरविंद कुमार ने दो ट्रक सहित कुल लगभग 600 कुंटल गेहूं पकड़ा



स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**अपनी धाकड़ और ईमानदार शैली को लेकर जनपद में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार ने लोअर टी-शर्ट और गमछा पहनकर देहाती वेश बनाकर जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्राम खमरिया, ब्लॉक जैतीपुर, तहसील तिलहर में अवैध तरीके से दो ट्रक ओवर लोडेड ट्रक, और अवैध तरीके से बिना मंडी लाइसेंस लिए कुल लगभग 600 कुंतल गेहूं को पकड़ा गया। तहसीलदार तिलहर, मंडी



सचिव तिलहर आदि मौके पर मौजूद मिले। अवैध तरीके से ओवरलोडेड ट्रक के गेहूं और रखे गेहूं पर जुर्माना और जब्ती की कार्यवाही के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान

» **शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में थाना गोपीगंज व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना गोपीगंज,ऊँज व औराई पर मोटरसाइकिल चोरी के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए**

» **शादी विवाह व अन्य आयोजनों से मोटरसाइकिल चोरी व चोरी की मोटर साइकिल के नम्बर प्लेट व चेचिस नम्बर का प्रतिरूपण कर मोटरसाइकिल व पार्ट्स बिक्री व खरदारी करने वाले**

» **अन्तर्जनपदीय वाहन चोर संगठित गिरोह के 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की 08 मोटरसाइकिल बरामद व 01 अदद मोटरसाइकिल का चेचिस बरामद किया गया।**

स्वतंत्र प्रभात

**थाना गोपीगंज-** थाना गोपीगंज,ऊँज व औराई थाना क्षेत्र अन्तर्गत मोटरसाइकिल चोरी के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए शादी विवाह व अन्य आयोजनों से मोटरसाइकिल चोरी व चोरी की मोटर साइकिल के नम्बर प्लेट व चेचिस नम्बर का प्रतिरूपण कर मोटरसाइकिल व पार्टस बिक्री व खरदारी करने वाले गिरोह के अन्तर्जनपदीय वाहन चोर संगठित गिरोह के 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की 08 मोटरसाइकिल बरामद व 01 अदद मोटरसाइकिल का चेचिस बरामद। **पूर्व की घटना** दिनांक-03.12.2024 को श्री अनिरुद्ध निवासी ग्राम बिरमपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा थाना ऊँज अन्तर्गत वहिदा से दरवाजे पर खड़ी एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल चोरी होने के सम्बन्ध में थाना ऊँज पर सूचना दिया। दिए गए सूचना पर थाना ऊँज पर मु0अ0सं0-51/2025 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया।

दिनांक-06.06.2024 को श्री सचिन सरोज निवासी हरदोपट्टी थाना औराई जनपद भदोही द्वारा थाना गोपीगंज अन्तर्गत बाराज से एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल चोरी होने के सम्बन्ध में थाना गोपीगंज पर सूचना दिया । इस सम्बन्ध में थाना गोपीगंज सूचना पर मु0अ0सं0-169/2025 धारा 379 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। दिनांक-13.03.2023 को श्री अमर नाथ पटेल निवासी महुलिया वाराणसी थाना चोलापुर वाराणसी द्वारा थाना औराई अन्तर्गत औराई बाराज से स्प्लेन्डर प्लस चोरी होने के सम्बन्ध में थाना औराई पर सूचना दिया । इस सूचना पर थाना औराई में मु0अ0सं0-138/2025 धारा 379 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का विवरण-** अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 16.04.2025 को शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण व श्री चमन सिंह चावड़ा क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर के नेतृत्व में थाना गोपीगंज व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना गोपीगंज,ऊँज व औराई पर मोटरसाइकिल चोरी के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए शादी विवाह व अन्य आयोजनों से मोटरसाइकिल चोरी व चोरी की मोटर साइकिल बिक्री व खरदारी करने वाले गिरोह के कुल 03 अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों को ज्ञानपुर रेलवे स्टेशन ज्ञानपुर रोड के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारशुदा गिरोह में शामिल गैराज मालिक अभियुक्त मो0 ताजिम के पड़ाव रोड स्थित गैराज से थाना गोपीगंज,ऊँज व औराई सहित अन्य स्थानों से चोरी की 08 मोटरसाइकिल बरामद व 01 अदद मोटरसाइकिल का चेचिस




बरामद किया गया। गिरफ्तारी के दौरान गिरफ्तारशुदा अभियुक्तो के गिरोह में शामिल 03 अन्य सह अभियुक्त मौक से फरार हो गये है। जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास किया जा रहा है विवरण-

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगों का वाहन चोरी का संगठित गिरोह है जो अपने आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ हेतु अर्जुन उपरोक्त द्वारा गाड़ियों को चुराने का काम किया जाता है। शादी विवाह के फंक्शन से या अन्य आयोजनों के जगह से यह मोटरसाइकिल चोरी करते है। तथा मोहम्मद ताजिम चुकी गैराज चलाता है, इसलिए उन चोरी की मोटरसाइकिलों को अर्जुन इसके पास रखवा देता है। मो0 ताजिम इन मोटरसाइकिलों को बेचने के लिए ग्राहक भी ढूंढने का काम करता है तथा बाइकों की कटिंग करके बेचने का भी काम करता है। इन वाहनों को खरीदने के लिए रामबाबू उर्फ भानु स/0 जगनारायण निवासी कुलमीपुर थाना औराई जनपद भदोही आए हुए। मौके से भागने वालों के बारे में पूछने पर अर्जुन ने बताया कि इनमें गोलू निवासी धनापुर उत्तरी थाना गोपीगंज का ही है जो हमारे साथ मोटरसाइकिल चोरी का काम करता है अर्जुन ने अन्य दो भागने वालों के बारे में बता रहा है कि एक तो सुहेल पुत्र मोहम्मद सफीक निवासी पुरेभगवतपुर थाना गोपीगंज भदोही का है तथा अन्य दूसरा सचिन मारकुंडी चौकी घुरमा थाना चौपन का है यह सभी हमारे साथी हैं जो जगह-जगह से मोटरसाइकिल चोरी कर लाते हैं तथा मो0 ताजिम के यहां दे देते हैं जो बेचने काटने के बाद अपना हिस्सा काटकर हम लोगों का पैसा दे देता है। मोहम्मद ताजिम के साथ मिलकर हम लोग गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट भी बदल देते हैं तथा चेंसिस नम्बर को भी खुरच देते हैं, जिससे गाड़ी का पता न चल पाये। कड़ाई से पूछने पर अर्जुन उपरोक्त ने बताया कि इसमें से एक मोटरसाइकिल थाना गोपीगंज अन्तर्गत भगवानपुर चौथार से करीब 8,9 माह पूर्व चोरी किया गया है व अन्य मोटरसाइकिल अन्य स्थानों से चोरी किया गया है। चोरी की मोटर साइकिलों को बेचकर तथा मोटर साइकिल काटकर उसके पार्ट्स को बेचकर जो पैसा मिलता है उसे आपस में बाट लेते है।

**अपराध का तरीका-** पेशेवर तरीके से संगठित होकर अपने आर्थिक भौतिक लाभ हेतु शादी विवाह व अन्य आयोजनों से मोटर साइकिल चोरी करते है। चोरी की मोटर साइकिल के नम्बर प्लेट व चेचिस नम्बर का प्रतिरूपण कर मोटरसाइकिल व पार्टस बिक्री व खरदारी करते है।

**अभियुक्तों का नाम व पता-**

1.मो0 ताजिम पुत्र नियाज अंसारी निवासी भगवतपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 23 वर्ष ( गैराज मालिक)

2.अर्जुन बिन्द पुत्र राममिलन बिन्द निवासी मदनपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 23 वर्ष

3.रामबाबू उर्फ भानू पुत्र जगनरायण निवासी कुलमीपुर थाना औराई जनपद भदोही उम्र करीब 25 वर्ष

## संक्षिप्त खबरें

### कौशाम्बी में वक्फ बोर्ड की लगभग 100 एकड़ जमीन चिन्हित कर 93 बीघा जमीन को डीएम ने कब्जा मुक्त कराकर ग्राम समाज के सरकारी अभिलेखों में कराया दर्ज



**कौशाम्बी।** जनपद में वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति पर एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की गई है। सिराथू तहसील के कड़ा धाम क्षेत्र में लगभग 93 बीघा वक्फ बोर्ड की सम्पत्ति को प्रशासन ने कब्जा मुक्त कराते हुए ग्राम समाज के सरकारी खाते में दर्ज कराया है। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि जिले में कुल 98.95 हेक्टेयर भूमि वक्फ बोर्ड के नाम पर दर्ज है। जिसमें अब तक 93 बीघा वक्फ सम्पत्ति को कब्जा मुक्त करते हुए सरकारी खाते में दर्ज कराया गया है। जांच में यह पाया गया है कि वक्फ बोर्ड के नाम से पहले या भूमि ग्राम समाज के खाते में दर्ज थी। जिले के तीनों तहसीलों में जांच टीम गठित कर दी गई है। ग्राम समाज की खतौनी को भी चेक कराया जा रहा है। ज्यादातर वक्फ सम्पत्ति पर कब्रिस्तान और मदरसे बने हुए हैं। वक्फ सम्पत्ति से पहले ग्राम समाज के खाते में कुछ भूमि दर्ज थी। जांच के बाद वक्फ सम्पत्ति को कब्जा मुक्त कराया जायेगा और फिर उस भूमि को हम सरकारी खाते में दर्ज करायेंगे।

### भ्रष्टाचार कादीराबाद प्रधान कैसे मानदेय के साथ ले रहे वृद्धा पेन्शन का लाभ

**कौशाम्बी।** जनपद में मंझनपुर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कादिराबाद के ग्राम प्रधान रोशन सिंह पुत्र बैजनाथ सिंह जो वर्तमान समय में ग्राम प्रधान है और 2015 में उनकी पत्नी तारा देवी प्रधान थी तारा देवी के प्रधान कार्यकाल में उनके पुत्र ने कैटलसेट की धनराशि 131000 हजम कर लिया और लगभग 20 से 25 गांव के लोगों के नाम केटलसेट का पैसा प्राइवेट फॉर्म के नाम निकाल लिया जिन व्यक्तियों के नाम कैटलसेट का पैसा निकाला गया उनको इस बात की जानकारी नहीं है कि हमारे नाम कैटलसेट पास हुआ है ग्राम प्रधान के दोनों पुत्र के नाम राशन कार्ड बना हुआ है जिसमें नीलम देवी पत्नी धर्मेंद्र सिंह 217440191431 एवं रीना देवी पत्नी जीतेन्द्र सिंह 217440502570 का राशनकार्ड जारी है। जबकि नीलम देवी पत्नी धर्मेन्द्र सिंह ने कैटल सेंड का भी लाभ ले चुकी है लेकिन मौके पर निर्माण कार्य नहीं किया गया।ग्राम प्रधान खुद वृद्धा पेन्शन का लाभ ले रहे हैं जिसकी जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी के सूची में गोबरसहाई की लिस्ट में 126 नम्बर पर अंकित है क्या गरीबों का हक ग्राम प्रधान को लेना चाहिए जबकि ग्राम प्रधान ग्राम प्रधान का मानदेय भी ले रहे हैं अगर जिला अधिकारी ने विस्तृत जांच कराई तो ग्राम प्रधान के ऊपर गाज गिरना तय है इतना ही नहीं इसी तरह नत्थी देवी पत्नी राम नरेश के स्थान पर अपने भतीजे को अन्तोदय राशन कार्ड जारी कर दिया अधिकारियों को गुमराह करके खाद्य रसद विभाग के अधिकारियों ने जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी जांच वीडियो से करने के लिये एक पत्र जारी करने का आश्वासन दिया है।

### भाजपा का विरोध करते-करते सनातन धर्म व देवी देवताओं तथा वीर योद्धाओं का विरोध करने लगे सपा सुप्रीमो व सपा नेता-विपुल त्रिपाठी

**पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा सपा महासचिव व विधायक इंद्रजीत सरोज का भारत के मन्दिरों की शक्ति पर दिया बयान निन्दनीय**

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय सवर्ण समाज पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय सह प्रभारी तथा केसरिया जागृति मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विपुल त्रिपाठी ने कहा कि हाल ही सपा महासचिव तथा मंझनपुर विधायक इन्द्रजीत सरोज द्वारा कौशाम्बी में एक समारोह के दौरान दिया गया यह बयान-भारत के मंदिरों में शक्ति होती तो आक्रान्ता व लुटेरे न आते मंदिर की शक्ति पर संदेह जैसा बयान एक सुलझे हुए नेता के लिए अच्छा नहीं और हाल ही आगरा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा वीर योद्धा राणा सांगा पर दिया बयान बेहद अशोभनीय और विवादिक बयान है और विपुल त्रिपाठी ने यह भी कहा कि कभी सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को गौशाला से बदबू आना और गौशाला की जगह इत्र के पार्क बनाने की बात कभी स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरित मानस की प्रतिया फाड़ने का समर्थन कभी रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा के लिए अशोभनीय बयान का समर्थन तो अब सपा महासचिव के इस मन्दिर के बयान पर खामोशी यह साफ जाहिर कर रही हैं कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व इस पार्टी के नेता भाजपा का विरोध करते करते अब सनातन व मन्दिर तथा वीर योद्धाओं पर अशोभनीय टिप्पणीयां यह दर्शाती हैं कि सपा पूर्णतः सनातन विरोधी हैं और ऐसे बयानों से सपा नेताओं को बचना चाहिए और अपनी सोच में परिवर्तन करना चाहिए वरना इसका खामियाजा आगामी विधान सभा चुनाव 2027 में सपा को नुकसानदेय हो सकता है।

## नगर पंचायत की लापरवाही पर भड़के विधायक, चेयरमैन और ईओ को लगाई फटकार

**● कहा– करोड़ों रुपये देने के बाद भी हालात बदतर, टैंकर तक खराब पड़े हैं।**



स्वतंत्र प्रभात


**शंकरगढ़ (प्रयागराज)।** नगर पंचायत शंकरगढ़ की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। भीषण गर्मी में जब जनता बूंद-बूंद पानी को तरस रही है, तब तमाम सरकारी योजनाएं और करोड़ों की फंडिंग के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं। इसे लेकर बुधवार को बारा विधायक डॉ. वाचस्पति ने नगर पंचायत कार्यालय में समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई।

विधायक ने बताया कि नवंबर माह में ही विधायक निधि से 1 करोड़ 23 लाख रुपये नगर पंचायत को दिए गए थे, जिससे नगर में मूलभूत सुविधाएं, खासकर पीने के पानी की व्यवस्था दुरुस्त की जानी थी। इसके अलावा शासन स्तर से भी एक करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है, परंतु आज भी आम नागरिक पानी के लिए परेशान है।बैठक के दौरान सभासदों ने भी खुलकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि न तो समय से बैठकें होती हैं और न ही हमें किसी कार्य की जानकारी दी जाती है।

सभासदों ने चेतावनी दी कि यदि यही स्थिति रही तो वे आगामी सभी बैठकों का बहिष्कार करेंगे और जिलाधिकारी से लिखित शिकायत करेंगे।नगर पंचायत की बड़ी नाकामी यह है कि क्षेत्र में एक भी पानी का टैंकर चालू हालत में नहीं है। सभी टैंकर खराब पड़े हैं, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। इस पर विधायक डॉ. वाचस्पति ने कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि दो से तीन दिन के भीतर सभी टैंकरों को सही कराया जाए और जल निगम से तत्काल 30 टैंकर नगर पंचायत को उपलब्ध कराए जाएं,। जिससे लोगों को पानी की समस्या से राहत मिल सके।

बैठक में चेयरमैन प्रतिनिधि छेदी लाल कोटार्य, विधायक प्रतिनिधि फूल चंद्र पटेल, एवं श्यामू निषाद, विधायक मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अखिलेश पटेल, शक्तिमान पाल, युवराज सिंह, राहुल पांडेय, राम जतन बंसल, सभासद मोहित कुमार, प्रकाश चंद गुप्ता, आरके सिंह, दीपक केसरवानी,अतुल प्रकाश, पुष्पा सिंह, पप्पू भारती, कमलेश कुमार, चंदन साहू समेत कई लोग मौजूद रहे।

## जिला मजिस्ट्रेट ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम के तहत कुल 02 लोगों को किया जिला बदर




**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट मधुसूदन हुल्गी ने गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम-1970 के अन्तर्गत कुल 02 लोगों को जिला बदर करने का आदेश दिया है। जिला बदर होने वालों में- संगम लाल पुत्र झुर्री निवासी ग्राम-बेरुवा, थाना-चरवा जनपद कौशाम्बी को 02 माह के लिए एवं नबी अहमद पुत्र-सगीर अहमद निवासी मोहल्ला नया नगर कस्बा व थाना-मझंनपुर जनपद कौशाम्बी को 02 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

## गैस रिसाव के बाद हुआ जोरदार धमाका, ब्लास्ट के साथ लगी आग में आठ लोग झुलसे!





स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** जिले में गैस रिसाव से धमाके के साथ एक घर में आग लग गई। घटना में दो परिवार के आठ लोग झुलस गए। कमरे की दीवार जमींदोज हो गई। झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, उदयपुर थाना इलाके के भंवरी गांव में अशोक कुमार का परिवार खाना खाने के बाद रात दस बजे एक ही कमरे में सो रहा था। इस बीच कमरे में ही रखे गैस सिलेंडर में रिसाव शुरू हो गया। धीरे-धीरे पूरे कमरे में गैस भर गई। रात 2 बजे के करीब गैस का प्रेशर इतना बढ़ा कि अशोक के कमरे में जोरदार धमाका हो गया। धमाके के बाद आग लग गई और अशोक समेत पत्नी रेनू, पुत्र सनी, रवि और किशन झुलस गए। धमाके के चलते अशोक के कमरे की पक्की दीवार भी दो तरफ से धराशायी हो गई। दीवार गिरते ही बगल के कमरे में सो रहे भाई विजय की पत्नी गीता, उनकी दोनों बेटियां प्रिया व रियांशी भी झुलसकर घायल हो गए। दोनों कमरों के बीच बनी दीवार धमाके में गिरने के बाद भाई विजय के परिवार के लोग भी चपेट में आ गए। रात दो बजे हुई घटना के बाद घायलों को सांगीपुर सीएचसी लाया गया। यहां हर गंभीर देख सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां भी हालत में सुधार नहीं होने पर घायलों को प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। कुछ घायलों की हालत नाजुक भी बताई जा रही है। गनीमत रही कि गैस सिलेंडर में धमाका नहीं हुआ, वर्ना बड़ी अनहोनी से इंकार नही किया जा सकता था।

## वक्फ (संशोधन) कानून पर गुरुवार को भी होगी सुनवाई

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अहम सुनवाई हुई.मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने इस मामले में दो अहम पहलुओं पर विचार करने की बात कही। साथ ही अदालत ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से 'वक्फ बाई यूजर% के मुद्दे पर जवाब मांगा है.

अब अगली सुनवाई गुरुवार को होगी।

न्यायालय अंतरिम आदेश के पहलू पर कल अपराह्न 2 बजे पक्षों की सुनवाई करेगा। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा- "हमारा अंतरिम आदेश समानता को संतुलित करेगा। हम कहेंगे कि जो भी संपत्तियां न्यायालय द्वारा वक्फ घोषित की गई हैं, उन्हें गैर-वक्फ नहीं माना जाएगा या उन्हें गैर-वक्फ नहीं माना जाएगा... चाहे वह उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ हो या नहीं। कलेक्टर कार्यवाही जारी रख सकते हैं... लेकिन प्रावधान लागू नहीं होंगे। बोर्ड और परिषद के संबंध में... पदेन सदस्य नियुक्त किए जा सकते हैं। लेकिन अन्य सदस्य मुस्लिम होने चाहिए।" यद्यपि मुख्य न्यायाधीश खन्ना आदेश सुनाने वाले थे, लेकिन भारत के सॉलिसिटर जनरल और अन्य प्रतिवादियों के वकीलों द्वारा अंतरिम आदेश से पहले सुनवाई के लिए जोरदार अनुरोध के बाद, न्यायालय ने मामले की सुनवाई कल के लिए स्थगित कर दी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने आज दो घंटे से अधिक समय तक मामले की सुनवाई की और निम्नलिखित कुछ प्रावधानों के बारे में विशेष चिंताएं व्यक्त कीं। सीजेआई ने मौखिक रूप से कहा कि जो भी संपत्ति उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ घोषित की गई है, या न्यायालय द्वारा घोषित की गई है, उसे अधिसूचित नहीं किया जाएगा. साथ ही अदालत ने कहा कि पदेन सदस्य नियुक्त किए जा सकते हैं, उन्हें धर्म की परवाह किए बिना नियुक्त किया जा सकता है, लेकिन अन्य मुस्लिम होने चाहिए।

यचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा। सिब्बल ने कहा कि यह संशोधन संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन करता है, जो धार्मिक समुदायों को अपने धार्मिक मामलों के प्रबंधन की स्वतंत्रता देता है. उन्होंने सवाल उठाया, "कानून के मुताबिक, मुझे अपने धर्म की आवश्यक प्रथाओं का पालन करने का अधिकार है। सरकार कैसे तय कर सकती है कि वक्फ केवल वही लोग बना सकते हैं, जो पिछले पांच साल से इस्लाम का पालन कर रहे हैं?"

सिब्बल ने यह भी तर्क दिया कि इस्लाम में उत्तराधिकार मृत्यु के बाद मिलता है, लेकिन यह कानून उससे पहले ही हस्तक्षेप करता है. उन्होंने अधिनियम की धारा 3(सी) का हवाला देते हुए कहा कि इसके तहत सरकारी संपत्ति को वक्फ के रूप में मान्यता नहीं दी जाएगी, जो पहले से वक्फ घोषित थी।

सिब्बल ने कहा कि 20 करोड़ लोगों के अधिकारों को इसके आधार पर हड़पा जा सकता है। सिब्बल ने कहा कि पहले कोई लिमिटेशन नहीं थी. इनमें से कई वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण किया गया था। वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने कहा कि यह कानून इस्लाम धर्म की अंदरूनी व्यवस्था के खिलाफ है। अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में दलील देते हुए कहा कि 8 लाख में से 4 वक्फ हैं, जो उपयोगकर्ता के द्वारा हैं. उन्होंने इस बात को लेकर चिंता जताई कि वक्फ अधिनियम में किए गए संशोधन के बाद इन संपत्तियों पर खतरा उत्पन्न हो गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, 'अदालत इस समय उस कानून पर सुनवाई कर रही है, जिसे व्यापक चर्चा और विचार-विमर्श के बाद लाया गया है।

वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने भी दलीलें दीं और कहा, "हमने सुना है कि संसद की जमीन भी वक्फ की है. वहीं सीजेआई खन्ना ने जवाब दिया, "हम यह नहीं कह रहे कि सभी वक्फ गलत तरीके से पंजीकृत हैं, लेकिन कुछ चिंताएं हैं." उन्होंने सुझाव दिया कि इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट को सौंपी जा सकती है. सिब्बल की दलीलों पर सीजेआई ने कहा, "ऐसे कितने मामले होंगे? मेरी समझ से व्याख्या आपके पक्ष में है. अगर किसी संपत्ति को प्राचीन स्मारक घोषित करने से पहले वक्फ घोषित किया गया था, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा।"

सिंघवी ने कहा कि अनुच्छेद 25 और 26 को पढ़ने से ज्यादा अनुच्छेद 32 क्या है, यह ऐसा मामला नहीं है जहां मीलॉर्ड्स को हमें हाईकोर्ट भेजना चाहिए। अभिषेक मनुसिंघवी ने कहा कि वक्फ संसोधित अधिनियम के रूल 3( 3)(डीए) में कलेक्टर को व्यापक रूप से परिभाषित किया गया है. लोगों को अधिकारी के पास जाने के लिए बनाया गया है. वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने कहा कि अनुच्छेद 26 देखें, मैं आवश्यक धार्मिक तर्क से भटक रहा हूं, यह यहां महत्वपूर्ण नहीं है. कृपया धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के बीच अंतर देखें, इसमें धार्मिक आवश्यक अभ्यास के प्रश्न का उत्तर देने की आवश्यकता नहीं है। अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने भी कहा कि अधिनियम की धारा 3( आर) के तीन पहलुओं पर ध्यान देना जरूरी है. खासकर इस बात पर कि 'इस्लाम का पालन करना' यदि आवश्यक धार्मिक अभ्यास माना जाता है, तो इसका प्रभाव नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर भी पड़ सकता है.




अहमदी ने कहा कि यह अस्पष्टता पैदा करता है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी तीखे सवाल पूछे. सीजेआई ने एसजी तुषार मेहता से कहा, वक्फ बाई यूजर क्यों हटाया गया. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 14,15वीं सदी की अधिकांश मस्जिदों में बिक्री विलेख नहीं होगा. अधिकांश मस्जिदें वक्फ बाई यूजर होंगी.इस पर एसजी ने कहा कि उन्हें इसे पंजीकृत करवाने से किसने रोका? सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि अगर सरकार कहने लगी कि ये जमीनें सरकारी हैं तो क्या होगा? याचिकाकर्ता की तरफ से सिब्बल ने राम जन्मभूमि के फैसले का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि धारा 36, आप उपयोगकर्ता द्वारा बना सकते हैं, संपत्ति की कोई आवश्यकता नहीं है. मान लीजिए कि यह मेरी अपनी संपत्ति है और मैं इसका उपयोग करना चाहता हूं, मैं पंजीकरण नहीं करना चाहता.

सुप्रीम कोर्ट ने सिब्बल से पूछा कि पंजीकरण में क्या समस्या है? सिब्बल ने कहा कि मैं कह रहा हूं कि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को समाप्त कर दिया गया है, यह मेरे धर्म का अभिन्न अंग है, इसे राम जन्मभूमि फैसले में मान्यता दी गई है. सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि वे कहेंगे कि यदि वक्फ 3000 साल पहले बनाया गया है तो वे डीड मांगेंगे।

एसजी तुषार मेहता ने कहा कि अदालत इस समय उस कानून पर सुनवाई कर रही है, जिसे व्यापक चर्चा और विचार-विमर्श के बाद लाया गया है. अब मैं वह सच्चाई सामने रख रहा हूं, जिसे याचिकाकर्ता नजरअंदाज कर रहे हैं. इस कानून को बनाने के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया गया था. इस समिति ने कई बैठकें कीं, देश के प्रमुख शहरों का दौरा किया, विभिन्न पक्षों से परामर्श किया और प्राप्त हुए 29 लाख सुझावों पर गंभीरता से विचार किया उसके बाद इसे सदन में पास करवाया गया। एडवोकेट राजीव शकधर ने कहा कि मूल रूप से अनुच्छेद 31 को हटा दिया गया था. वे संपत्ति के साथ कब छेड़छाड़ कर सकते हैं? नैतिकता, स्वास्थ्य आदि के अधीन, किसी को मुस्लिम के रूप में प्रमाणित करने के लिए उन्हें 5 साल की परिवीक्षा अवधि की आवश्यकता होती है। इस मामले में AIMIM नेता असदुद्दीन ओवैसी, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB), जमीयत उलमा-ए-हिंद, DMK, और कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी व मोहम्मद जावेद सहित 72 याचिकाएं दायर की गई हैं।

## 'उर्दू विदेशी भाषा नहीं, इसी धरती पर पैदा हुई', सुप्रीम कोर्ट

स्वतंत्र प्रभात



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उर्दू में साइन बोर्ड को लेकर एक अहम टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि भाषा एक संस्कृति है और यह लोगों को आपस में बांटने की वजह नहीं बननी चाहिए। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि उर्दू हमारी गंगा-जमुनी तहजीब या हिंदुस्तानी तहजीब का शानदार नमूना है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने यह टिप्पणी की।सुप्रीम कोर्ट में महाराष्ट्र के अकोला जिले में पातुर नगर पालिका परिषद की इमारत के साइनबोर्ड पर उर्दू के इस्तेमाल को चुनौती दी गई थी। अदालत में इसे लेकर पूर्व पार्षद ने याचिका दायर की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा गया है कि किसी भाषा के प्रति हमारी गलत धारणाओं और पूर्वाग्रहों को सच्चाई से परखा जाना चाहिए। आइए, हम उर्दू और हर भाषा से दोस्ती करें। यह गलत धारणा है कि उर्दू भारत के लिए विदेशी है, उर्दू ऐसी भाषा है जो हमारी ही धरती पर पैदा हुई है। फैसले में कहा गया है कि भाषा धर्म नहीं है और यह धर्म का प्रतिनिधित्व भी नहीं करती, भाषा एक समुदाय, एक क्षेत्र, एक लोगों की होती है, न कि किसी धर्म की।" अदालत ने कहा कि हमें अपनी विविधताओं का आदर करना चाहिए। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने बॉम्बे हाई कोर्ट के उस फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसमें कहा गया था कि Maharashtra Local Authorities (Official Languages) Act, 2022 या किसी कानूनी प्रावधान के तहत उर्दू के इस्तेमाल पर प्रतिबंध नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, "उर्दू के खिलाफ पूर्वाग्रह इस गलत धारणा की वजह से पैदा हुआ है कि उर्दू भारत के लिए विदेशी है। यह राय गलत है क्योंकि मराठी और हिंदी की तरह उर्दू भी एक इंडो-आर्यन भाषा है। उर्दू ऐसी भाषा है जो हमारे देश में जन्मी है।" कोर्ट ने कहा कि उर्दू भारत में अलग-अलग संस्कृति से जुड़े लोगों की जरूरत के कारण विकसित हुई और ऐसे लोग आपस में बातचीत करना चाहते थे।

अदालत ने फैसले में कहा, "आज भी देश के आम लोगों की भाषा में उर्दू का इस्तेमाल होता है, भले ही उन्हें इसके बारे में बहुत ज्यादा पता ना हो। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि हिंदी में हर दिन की बातचीत उर्दू के शब्दों या उर्दू भाषा से निकले शब्दों के बिना नहीं हो सकती।

हिंदी शब्द खुद फारसी के शब्द 'हिंदवी' से आया है।"अदालत ने यह भी कहा कि संविधान के अनुच्छेद 348 के मुताबिक, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की भाषा अंग्रेजी है फिर भी कोर्ट में कई उर्दू शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है जैसे वकालतनामा, दस्ती आदि। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के विचार को बरकरार रखते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद का काम लोगों की सेवा करना और उनकी जरूरत को पूरा करना है। ऐसे में अगर नगर पालिका परिषद के इलाकों में रहने वाले लोग उर्दू जानते हैं तो कम से कम नगर पालिका के साइन बोर्ड पर आधिकारिक भाषा मराठी के अलावा उर्दू का इस्तेमाल करने पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

## अपने शीर्ष नेताओं का अपमान नहीं सहेगी कांग्रेस पार्टी- गौरव पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** आज जिला कांग्रेस कमेटी की एक इमरजेंसी मीटिंग कांग्रेस कार्यालय मंझनपुर में जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में बुलाई गई जिसमें पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ नेशनल अवार्ड मामले में फर्जी तरीके से मुकदमा दर्ज करने का विरोध किया गया । मीटिंग के पश्चात भारी संख्या में एकत्रित होकर के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता भाजपा विरोधी नारा लगाते हुए जिला अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर जिला अधिकारी का घेराव किया तथा चेतावनी दी कि अगर ईडी द्वारा फर्जी तरीके से हमारे नेताओं को फसाने का प्रयास करेगी तो कांग्रेस पार्टी इसका जवाब सदन से लेकर के सड़क तक उतर कर देगी । मीटिंग को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि सत्ताधारी भाजपा सरकार लगातार विपक्षी नेताओं को फर्जी मुकदमा में फंसने का प्रयास करती है जिस तरह से नेशनल हेराल्ड मामले में हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी और हमारे नेता राहुल गांधी जी को फंसाया जा रहा है तथा चार्ज सीट लगा करके मुकदमा पंजीकृत किया गया है बहुत ही निन्दनीय है और बीजेपी जिस तरह से गन्दी राजनीति करने का काम कर रही है यह बहुत ही निन्दनीय है और इसका जवाब कांग्रेस जन सड़क से लेकर सदन तक देंगे बैठक को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर पार्टी ने कहा कि बीजेपी बदले की राजनीति करती है और मुकदमा के माध्यम से विपक्षी नेताओं को फसाने का कार्य करती है बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू ने कहा कि जिस तरह से हमारे नेताओं सहित सभी विपक्षी नेताओं को फसाने का काम किया जा रहा है जनता सब कुछ देख रही है इसका जवाब आने वाले चुनाव में अवश्य देगा धरने को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ नेता उपाध्यक्ष मनोज पटेल ने चेतावनी दी कि बीजेपी गंदी राजनीति करना बंद कर दे अगर इसी तरह गन्दी राजनीति करते रहे तो इसका भुगतान उसे करना पड़ेगा बैठक को संबोधित करते हुए अल्प संख्यके प्रकोष्ठ के नेता डॉ मुमताज सिद्दीकी ने कहा कि जिस तरह से ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग बीजेपी कर रही है यह बहुत ही चिंतनीय है बीजेपी संस्थाओं को खरीद कर डरा कर धमका कर विपक्षियों को परेशान करने का काम कर रहे हैं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नैयर रिज़्वी ने कहा की हिंदू मुस्लिम के नाम पर बीजेपी भाई-भाई को लड़ाने का काम कर रही है

तथा समाज में जहर बोलने का काम कर रहे हैं जिला महासचिव राम सूरत रैदास ने कहा की बीजेपी इस तरह की राजनीति करना बन्द करें और जो जनता के मुद्दे हैं वह बेरोजगारी का मुद्दा हो महंगाई का मुद्दा हो या भ्रष्टाचार का मुद्दा हो उसे पर काम करने का काम करें धरने को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय छात्र संगठन उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने कहा कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है युवा दर दर भटक रहा है आम आदमी महंगाई से त्रस्त है तथा भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन बीजेपी सरकार इन सब मुद्दों पर बात न करके केवल हिंदू मुस्लिम और भाई भाई को लड़ाने का काम कर रहे बैठक के बाद जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन धरना में मुख्य रूप से पूर्व सचिव रामबदुर त्रिपाठी, जिला महासचिव कौशलेश द्विवेदी उदय यादव युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अलकमा सिद्दीकी, रजिया, नैयर रिजीवी, बेगम, NSUI अध्यक्ष सैफ मंसूरी, रामसूरत रैदास, अमृत लाल, छोटे लाल, बिफाई, मोहम्मत मुसलिम ब्लॉक अध्यक्ष मंझपुर, हेमंत कुमार रावत, बाबू लाल, रमेश रामकिशन, सुधीर कुमार, अर्श खुरशीद, श्याम सिंह भदौरिया,गोरकी देवी, उष्मान अली ,मंजीत कुमार, पुष्पराज सिंह, आसिफ़ अल्वी, मोहम्मद आजाद, सलमान अहमद, शिवभूषण गोस्वामी, विवेक मिश्रा माइकल, फूलचंदर, अनिल कुमार, राम प्रकाश पंडा, रमेश चंदर, विमलेश तिवारी, बैजनाथ, अविनाश पाल, शादा शिव पाण्डेय, अनिल शेन, गोकुल प्रकाश कुशवाहा, रामबाबू , बैज नाथ सरोज, फैजान, सलमान, फूल जाते लगभग सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## केपीएस भरवारी में हुआ इण्टरहाउस क्विज प्रतियोगिता- ग्रीन हाउस ने मारी बाज़ी

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** केपीएस भरवारी में आज इण्टरहाउस क्विज़ कम्पीटिशन का आयोजन अत्यन्त उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ किया गया। यह ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता मुख्य रूप से करेन्ट अफेयर्स , साइन्स टेक्नोलॉजी और स्पोर्ट्स जैसे विषयों पर आधारित थी। प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी टीम भावना, आत्मविश्वास और तीव्र सोच का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस इण्टरहाउस क्विज़ का उद्देश्य विद्यार्थियों में समसामयिक ज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना, उनके सोचने-समझने की क्षमता को प्रोत्साहित करना और टीमवर्क की भावना को बढ़ावा देना था। आयोजन की शुरुआत विद्यालय के प्रांगण में पारम्परिक विधि से की गई, जहाँ सभी प्रतिभागी अपने-अपने हाउस की पहचान के साथ उपस्थित हुए।

प्रतियोगिता में सभी हाउस ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन ग्रीन हाउस ने सबसे बेहतरीन तालमेल और उत्तरों की सटीकता के साथ विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। ग्रीन हाउस की विजेता टीम में क्लास 11th साइन्स से पूजा कुमारी और कृति केसरवानी ,क्लास 12th साइन्स उत्कर्ष केसरवानी, मानसी गुप्ता, सौरभ मौर्य और प्रत्यूष सोनी थे।इन विद्यार्थियों ने न केवल प्रश्नों के सही उत्तर दिए, बल्कि हर राउण्ड में अपनी सूझबूझ और सामूहिक निर्णय क्षमता का भी बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में रैपिड फायर राउण्ड, पिक द राइट ऑप्शन, और ऑडियो-विजुअल राउंड जैसे भाग भी सम्मिलित थे, जिससे प्रतियोगिता और अधिक रोचक बन गई।

जूरी मेंबर के रूप में दीपक खरवार, शशांक श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव और सौरभ सिंह मौजूद रहे इन सभी निर्णायकों ने निष्पक्ष और विवेकपूर्ण ढंग से प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया और विद्यार्थियों के उत्तरों को बड़ी गहराई से परखा। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने प्रेरणादायी संदेश में कहा कि हमारे विद्यार्थी जब ऐसे मंचों पर अपने ज्ञान और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि वे आने वाले समय के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मैं ग्रीन हाउस की विजेता टीम को हार्दिक बधाई देती हूँ और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को उनके प्रयास के लिए सराहती हूँ। विद्यालय के डायरेक्टर, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया और प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। सम्पूर्ण आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञान और प्रेरणा का अनमोल स्त्रोत बना, जो उन्हें आगे भी अपने अकादमिक और सह-पाठ्यक्रम जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।

## घूसखोर दफ्तर का रिश्वतबाज बाबू 15 हजार रुपए घूंस सहित कई रकम ऑनलाइन कराई ट्रांसफर, एडीएम ने बैठाई जांच

**● आरा मशीन संचालक ने लगाए गम्भीर आरोप, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर किये शेयर**

**कौशाम्बी:** यूपी में रिश्वत के रोज नये - नये मामले सामने आ रहे हैं. इसी कड़ी में कौशाम्बी के मंझनपुर में स्थित प्रभागीय वनाधिकारी (DFO) कार्यालय में बाबू राजेन्द्र कुमार सिंह पर रिश्वतखोरी का आरोप लगा है. पीड़ित का कहना है कि बाबू हर बार ऑनलाइन रिश्वत की रकम ट्रांसफर कराता है. प्रमाण के तौर पर पीड़ित ने बाबू को ट्रांसफर की गई रकम के कई स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं. वहीं, यह मामला एडीएम तक पहुंच गया है. उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही है। जानकारी के मुताबिक सिराथू तहसील के कामसिन गांव में एक आरा मशीन संचालित होती है. यहां आसपास के गांव के लोग लकड़ी की कटाई करवाते है. आरा मशीन के संचालक वसीम के मुताबिक उन्होंने लाइसेन्स के नवीनीकरण के लिए दफ्तर में आवेदन किया था। उनका आरोप है कि प्रभागीय वनाधिकारी (DFO) कार्यालय में तैनात बाबू ने लाइसेन्स नवीनीकरण करने के लिए 15 हजार रुपए की डिमाण्ड की इसके बाद संचालक ने घूस के पैसे ऑनलाइन माध्यम से बाबू के खाते में ट्रांसफर कर दिये इसके बाद बाबू ने कई बार पैसे की डिमाण्ड की।संचालक का आरोप है कि बाबू कभी उनसे 500 तो कभी 700 की डिमाण्ड करता और ऑनलाइन ट्रांसफर कराता. इससे नाराज होकर पीड़ित आरा मशीन संचालक ने हंगामा कर दिया।हंगामे के दौरान, बाबू ने महिलाओं के सामने गाली-गलौज की जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई. इस घटनाक्रम की जानकारी मीडिया में आने के बाद बाबू ने रिश्वत की राशि वापस करने की बात




कहने लगा. पीड़ित वसीम ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है. वहीं, संचालक ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के कई स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल कर डीएफओ कार्यालय में भ्रष्टाचार को लेकर गम्भीर आरोप लगाए हैं। घूस का यह मामला एडीएम न्यायिक तक पहुंच गया है. एडीएम न्यायिक प्रबुद्ध सिंह ने बताया कि डीएफओ कार्यालय में घूंस लिए जाने का प्रकरण संज्ञान में आया है. इस मामले की जांच कराई जा रही है. जांच के बाद जो भी सत्यता सामने आएगी उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।ह्य

# संक्षिप्त खबरें

4.

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आम जनता ने की मुलाकात, समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



**रांची, झारखंड** – कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में आज राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए आम लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से सभी से रूबरू होकर उनकी परेशानियों को सुना और उनसे संबंधित आवेदन भी प्राप्त किए। श्री सोरेन ने सभी को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का उचित और शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए हमारी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर कई सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

## सामाजिक कार्यों में सहयोगात्मक व्यवहार के लिए सम्मानित किए गए अरविंद सिंह

उप-प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने किया सम्मानित, कहा सेवा सकारात्मक प्रभाव डालता

**चंदवा, झारखंड** –चंदवा के उप-प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने बुधवार को सामाजिक कार्यों में सहयोगात्मक व्यवहार के लिए ग्रीन फील्ड एकेडमी के डायरेक्टर अरविंद कुमार सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उप प्रमुख ने कहा कि समाज सेवा लोगों के बीच सकारात्मक प्रभाव डालता है। अरविंद सिंह का विभिन्न सामाजिक कार्यों में बड़ा योगदान रहता है, खासकर चंदवा में शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने में इनका बहुमूल्य योगदान है। मौके पर वरीय पत्रकार राजेश प्रसाद, युवा भारत के विनय कुमार रिक्की, अंकित कुमार, अक्षय यादव, बिनीत कुमार, रविराज आदि मौजूद थे।

## सामाजिक कार्यों में सहयोगात्मक व्यवहार के लिए सम्मानित किए गए अरविंद सिंह

**उप-प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने किया सम्मानित, कहा सेवा सकारात्मक प्रभाव डालता**



**चंदवा, झारखंड** – चंदवा के उप-प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने बुधवार को सामाजिक कार्यों में सहयोगात्मक व्यवहार के लिए ग्रीन फील्ड एकेडमी के डायरेक्टर अरविंद कुमार सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उप प्रमुख ने कहा कि समाज सेवा लोगों के बीच सकारात्मक प्रभाव डालता है। अरविंद सिंह का विभिन्न सामाजिक कार्यों में बड़ा योगदान रहता है, खासकर चंदवा में शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने में इनका बहुमूल्य योगदान है। मौके पर वरीय पत्रकार राजेश प्रसाद, युवा भारत के विनय कुमार रिक्की, अंकित कुमार, अक्षय यादव, बिनीत कुमार, रविराज आदि मौजूद थे।

## कुमारपुर पंचायत भवन के पीछे चापाकल का निर्माण- झारखंड कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम ने दिलाई राहत




**पाकुड़, झारखंड** – पाकुड़ जिले के कुमारपुर पंचायत भवन के पीछे, फेकू अंसारी के घर के सामने एक चापाकल का निर्माण कराया गया। यह पहल झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव जनाब तनवीर आलम द्वारा की गई।गांव के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर तनवीर आलम से संपर्क किया था। ग्रामीणों की बात को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों से बात की और शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उनकी सक्रियता के चलते जल्द ही चापाकल का निर्माण कार्य पूरा किया गया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली।चापाकल के निर्माण से गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने नेता निशात आलम को भी आभार और दुआएं दीं। कुमारपुर की जनता ने जनाब तनवीर आलम का जोरदार स्वागत किया और "कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद", "निशात आलम जिंदाबाद", "आलमगीर आलम जिंदाबाद" के नारों के साथ अपनी खुशी जाहिर की।

# नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन, सुरजीत नागवाला ने कहा ~ ईडी की मनमानी नहीं होगी बर्दाश्त

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग/नई दिल्ली** – नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट के विरोध में आज दिल्ली में कांग्रेस पार्टी द्वारा ज़बरदस्त प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला ने भी हिस्सा लिया। दिल्ली के 24 अकबर रोड स्थित एआईसीसी मुख्यालय पर आयोजित इस प्रदर्शन में देशभर से हजारों की संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता जुटे। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने पूरे कांग्रेस कार्यालय की घेराबंदी कर दी और ब्रैरिकेडिंग के जरिए प्रदर्शनकारियों को बाहर निकलने से रोका गया। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रही और कई कांग्रेस नेताओं को हिरासत में भी लिया गया। झारखंड से पहुंचे कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गोप, वरिष्ठ नेता मदन महतो, शमशेर आलम सहित कई अन्य नेताओं ने भाग लेकर विरोध जताया। इस मौके पर सुरजीत नागवाला ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं से डरे हुए हैं। इसलिए ईडी जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर राहुल गांधी और सोनिया गांधी को झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है।

लेकिन यह साजिश ज्यादा दिन तक नहीं चलेगी। देश की जनता अब जान चुकी है कि देश गलत हाथों में है। हम ईडी की मनमानी बर्दाश्त नहीं करेंगे और सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रहेगा।

प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गोप ने भी कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता ईडी से डरने वाला नहीं है। हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर मंच पर लड़ाई लड़ेंगे,÷ उन्होंने कहा। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा दर्जनों कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया। इस अवसर पर ओबीसी विभाग के



नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जय हिंद का भी कांग्रेस कार्यालय में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। झारखंड से पहुंचे सुरजीत नागवाला और ओमप्रकाश गोप ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और झारखंड आने का निमंत्रण दिया, जिसे डॉ. अनिल जय हिंद ने सहर्ष स्वीकार किया। डॉ. अनिल जय हिंद ने कहा कि आज मैंने पदभार ग्रहण किया और इसी दिन से प्रदर्शन शुरू हो गया, यह दर्शाता है कि ओबीसी विभाग पूरे जोश के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ संघर्षरत रहेगा। झारखंड से मेरा पुराना नाता है और मैं जल्द ही झारखंड दौरे पर आऊंगा। पूरे देश में ओबीसी समाज की हक और अधिकार की लड़ाई को नई दिशा दी जाएगी। आज का यह विरोध प्रदर्शन कांग्रेस की एकजुटता और ईडी की कार्यप्रणाली के खिलाफ उसके दृढ़ रुख को दर्शाता है। पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह लोकतंत्र और नेताओं की गरिमा की रक्षा के लिए हरसंभव संघर्ष करेगी।

## हजारीबाग में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का सफल आयोजन, जमीन विवाद के मामलों की रही अधिकता



स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड** – मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के निर्देशानुसार तथा झारखंड राज्य के महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक, रांची के आदेश के आलोक में हजारीबाग जिले में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संध्या रानी मेहता, पुलिस उप महानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखंड रांची की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम जिले के तीन प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। आयोजन स्थलों में न्यू समाहरणालय हजारीबाग, बरही थाना परिसर, बड़कागांव थाना परिसर शामिल हैं। इन तीनों स्थानों पर कुल 95 जन शिकायतें प्राप्त हुईं। प्राप्त शिकायतों में से 5 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। प्राप्त शिकायतों में अधिकांश मामले जमीन विवाद से संबंधित पाए गए, जो कि क्षेत्र में नागरिकों के बीच एक प्रमुख चिंता का विषय बना हुआ है। कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की समस्याओं को सुनना, त्वरित समाधान प्रदान करना तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना था। पुलिस विभाग ने यह आश्वासन दिया कि शेष लंबित मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी ताकि नागरिकों को शीघ्र न्याय मिल सके।

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने किया विरोध

स्वतंत्र प्रभात

**लातेहार, झारखंड** – प्रदर्शन लातेहार। जिला मुख्यालय में कांग्रेस ने बुधवार को रैली निकाली एवं समारणालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया. यह विरोध प्रदर्शन केंद्र सरकार की अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटि के प्रति राजनीतिक बदले की कार्रवाई के विरोध में किया गया. इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव ने किया.मौके पर श्री उरांव ने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में पार्टी नेतृत्व के खिलाफ मनमाने और अन्यायपूर्ण तरीके से आरोप पत्र दायर किया गया है. यह कानूनी प्रक्रिया का मामला नहीं है. यह एक प्रायोजित अपराध है. सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ हाल ही में आरोप पत्र दायर कर सरकार ने शक्ति का घृणित दुरूपयोग किया गया है. यह एक लोकतांत्रिक विपक्ष पर सीधा हमला है. कांग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा करती है।

प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम ने



भी कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हिटलरशाी कर रही है. देश में धर्म व संप्रदाय के आधार पर बांट रही है। कांग्रेस इसे कभी बरदास्त नहीं करेगा.मौक पर अल्पसंख्यम मोर्चा जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि बरवाडीह पिंटू सिंह, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमीत यादव, विधानसभा अध्?यक्ष शहादत हुसैन उर्फ टिंकू, इमरान अंसारी, मिथिलेश पासवान, साजन कुमार, प्रिंस गुप्ता, अफरोज आलम, फूलचंद यादव, वाजिद अंसारी, मो मासूक, दानिश आलम, सोहेल अंसारी, कुलदीप यादव, राजीव कुमार व जफर हुसैन आदि मौजूद थे. कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उपायुक्त लातेहार को सौंपा।

## हजारीबाग में चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता अभियान का आयोजन, लोगों को दी गई कानून संबंधी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड** – झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), हजारीबाग द्वारा चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कटकमदाग प्रखंड मुख्यालय एवं सुल्ताना पंचायत मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सहायक एलएडीसी ओसिता कीर्ति रंजन ने उपस्थित लोगों को कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि डीएलएसए एक ऐसा मंच है, जहां लोगों को त्वरित, सरल और निःशुल्क न्याय की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया कि वे छोटे-छोटे विवादों के समाधान के लिए डीएलएसए की सहायता लें और आपसी सुलह समझौते के माध्यम से विवादों को



निपटाएं। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि अब आम लोग घर बैठे भी निःशुल्क कानूनी सलाह ले सकते हैं। इसके लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 जारी किया गया है, जिसे किसी भी समय उपयोग में लाया जा सकता है।

सहायक एलएडीसी ने उपस्थित जनसमूह को बाल विवाह, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसे सामाजिक कुरीतियों के बारे में जागरूक किया और इनसे बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कानून के माध्यम से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। पीएलवी विकास कुमार पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएलएसए की भूमिका और कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे विधिक सेवा प्राधिकरण की सुविधाओं का लाभ उठाएं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। कार्यक्रम में पीएलवी सूरज कुमार, उमेश कुमार, रूपेश रंजन, तरुण कुमार सिन्हा, नवाज आलम समेत कई महिला-पुरुष उपस्थित थे। सभी ने विधिक जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की और इसे बेहद लाभकारी बताया।

## जल पखवाड़ा के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**लातेहार, झारखंड**- लातेहार। झारखंड शिक्षा परियोजना एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में जल पखवाड़ा2025 का आयोजन किया जा रहा है. इसके तहत बुधवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम ने छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जल पखवाड़ा पर छात्राओं को जल जनित बीमारियों, पीने के पानी के सुरक्षित संचालन के बारे में बताया गया.उन्?होने कहा कि जल पखवाड़ा 16 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा. उन्?होने कहा कि जल संरक्षण ज़रूरी है क्योंकि पृथ्वी पर जीवन के लिए पानी बहुत ज़रूरी है और यह एक सीमित संसाधन है. यह हमारे शरीर के ऊर्जा स्रोत, स्वास्थ्य और संतुलित विकास का मूल आधार है. जल के बिना हम न तो जीवित रह सकते हैं और न ही कोई जीवनरूपी रचना अस्तित्व में आ सकती है। यह समुद्रों, नदियों, झीलों और तालाबों के रूप में प्रकृति में विद्यमान है और हमें इसे बचाएं और संरक्षित रखने की जरूरत है। इसलिए हमें जल के महत्व को समझना चाहिए और इसकी सुरक्षा और उपयोग को संभालने का संकल्प लेना चाहिए. विद्यालय में जल पखवाड़ा की गतिविधियों पर इको क्लब के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम तीन बार आयोजित किया जाएगा. मौके पर विद्यालय की प्राचार्य ज्योति ज्योत्सना, यूनिसेफ के संजीत कुमार आदि मौजद थे।

## वक्फ बिल संशोधन के विरोध में सरकारी एवं हिंदुओं की संपत्ति क्षतिग्रस्त करना राष्ट्र विरोधी कृत्य - हिंदू विचार मंच

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड** – भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के आलोक में भारत की लोकसभा और राज्यसभा से पारित तथा माननीय राष्ट्रपति की स्वीकृति के उपरांत देश में लागू वक्फ संशोधन बिल का विरोध अलोकतांत्रिक तरीके से करते हुए सरकारी और निजी संपत्तियों को क्षतिग्रस्त करना भारतीय संप्रभुता को चुनौती देना है। इसके पूर्व भी देश में सीएए, तीन तलाक और कृषि बिल के विरोध में सरकारी संपदा को नुकसान पहुँचाने के अलावा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से देश को भारी क्षति उठानी पड़ी है। इन दिनों वक्फ संशोधन बिल का विरोध भी देश के कई राज्यों में होता दिख रहा है।

हिंदू विचार मंच का कहना है कि बिल के विरोध की आड़ में इस्लाम, हमास और फिलीस्तीन के नारे लगाते हुए राष्ट्रीय संपदा को आग के हवाले करना और पुलिस पर हमला करना क्या भारतीय संप्रभुता को चुनौती देना नहीं है।वहीं बिल के विरोध में पश्चिम बंगाल राज्य के मुर्शिदाबाद, मालदा और 24 परगना में




बड़े पैमाने पर हिंसा का सहारा लेकर सरकारी संपदा को आग के हवाले कर दिया गया और पुलिस पर पथराव भी किया गया।मंच ने आगे कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट में वक्फ बिल के विरोध में याचिकाएं दायर की गई हैं, तो फिर विरोध की आड़ में मुस्लिम उपद्रवियों द्वारा बड़े पैमाने पर हिंदुओं से मारपीट कर निजी संपत्तियों को क्षतिग्रस्त करना क्या संवैधानिक मूल्यों के विपरीत नहीं है, जिससे लोगों को परिवार सहित पलायन करना पड़ा।वहीं ममता सरकार द्वारा ऐसे तत्वों पर कार्रवाई न करने के कारण उन्हें सह मिलती रही है। हालांकि माननीय उच्च न्यायालय कोलकाता के सख्त निर्देश पर उन क्षेत्रों में केंद्रीय बल तैनात किए गए हैं।

मंच ने पूरे दावे के साथ कहा है कि वक्फ के विरोध के तहत मुस्लिम राष्ट्र विरोधी तत्वों ने इस्लाम, हमास के झंडे और फिलीस्तीन के नारे लगाए, क्या यह राष्ट्र विरोधी कृत्य नहीं है। मुर्शिदाबाद में भारतीय एजेंसियों ने पाकिस्तानी आईएसआई की सक्रियता की पुष्टि कर दी है।ऐसी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को केंद्र सरकार को पूरी गंभीरता से लेते हुए त्वरित कठोर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में विरोध के नाम पर राष्ट्र विरोधी तत्वों का साहस टूट जाए।मंच ने एक सवाल के जवाब में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सभी राष्ट्रवादी मुस्लिम भाइयों और बहनों की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती रही है और ऐसा करना राष्ट्रीय धर्म भी है लेकिन राष्ट्र विरोधी तत्वों को मजहब के नाम पर भारत में अराजकता फैलाने की छूट नहीं मिलनी चाहिए।

## विकास राणा बने झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय समिति सदस्य

● झारखण्ड मुक्ति मोर्चा को मजबूत करना एकमात्र लक्ष्य - विकास राणा

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग** – विकास राणा को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का केन्द्रीय समिति सदस्य नियुक्त किया गया इसके लिए पार्टी के संस्थापक संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन का झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के नवनिर्वाचित केन्द्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का, गाण्डेय की विधायक कल्पना सोरेन का, झारखण्ड सरकार के केबिनेट मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का, केबिनेट मंत्री योगेन्द्र महतो का, पार्टी के वरीय नेता विनोद कुमार पाण्डेय का, दर्ज़ा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा का, हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया सहित झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के सभी वरिष्ठ नेतागण का आभार व्यक्त किया। 13वाँ केन्द्रीय महाधिवेशन, राँची में केन्द्रीय समिति सदस्य नियुक्त होने के बाद विकास राणा ने कहा कि नवनिर्वाचित केन्द्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में संगठन




मजबूत होगा ! पार्टी ने मुझे दायित्व देकर जो सम्मान दिया है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूरा करूंगा ! झारखण्ड मुक्ति मोर्चा को मजबूत करना मेरा लक्ष्य है। विकास राणा को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का केन्द्रीय सदस्य नियुक्त किये जाने पर बधाई देनेवालों में मुख्य रूप से आनन्द सिंह, आफताब आलम, अजय कुमार, विवेक राणा, वीरेंद्र राणा, मो सलीम, अजय साव, मो खलील, नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश, नगर सचिव निसार अहमद, जितेन्द्र कुमार, कमाल कुरैशी, नईम राही, राजकिशोर प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## बिना हेलमेट-लाइसेंस के वाहन चलाना पड़ा महंगा, एक दिन में काटा गया 1.02 लाख रुपये का चालान

**त्रिवेणीगंज में पुलिस की सख्ती से मचा हड़कंप, 250 वाहनों पर हुई कार्रवाई**

**त्रिवेणीगंज (सुपौल)**- ट्रैफिक नियमों की अनदेखी अब वाहन चालकों पर भारी पड़ने लगी है। बुधवार को त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र में चलाए गए विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 250 से अधिक दोपहिया चालकों पर कार्रवाई की। इनमें अधिकतर चालक बिना हेलमेट, वैध ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य जरूरी दस्तावेजों के वाहन चला रहे थे। थानाध्यक्ष रामसेवक रावत ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। डीएसपी आवास के समीप विशेष रूप से चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें भारी संख्या में ऐसे चालक पकड़े गए जो नियमों की अनदेखी कर रहे थे।

## दो सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल, तीन की हालत नाजुक



स्वतंत्र प्रभात

**त्रिवेणीगंज (सुपौल)**- थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों पर मंगलवार की संध्या हुए सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। पहली घटना डपरखा के पास हुई, जहां बाजार से प्रतापपुर की ओर जा रही एक ई-रिक्शा में विपरीत दिशा से आ रही बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में ई-रिक्शा सवार मोहम्मद वासिल (उम्र 48 वर्ष), पिता मोहम्मद अजीर, निवासी प्रतापपुर तथा बाइक सवार खलील अहमद अंसारी (उम्र 52 वर्ष), पिता यूसुफ अंसारी, निवासी प्रतापपुर वार्ड संख्या 2 गंभीर रूप से घायल हो गए।

दूसरी दुर्घटना एनएच 327ई पर पिपरा-त्रिवेणीगंज मार्ग स्थित बघला पुल के समीप हुई। यहां एक तेज रफ्तार अज्ञात चारपहिया वाहन ने बाजार से मलहनमा की ओर जा रहे बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बरेरवा वार्ड संख्या 15 निवासी प्रवेश कुमार (उम्र 26 वर्ष), पिता विशुन यादव तथा मधेपुरा जिले के शंकरपुर थाना क्षेत्र के इकराहा वार्ड संख्या 3 निवासी प्रदीप राम (उम्र 25 वर्ष), पिता लक्ष्मण राम गंभीर रूप से घायल हो गए।

अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक डॉ. उमेश कुमार मंडल ने बताया कि चारों घायलों में से तीन की हालत नाजुक है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया है। वहीं, त्रिवेणीगंज थानाध्यक्ष रामसेवक रावत ने बताया कि दोनों घटनाओं को लेकर अब तक किसी भी पक्ष की ओर से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आवेदन मिलने पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

## बरही थाना परिसर में आयोजित जिलास्तरीय जन शिकायत समाधान शिविर में पहुंचे कई फरियादी, पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड** – बरही थाना परिसर में बुधवार को जिलास्तरीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में अनुमंडल क्षेत्र के सैकड़ों आम नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायतें रखीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ जोहान टुडू ने की, जबकि एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बरही सीओ अमित किस्कू, चौपारण सीओ संजय यादव, बरकट्ठा सीओ श्रवण कुमार झा सहित अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर उपस्थित रहे। बरही थाना परिसर में आयोजित इस शिविर में बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार, बरही सर्किल इंस्पेक्टर चन्द्रशेखर कुमार, बरकट्ठा सर्किल इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, पदमा थाना प्रभारी राणा बहादुर प्रताप सिंह, बरकट्ठा थाना प्रभारी मुकेश भोक्ता, गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार और महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप भी मौजूद रहीं। एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता की शिकायतों को सुनना और त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। अधिकारियों ने प्रत्येक



शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि इस तरह के शिविरों से प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की भावना मजबूत होती है और समाधान की प्रक्रिया को गति मिलती है। शिविर में मो. जावेद अख्तर, हरिलाल यादव, प्रकाश यादव, मो तौकीर रजा समेत सैकड़ो फरियादी अपने अपने मामलों को लेकर आवेदन दिया। इसके अलावा पुलिस अवर निरीक्षक बादल हेम्ब्रम, नरेंद्र पांडेय, रंजीत भगत, सीआई रितलाल रजक, सुरेंद्र पासवान, निशांत कुमार सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी व जवानों ने शिविर में सहयोग किया। बरही थाना के कर्मी अनिमेश कुमार, संजय कुमार, नीरज कुमार, गणेश यादव, सकलदेव यादव, बिनोद राम, घनश्याम पासवान, सकलदेव पासवान और सत्यानंद दास भी मौजूद रहे।

## चौपारण थाना क्षेत्र में वाहन लूट की कोशिश नाकाम, पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

● बरही एसडीपीओ व सर्किल इंस्पेक्टर ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड** – चौपारण थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह वाहन लूट की एक बड़ी वारदात को चौपारण पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नाकाम कर दिया। इस संबंध में बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल एवं सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। घटना मंगलवार सुबह करीब 3 बजे की है, जब एक पिक-अप वाहन संख्या बीआर 56 जी 3518 का चालक मानु कुमार बगोदर से बिहार सब्जी लेकर जा रहा था। इसी दौरान जब वह रसोईयाधमना टोल प्लाजा पार कर ग्राम सिंधरावां के पास पहुंचा, तो तीन अपराधियों ने उसका पीछा कर जबरन वाहन को रोक लिया और उसे लूट कर भागने लगे। भागते समय वाहन चालक की सूचना पर अन्य वाहन चालकों की मदद से चौपारण थाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की और अपराधियों का पीछा किया। इस दौरान तीन में से एक अपराधी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया,



जबकि दो अन्य अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। उनकी गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान जारी है। गिरफ्तार अपराधी विशाल कुमार राणा पिता संतोष राणा रसोईयाधमना निवासी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पिक-अप वाहन बीआर 56 जी 3518, वाहन में लोड लगभग 1000 से 1200 किलोग्राम करैला सब्जी, एक ओप्पो कंपनी का स्मार्टफोन शामिल है। छापेमारी में पुअनि बिंदेश्वर महतो, पुअनि दिव्य प्रकाश, सअनि कैलाश चंद्र महतो, सअनि लालचंद साह, हवलदार गोपाल प्रसाद सिंह, आरक्षी विजय कुमार सिंह शामिल थे। एसडीपीओ ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द ही सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया



**कानपुर।** थाना रावतपुर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक वांछित आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी धारा 65(1),351(3) वीएनएस व 5(एल)/6 पोक्सो एक्ट में वांछित था। वांछित अभियुक्त सुधीर कुमार तिवारी पुत्र स्वर्गीय शिव कुमार उम्र 45 वर्ष निवासी नमक फैक्ट्री चौराहा शराब ठेके के पीछे रावतपुर कानपुर नगर को आज थाना रावतपुर पुलिस टीम निरीक्षक विजय कुमार यादव मय हमराह उ0नि0 करूणा शंकर मिश्रा आरक्षी हरवेन्दर सिंह, मु0अ0 अरूण कुमार द्वारा दलहन बाऊण्ड्री के पीछे निर्माणाधीन स्थल बम्बा रोड के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### कानपुर में ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का विरोध मार्च



**कानपुर।** आज कानपुर कांग्रेस मुख्यालय से राहुल गांधी जी एवं सोनिया गांधी पर ईडी द्वारा किए जा रहे मुकदमों और राजनीतिक प्रतिशोध के खिलाफ कांग्रेसजनों ने विरोध मार्च निकाला। कांग्रेस का आरोप है कि राजनैतिक प्रतिशोध के लिए यह कार्यवाही की जा रही है। विरोध मार्च में कांग्रेस नेता हाथों में तख्तियां लिए थे और नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर कांग्रेस ने आलोक मिश्रा ने कहा कि ईडी की यह कार्रवाई न केवल लोकतंत्र की हत्या है, बल्कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के नेतृत्व को बदनाम करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस डरने वाली नहीं है। हम अन्याय के खिलाफ हर मोर्चे पर लड़ते रहेंगे।

### बैतालपुर चीनी मिल नहीं चली तो होगी आर पार की लड़ाई

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में बैतालपुर चीनी मिल को चलाने हेतु कलेक्ट्रेट में किसानों द्वारा चलाए जा रहा धरना 144 वें दिन जारी रहा। देश में सर्वाधिक चीनी मिल वाला जिला एक चीनी मिल के लिए तरस रहा है जहां कभी 14 चीन मिलें चलती थी। कहा कि बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए ही बेची गई थी परंतु क्रेता और विक्रेता तथा तत्कालीन सरकार की दुरभि संधि के चलते मिल अपने अनुबंध के अनुसार नहीं चली और वर्तमान सरकार ने तो अपने उदासीनता की सीमा पार कर दिया। मुख्यमंत्री चार चार बार सार्वजनिक मचं से घोषणा करते हैं कि बैतालपुर में चीनी कंपलेक्स बनाएंगे परन्तु अभी तक जिले को कोई उपलब्धि नहीं मिली। समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए किसान तपस्या कर रहे हैं परंतु जिम्मेदार धृतराष्ट्र बने हुए हैं यदि चीनी मिल चलाने हेतु जल्दी निर्णय नहीं लिया जाता है तो किसान आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। इस अवसर पर राम प्रकाश सिंह, विकास दुबे, मुनीब सिंह चौहान ,राजू चौहान ,बकरीद उर्फ बरकत अली, रत्नेश मिश्रा, मंजू चौहान, विजय कुमार सिंह, सुभाष यादव, घनश्याम मिश्र, रामनिवास पांडेय, राजकुमार गोस्वामी, दिनेश पांडे, शंभू नाथ तिवारी, पन्ने लाल चौहान, डॉक्टर चंद्रिका यादव, पन्नालाल पाठक, शिवप्रसाद बारी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### तमंचा के साथ एक गिरफ्तार

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में मंडी समिति चौकी प्रभारी श्यामदेव सिंह तथा उनकी टीम आरक्षी विपिन कुमार, कुलदीप द्विवेदी व विवेक राजा ने आरोपी जगतपाल पटेल निवासी मछरिहा शिवरामपुर कोतवाली कर्वी को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गांजा कारोबारी गिरफ्तार

**शिवरामपुर, चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शिवरामपुर चौकी प्रभारी शनि चतुर्वेदी व उनकी टीम आरक्षी विवेक कुमार, दीप प्रताप व आरक्षी चालक विपिन कुमार के साथ आरोपी राजू सिंह उर्फ रज्जू निवासी ग्राम खटेहरा थाना बदौसा जनपद बांदा को एक किलो 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# नारामऊ में एक्सीडेंट के बाद जिलाधिकारी ने आज उस डेंजर कट को कराया बंद, अन्य ब्लाक स्पाट पर भी बंद होंगे कट

**● काल एक कार और बस के एक्सीडेंट में तीन महिला शिक्षक और ड्राइवर की हो गई थी मृत्यु।**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जिलाधिकारी कानपुर नगर जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया है कि÷नारामऊ के पास कट की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए आगामी तीन माह के लिए कट को बंद कर दिया गया है। जल्द ही, जनपद के सभी 20 ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठोस कदम उठाए जाएंगे।" जिलाधिकारी के निर्देश पर आज जनपद में 6 लेन जीटी रोड पर नारामऊ के पास कट होने की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए एक टीम भेज कर वहां बने कट को तत्काल बंद करा दिया गया है द्य जिलाधिकारी ने बताया कि विभिन्न माध्यमों से यह पता चला कि जनपद में नारामऊ के पास कट होने की वजह से कई दुर्घटनाएं हुई , जिसमें कई लोग हताहत हो चुके हैं। इसलिए मामले को गंभीरता से लेते हुए आज ही सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) आकांक्षा पांडेय और अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खंड, लो. नि. वि. अनूप मिश्रा को मौके पर भेज कर उक्त कट को आगामी तीन माह के लिए बंद कर दिया गया है।

अभी यह कार्रवाई तात्कालिक रूप से की गई है, जबकि इन समस्याओं के निराकरण हेतु दीर्घकालिक उपाय किए जाने पर मंथन किया जा रहा है। शीघ्र ही, जनपद के सभी 20 ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठोस कदम उठाए जाएंगे। ये हैं जनपद के 20 ब्लैक स्पॉट- गुजैनी बाईपास(एनएचएआई), नौबस्ता चौराहा कट (एनएचएआई), यशोदा नगर चौराहा, (एनएचएआई), बर्रा बाईपास (एनएचएआई), नारामऊ (एनएचएआई) रामपुर दुर्गा मंदिर(एनएचएआई), शंभुआ पुल (एनएचएआई), हड़हा पुल (एनएचएआई), कनौजिया पेट्रोल पंप (एनएचएआई), किसान नगर (एनएचएआई),भौंती (एनएचएआई), ब्रह्म देवमंदिर (एनएचएआई), दादा नगर, विजय नगर, फजलगंज, बीओबी चौराहा, शनिदेव मंदिर, फजलगंज जूट मिल चौराहा (पीडब्ल्यूडी), विजय नगर, दादा नगर ढाल (पीडब्ल्यूडी), राहा गांव ढाबा के पास(पीडब्ल्यूडी), परास मोड़ के पास(पीडब्ल्यूडी)नौरंगा चौराहे के पास(पीडब्ल्यूडी), जहानाबाद बिल्लू ढाहा के पास रोड (पीडब्ल्यूडी) कुआं खेड़ा जवाहर नाला के पास रोड (पीडब्ल्यूडी) पनकी पड़ाव के पास (पीडब्ल्यूडी)





## शादी में रोड़ा बनने पर बेटे ने की अपनी मां की हत्या

**● बेटे के ससुराल वाले मकान उसके नाम करने का दबाव बना रहे थे। मां नहीं थी तैयार**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** कानपुर में एक बेटे ने अपनी ही मां की चाकू से वारकर हत्या कर दी। हत्या की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। इलाकाई लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी पाकर एडीसीपी साउथ महेश कुमार ने फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। साथ ही फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाये । पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

घटना स्थल पर एडीसीपी महेश कुमार ने बताया कि हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत नारायण पुरी में ये घटना हुई है। पुलिस ने आरोपी राजा को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका का नाम प्रमिला है उम्र लगभग 50 वर्ष है। वह अपने पति रुस्तम उर्फ धर्मेंद्र के साथ फतेहपुर रिफ्यूजी कालोनी में रहती थी। प्रमिला हनुमंत विहार के नारायणपुरी की रहने वाली अपनी बेटी प्रीतू सिंह के घर पर दस दिन पहले दांत का इलाज कराने के लिए आई थी। इसी दौरान बेटे ने वारदात को अंजाम दिया।

बताया जाता है कि बेटे की शादी तय हो चुकी है। मृतक महिला इस शादी के पक्षधर नहीं थी और इसीलिए बेटे ने अपनी मां की चाकुओं से वार कर हत्या कर दी। यह भी बताया गया है कि बेटे के ससुराल वाले मकान उसके नाम करने का दबाव बना रहे थे जिसके लिए मां तैयार नहीं थी। मां के मना करने पर ही उसने चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी।

## Samastipur News- समस्तीपुर में सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

स्वतंत्र प्रभात

**समस्तीपुर** में बुधवार की सुबह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में एनएच 28 पर अकलू चौक के पास की है। मृतक की पहचान फतेहपुर बाला के वार्ड 10 निवासी 33 वर्षीय पुत्र मंचित कुमार के रूप में हुई है। वह राजमिस्त्री का काम करता था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार मंचित कुमार प्रतिदिन की तरह राजमिस्त्री का काम करने के लिए घर से निकले थे। इस दौरान घर से कुछ ही दूर एनएच 28 पर पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे की सुचना पर पहुंचे परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।



मृतक के बड़े भाई लगनदेव सिंह ने बताया कि मंचित अपने परिवार का एकलौता कमाने वाला था। उसके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटी और एक बेटा है। जिनका पालन-पोषण वह मजदूरी करके करता था। उसकी मौत से तीनों बच्चों के सर से बाप का साया हट गया। मुसरीघरारी थाना अध्यक्ष फैजूल अंसारी ने बताया कि घटना की सुचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेजा गया है। परिजनों ने सरकार से सड़क दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजे की मांग की है, क्योंकि अब घर में कमाने वाला कोई नहीं बचा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आईजीआरएस रैकिंग में नहीं आनी चाहिए गिरावट- डीएम

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** आईजीआाएस, कर-करेत्तर एवं सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम से कार्यो की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने आइजीआरएस के संबंध में कहा कि मार्च माह में जनपद को प्रदेश में 12वां स्थान प्राप्त हुआ, जो संतोषजनक है। इसमें और सुधार करते हुए अप्रैल माह तक टॉप फाइव रैंकिंग में लाए। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन बिंदुओं पर सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग प्रभावित हुई है, उन बिंदुओं पर में प्रगति कराए अन्यथा संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि समस्या निस्तारण के समय मौके पर जांच कर ली जाने वाली फोटो को कंप्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से अपलोड करें कराए। कहा कि समस्या निस्तारण के शासन की गाइड लाइन के अनुसार करें। कहा कि एक वर्ष में जिन विभागों को आईजीआरएस में कम रैकिंग प्राप्त हुई है, उनका विवरण मांगा जा रहा है। अतः गंभीरता के साथ कार्य करें जिससे कि जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे।

इसके बाद डीएम ने कर-करेत्तर के तहत राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति कराना सुनिश्चित करें। कहा कि पोर्टल पर दर्ज धारा 24 के मामलों को निस्तारित करें। इसमें कोई भी मामला लंबित नहीं रहना चाहिए। कहा कि जनपद में गेहूं की कटाई हो गई है। इसलिए सीमांत स्तंभ से पैमाइश लगवाकर करवाए। पैमाईश आख्या के संबंध में कहा कि लेखपाल व कानूनगो की संयुक्त टीम बनाकर पैमाइश कराकर दाखिल करें। आरसी के संबंध में कहा कि चारों तहसीलों में आरसी का मिलान किया जाएगा तथा जो वसूली योग्य है उसकी वसूली करें। कहा कि कोई भी ग्राम पंचायत जीएसटी नंबर के बिना कार्य नहीं करा सकती। कहा कि 328 ग्राम पंचायत में 148 ग्राम पंचायत के पास जीएसटी नंबर है। जिन ग्राम पंचायत के पास जीएसटी नंबर नहीं है, वह तत्काल जीएसटी नंबर के लिए आवेदन कराए। खनिज अधिकारी व एआरटीओ को निर्देशित किया कि जनपद में ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए। इसके लिए पुलिस विभाग के साथ संयुक्त टीम बनाकर अभियान चलाकर कार्यवाही करें। आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि मंदाकिनी नदी किनारे नकली शराब बनाने वाले भट्ठियों को तोड़े एवं कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उपजिलाधिकारी



मानिकपुर मोहम्मद जसीम, राजापुर हर्षिता देवड़ा, अपर उपजिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, आलोक कुमार सिंह, आईजी स्टांप रामसुंदर यादव, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, उपायुक्त राज्य कर विक्रम अजीत, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, डिप्टी आरएमओ अविनाश झा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## प्राथमिकता से हो किसान समस्याओं का निराकरण

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कलेक्टरेट सभागार में किया गया। जिसमें डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुनते हुए निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में उप कृषि निदेशक ने गत माह के किसान दिवस में उठायी गयी समस्याओं के समाधान एवं अनुपालन आख्या से जिलाधिकारी व किसानो को अवगत कराया। इसके बाद किसानों ने जिलाधिकारी के समक्ष दलहन एवं तिलहनी की उपज को एमएसपी मूल्य पर क्रय करने के लिए प्रत्येक विकासखण्ड में एक क्रय केन्द्र खोलने, गर्मियों के मौसम के दृष्टिगत प्रत्येक गांव में पांच नये हैण्डपम्प लगवाने, ग्राम बाबूपुर में चकबंदी की आपत्तियों का ससमय निस्तारण कराने, नहर कब्जा को मुक्त कराने, मंडी में



नीलामी चबूतरा को खाली कराने व ग्राम पंचायत बक्टा बुजुर्ग, नोनार, प्रसिद्धपुर के किसानो को डिफेंस कॉरिडोर में अधिग्रिह्ति जमीनों का मुआवजा दिलाने सहित आदि समस्याए रखी। इस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं का अविलम्ब समाधान कराकर अनुपालन आख्या से शीघ्र अवगत करायें। इस दौरान उप कृषि निदेशक ने किसानों को सोलर तार फैसिंग योजना की जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एस के पांडेय, भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम, देवेंद्र निरंजन, खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश झा व भाकियू के जिलाध्यक्ष राम सिंह, तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, यशवंत सिंह, देवेंद्र सिंह, राजकिशोर सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## जल बचाने की मुहिम में जन भागीदारी ज़रूरी- प्रो. एम.पी. सिंह

**● पीयू में जल संचयन- जन भागीदारी के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर.** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा जल संचयन- जन भागीदारी के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. विशेष व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. एम.पी सिंह ने जल के महत्व को रेखांकित किया. उन्होंने कहा कि जल बचाने की मुहिम में जन भागीदारी ज़रूरी है. जल को बचाने की जिम्मेदारी हर व्यक्ति की है।

उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष पहले की तुलना में कम वर्षा हो रही है ऐसी स्थिति में हमें कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं के निर्माण हेतु कार्य करने की जरूरत है. वर्षा ऋतु में आने वाले जल के संरक्षण और उनके सतत प्रबंधन के साथ-साथ भूगर्भ जल का कम से कम दोहन करना होगा। प्रो. सिंह ने बताया कि भारत मे प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता 1513 क्यूबिक मीटर संकट को दर्शाता है. जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाला समय बहुत ही भयावह होगा, आपदाओं का सामना करना पड़ेगा, नदियों का जलस्तर भी घटेगा. इससे कृषि और पेयजल प्रभावित होगा इसलिए हमें निरंतर जल संचयन एवं वृक्षारोपण करने की जरूरत है. इन प्रयासों से हम भविष्य की समस्याओं से निजात पा सकेंगे।

इस अवसर पर प्रो.रामनारायण ने कहा कि वर्षा जल संरक्षण से भूजल स्तर को बढ़ाने के उपायों को सुझाया. कहा कि जल स्रोतों के संरक्षण से प्रकृति का संरक्षण होगा. इस अवसर पर जल संचयन- जन भागीदारी के नोडल अधिकारी, पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार पाण्डेय द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रवर्तन किया गया. इस अवसर पर विज्ञान संकाय के डॉ. एस.पी. तिवारी, डॉ. दीपक कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे. धन्यवाद् ज्ञापन छात्रा वर्षा यादव एवं कार्यक्रम का संचालन अंकिता यादव ने किया।

## बच्चों ने रैली निकालकर दिया जागरूकता संदेश

स्वतंत्र प्रभात

**पहाड़ी, चित्रकूट:** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़े के तहत ब्लाक मुख्यालय में बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी, कम्पोजिट विद्यालय पहाड़ी व उच्च प्राथमिक विद्यालय इटौरा के विद्यार्थियों ने हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान रैली निकाली। साथ ही ब्लाक सभागार में वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित सेमिनार का भी आयोजन किया गया। हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान रैली में निकालकर विद्यार्थियों ने लोगों को भारतीय संविधान की विशेषताएं बताई। इसके बाद ब्लाक सभागार में आयोजित किए गए वाद विवाद प्रतियोगिता सहित अन्य विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय



स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संविधान बुक व ड्राइंग बॉक्स देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने कहा कि भारत का संविधान सबका मान, सबका सम्मान है। खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि हमें संविधान में निहित मूल्यों पर भरोसा करके खुद पर विश्वास करना चाहिए। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत भूपेन्द्र द्विवेदी, एडीओ कोआपरेटिव मनोज कुमार, वरिष्ठ लिपिक रमेश सिंह, देवशरण, विनोद, राजेश, छोटेलाल, शारदा, भूपेन्द्र, रमेश चन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सुधा राठौर, बालकृष्ण, अदिता श्रीवास्तव, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, कमलेश सिंह, सरला सिंह, राजकुमारी आदि मौजूद रहे।

## किसान दिवस पर योजनाओं की समीक्षा और समाधान को लेकर दिए गए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया** 16 अप्रैल किसान दिवस का आयोजन विकास भवन स्थित गांधी सभागार में जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किसानों को संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पूर्व में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर उनके समाधान पर चर्चा की गई। उप कृषि निदेशक ने बताया कि अभी तक 59 प्रतिशत किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। किसानों से आग्रह किया कि वे शीघ्र ही अपने नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र या मोबाइल के माध्यम से पंजीकरण करा लें, अन्यथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त प्राप्त नहीं हो सकेगी। सोलर पंप योजना में किसानों से समय से चालान और प्रपत्र जमा करने को कहा गया, ताकि कार्य में विलंब न हो। कृषि यंत्र अनुदान योजना में भी आवश्यक प्रपत्रों की कमी के कारण भुगतान में देरी की समस्या बताई गई।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। हरी खाद हेतु ढैंचा बीज की 500 क्विंटल मांग की गई है, जो शीघ्र ही बीज गोदामों पर उपलब्ध कराई जाएगी। पशुपालन विभाग के प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में 3 हजार पशुओं के बीमा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। देशी नस्ल की गायों के पालन पर 50 प्रतिशत तक अनुदान देय है।

किसान विनय सिंह ने विद्युत विभाग की लापरवाही का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बरियारपुर के जेई द्वारा किसानों के कनेक्शन संबंधी मामलों में रुचि नहीं ली जा रही है। इस पर डीडीओ ने अधिशासी अभियंता, विद्युत को निर्देश दिया कि अगली बैठक से पूर्व लंबित समस्याओं का समाधान किया जाए।

## महिला आयोग की सदस्य ने जानी महिलाओं की समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने बुधवार को जनपद का दौरा किया। यहां उन्होंने महिला जनसुनवाई का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं को सुना। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में राज्य महिला आयोग की सदस्य को महिलाओं ने विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना के लाभार्थियों, महिला उत्पीड़न, नारी हिंसा, घरेलू हिंसा सहित अन्य समस्याओं से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र देकर समस्या निस्तारण की मांग की। इस पर महिला आयोग की सदस्य ने जिले के सभी अधिकारियों को प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण करते हुए सम्बन्धित को सरकारी



योजनाओं से लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, एसीएमओ, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी आदि मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने ऐंचवारा ग्राम पंचायत में विद्यालय के वार्षिकोत्सव में आयोजित कार्रूक्रम में होनहार बच्चों को पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, जिला मंत्री मनोज तिवारी, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, उपाध्यक्ष गोलू गर्ग, महिला मोर्चा महामंत्री विनीता द्विवेदी, माया प्रजापति, ग्राम प्रधान सुनील शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में आये 22 प्रकरण, 16 का हुआ त्वरित निराकरण

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया** 16 अप्रैल राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही की अध्यक्षता में वीवीआईपी गेस्ट हाउस निरीक्षण भवन के मीटिंग हाल में महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर जागरुकता कार्यक्रम, समीक्षा बैठक तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान ऋतु शाही के समक्ष कुल 22 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें 16 मामले घरेलू हिंसा, एक मानसिक प्रताड़ना, दो जमीनी विवाद, दो आवास संबंधी और एक शिक्षा अनुदान से संबंधित रहा। घरेलू हिंसा से जुड़े 16 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि अन्य प्रकरणों के समाधान के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी नगर को निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान सदस्य ने सभी विभागीय




अधिकारियों से महिलाओं से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली और पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की हिंसा या अन्याय की स्थिति में वे राज्य महिला आयोग से तत्काल संपर्क करें। उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना है ताकि वे कभी न्याय से वंचित न रहें। कहा कि राज्य महिला आयोग हर परिस्थिति में महिलाओं के साथ खड़ा है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएगा। कहा कि महिलाओं की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए और किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह क्षेत्राधिकारी देवरिया आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## गोरखपुर पुलिस का बाल सुरक्षा अभियान- एक लावारिस बच्चा रेस्क्यू, चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपा गया



**गोरखपुर-** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर गौरव ग्रोवर के आदेश पर बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह और बंधुआ मजदूरी जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज एक विशेष चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अपराध के निर्देशन में और थाना॥ की प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में यह अभियान थाना कैण्ट, रामगढ़ताल और राजघाट क्षेत्रों में संचालित किया गया। इस दौरान दुकानों, वर्कशॉप्स और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर गहन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान टीम ने एक लावारिस बच्चे को रेस्क्यू किया, जिसे तत्काल सिटी चाइल्ड हेल्पलाइन गोरखपुर को सौंप दिया गया, ताकि उसके भविष्य की सुरक्षा और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके। पुलिस का यह प्रयास समाज में बाल अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

## पोषण अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता सत्र का किया गया आयोजन



**अमेठी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पोषण पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्भवती महिलायें, धात्री मातायें एवं किशोरी बालिकाओं को बेनीफिशरी मॉड्यूल के बारे में जागरुकता सत्र (पंजीकरण, संशोधन, निगरानी) का आयोजन किया गया। जिसमें उनके पोषण स्तर में सुधार हेतु विस्तृत रुप से जानकारी प्रदान की गयी। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा विकास खंड शाहगढ़ के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र कौहार पर आयोजित वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण किया गया जिसमें सभी सुविधायें ठीक पायी गयी केन्द्र पर एक सैम बच्चे का चिन्हांकन किया गया एवं विवरण ई-कवच पोर्टल पर कराते हुये स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुये विभागीय योजनाओं के माध्यम से पोषण स्तर में सुधार हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

## नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा 34 ग्राम स्मैक के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार



**जगदीशपुर अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त राशिद पुत्र आरिफ निवासी चन्द्रामऊ थाना बाबा बाजार जनपद अयोध्या उम्र करीब 27 वर्ष को ग्राम जलालपुर तिवारी के पास से गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुआ, इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त मो0 शकील पुत्र वकील खाँ निवासी चन्द्रामऊ थाना बाबा बाजार जनपद अयोध्या उम्र करीब 35 वर्ष को जामो जगदीशपुर रोड के पास से गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 19 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।


## निविदा आमंत्रण

**सर्वोदय शिक्षा निकेतन भभया गोरखपुर**

**सूचना**

में विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में एक कक्ष भूतल निर्माण हेतु 7.62 गुणे 6.10 मीटर व प्रथम तल पर 01,अदद कक्ष निर्माण 7.62 गुणें 6.10, हेतु 10 (दस लाख) में प्रथम श्रेणी के ईट लोकल बालू मोरंग, सरिया, सीमेंट आदि 17/04/2025 को इच्छुक फर्म द्वारा कार्यालय के बन्द लिफाफे में अपराह 2:00 बजे तक बाक्स में डाली जाएगी जो उत्पी दिन 3:00 बजे तक विद्यालय में खोली जाएगी एवं समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएगी।

भवदीय
प्रबन्धक- सर्वोदय शिक्षा निकेतन
भभया- गोरखपुर।


# बनवारपार फिराकनगर अब भी परिवहन सेवा से वंचित,RM को दिए पत्रक का नहीं दिखा असर

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** जनपद के दक्षिणांचल स्थित ब्लॉक गोला के खोपापार गांव निवासी राजेश पाण्डेय द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन गोरखपुर, लव कुमार सिंह को सौंपे गए पत्रक के बावजूद भी बनवारपार और खोपापार गांव अब तक परिवहन सेवा से वंचित हैं। पाण्डेय ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया था कि गोरखपुर जनपद के विकास खंड गोला में स्थित बनवारपार और खोपापार दो महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी – रघुपति सहाय 'फिराक गोरखपुरी' और पंडित रामबली मिश्र – के पैतृक गांव हैं, जो जिला मुख्यालय से लगभग 55 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। बावजूद इसके, इन ऐतिहासिक और जनसंख्या बहुल क्षेत्रों में परिवहन सुविधा का अभाव क्षेत्रीय जनता के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। बनवारपार चौराहा, जहां से लगभग तीन दर्जन गांवों की आवाजाही जुड़ी है, वहां से जिला मुख्यालय गोरखपुर तक कोई भी परिवहन सेवा उपलब्ध नहीं है।



पाण्डेय ने अपने पत्रक में मांग की थी कि बनवारपार चौराहा से होकर उरुवा, सिकरीगंज, महदेवा, खजनी होते हुए गोरखपुर तक सुबह की एक परिवहन सेवा जल्द से जल्द शुरू की जाए, जिससे आमजन को राहत मिले। लेकिन महीनों बीत जाने के बावजूद परिवहन विभाग की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई और न ही कोई बस सेवा शुरू की गई। इस उपेक्षा से क्षेत्रीय लोगों में भारी असंतोष है। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल सुविधाओं का नहीं, बल्कि ऐतिहासिक विरासत और जनहित की भी अनदेखी है। अब देखना होगा कि प्रशासन कब इस ओर ध्यान देता है और क्या कभी बनवारपार से गोरखपुर तक की राह सुगम हो पाएगी।

## एसएसबी व पुलिस ने किया बार्डर पर संयुक्त गस्त



**महराजगंज।** सशस्त्र सीमाबल के 22वीं वाहिनी कमाण्डेन्ट शक्ति सिंह ठाकुर के निर्देशन में बुधवार को सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर सशस्त्र सीमाबल के जवान व पुलिस की संयुक्त टीम ने घुसपैठियों व तस्करों पर नकेल कसने के लिए सीमावर्ती क्षेत्र में गस्त कर ग्रामीणों को सुरक्षा का एहसास कराया। समवाय भगवानपुर के कार्यक्षेत्र में पुलिस के साथ संयुक्त टीम ने सीमा स्तंभ संख्या स्तंभ संख्या 515/21 पर गस्त किया। खुली सीमा होने के कारण घुसपैठियों का खतरा ज्यादा रहता है। इसके साथ ही तस्कर बडे पैमाने पर तस्करी को अंजाम देते हैं। जिसको लेकर पुलिस और एसपी के जवानों ने सीमा पर पैदल कष्ट कर सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान 22वीं वाहिनी भगवानपुर निरीक्षक कुलदीप तिवारी, भगवानपुर पुलिस चौकी इंचार्ज अमित रंजन सिंह के साथ तमाम एसएसबी व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## ख़जनी हरनही सीएचसी अस्पताल का निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक करेंगे उप मुख्यमंत्री



● सीएचसी हारनही के भवन की रंगाई, पोताई से लेकर तैयारी में जूटा स्वास्थ्य विभाग

ख़जनी क्षेत्र ग्राम सभा गाजर नरसिंह के मांगलिक कार्यक्रम में लेंगे भाग

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक आज 17 अप्रैल को खजनी तहसील अंतर्गत हरनही सीएचसी अस्पताल का निरीक्षण एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस दौरे को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सीएचसी भवन की रंगाई-पुताई समेत अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। निरीक्षण के बाद उपमुख्यमंत्री ग्राम गाजर के नरसिंह निवासी दयाशंकर राम त्रिपाठी के आवास पर एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे और बटुक को आशीर्वाद देंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश, मंडल और जनपद स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। उपजिलाधिकारी खजनी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी विभागों को निर्देशित कर दिया गया है कि वे तैयारियों में कोई कमी न रखें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# विधायक सुरेश पासी की अनोखी व सराहनीय पहल

● विधानसभा जगदीशपुर के भाजपा कार्यकर्ता पहुंच रहे विधानसभा लखनऊ

अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने नहीं की थी ऐसी पहल कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल



स्वतंत्र प्रभात

**जगदीशपुर अमेठी।** 184 विधानसभा जगदीशपुर से विधायक तथा संगठन के प्रदेश मंत्री सुरेश पासी ने एक अनोखी पहल की शुरुआत की है। जिसमें विधानसभा जगदीशपुर के सभी बूथों के बूथ स्तर के कार्यकर्ता भी विधानसभा देखने और घूमने का अवसर पा रहे हैं। यूं तो भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के बल पर दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है और भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जाता है, इसी कड़ी में कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए 184 विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी द्वारा छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं को भी विधानसभा देखने घूमने का अवसर दिया जा रहा है। कार्यकर्ता विधानसभा पहुंचकर देखते हैं कि हमारा विधायक कहां पर बैठता है, कहां सदन संचालित होता है, कहां पर कैंटीन है, कहां पर अन्य सुविधाएं हैं।

184 विधानसभा जगदीशपुर के कार्यकर्ताओं की माने तो इसके पूर्व किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस तरह की अनोखी पहल नहीं कि थी, कार्यकर्ताओं की माने तो विधायक सुरेश पासी द्वारा जहां क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है, वही कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में भागीदार रहकर कार्यकर्ताओं के शुभचिंतक के रूप में कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निदान भी कराया जाता है। साथ ही साथ समय-समय पर कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के साथ उनका उत्साहवर्धन भी किया जाता है, वही विधायक सुरेश पासी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को भी यह अधिकार बनता है कि हमारी विधानसभा कैसी है, हमारा विधायक कहां पर बैठता है, सदन कहां से संचालित होता है इसे देखने का अवसर उन्हें मिले। और इसी कड़ी में पूरी विधानसभा के मंडल वाइज सभी कार्यकर्ताओं को विधानसभा का भ्रमण कराया जा रहा है, उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं के बाद पत्रकार बंधुओ व अन्य वरिष्ठ जनों को भी विधानसभा का भ्रमण कराया जाएगा। कार्यक्रम भ्रमण के दौरान कार्यकर्ताओं को लाने ले जाने की व्यवस्था तथा उनके भोजन पानी का प्रबंध भी विधायक द्वारा किया जाता है। विधायक सुरेश पासी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर भारतीय जनता पार्टी देश ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है और ऐसे में कार्यकर्ता पार्टी से, अपने जनप्रतिनिधि से सम्मान की आशा रखते हैं और कार्यकर्ताओं का पूरा सम्मान किया जा रहा है और भविष्य में किया भी जाएगा उन्होंने कहा हर कार्यकर्ता के सुख-दुख में 24 घंटे तत्पर हूं और रहूंगा।

## डीएम की सख्ती पर 626 हैण्डपम्प हुये रिबोर व 1077 हैण्डपम्प की हुई मरम्मत

● अमृत सरोवर हैण्डपम्प मरम्मत एवं रिबोर का सत्यापन में गलत पाये जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई-डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कैम्प कार्यालय के सभागार में पेयजल के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। डीएम द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों, ईओ को निर्देश दिये गये थे कि 15 से 20 दिन का अभियान खराब हैण्डपम्प रिबोर एवं हैण्डपम्प मरम्मत योग्य हैडपम्प की मरम्मत करायी जाय। डीएम की सख्त रुख के कारण जनपद के समस्त विकास खण्डों में 746 हैण्डपम्प रिबोर होने हेतु चिन्हित किये गये थे जिनमें से 626 हैण्डपम्प रिबोर हो गये है और 126 हैण्डपम्प रिबोर हेतु अवशेष है। इसी प्रकार जनपद में 1284 हैण्डपम्प मरम्मत हेतु चिन्हित किये गये थे जिनमें से 1077 हैण्डपम्प की मरम्मत हो गयी है और 207 हैण्डपम्प मरम्मत योग्य शेष बचे है। डीएम ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि जो भी हैण्डपम्प मरम्मत एवं रिबोर हेतु शेष है उन्हें एक सप्ताह में अभियान चलाकर पूर्ण कराया जाय।डीएम ने पहले ही निर्देश दिया था कि जनपद के अमृत सरोवरो व पोखरों को विभिन्न जल श्रोतो नहर, सरकारी नलकूप, माइनर, प्राइवेट आदि के माध्यम से पानी पूर्ण तरीके से भराया जाय। जनपद में कुल अमृत सरोवरों की संख्या 893 है जिनमें से पक्के अमृत सरोवर 390 है, पूर्व में 290 अमृत सरोवरों में पानी भराया गया था और वर्तमान में 117 अमृत सरोवरों में पानी भराया गया है।शेष तालाबों में पानी भरा कर फोटो सहित रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाय।सर्वे रिपोर्ट से जिले में 6708 कुयें पाये गये। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक राजस्व ग्रामों में एक कुआं चिन्हित कर क्रियाशील कराया जाय।जल निगम की पेयजल परियोजनाओं में दो फार्मो क्रमशः मेसर्स जेएमसी द्वारा 334 परियोजनाओं व मेसर्स पावरमेक द्वारा 452 परियोजनाओं में कार्य पर डीएम ने निर्देश दिया कि जो भी परियोजनायें पूर्ण हो गये है उन्हें हैण्डओवर किया जाय एवं जिन परियोजनाओं का कार्य अधूरा है



उनमें 15 दिन का अभियान चलाकर पूर्ण कराया जाय। निर्देश दिए कि जो हैण्डपम्प खराब होते है उन्हें तत्काल 24 से 48 घंटों के बीच मरम्मत कराया जाय। ईओ नगर पालिका परिषद ने बताया कि 13 वाटर कूलर खराब थे उन्हें ठीक करा दिया गया है। डीएम ने कहा कि गो-आश्रय स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था पूर्ण रूप से रहे जिससे किसी भी गोवंश की प्यास की वजह से मृत्यु न होने पाये अन्यथा कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यास के लेखों को अनुरक्षित किये जाने हेतु कोटेशन व प्रस्ताव खनन कार्यालय में 25 अप्रैल तक उपलब्ध करायें

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला खनिज फाउण्डेशन शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग उ0प्र0 शासन की अधिसूचना द्वारा उ0प्र0 जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास नियमावली-2017 के नियम-18 के अनुसार न्यास के लेखों को अनुरक्षित कराने व जिला खनिज फाउण्डेशन (डीएमएफ) के खाते का प्रतिवर्ष डीएमएफ द्वारा नियुक्त चार्टेड एकाउन्टेन्ट या सरकार द्वारा निर्दिष्ट तरीके से आडिट किया जायेगा और आडिट रिपोर्ट के साथ-साथ वार्षिक रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में रखी जायेगी।उन्होंने बताया कि न्यास नियमावली-2017 के नियम-18 के अनुसार जनपद प्रतापगढ़ के न्यास के लेखों को क्रमशः डी0एम0एफ0 पंजिका, बैंक रिकन्सीलिएसन स्टेटमेन्ट, आय-व्यय विवरण पंजिका, कैशबुक, चेक रजिस्टर, बैलेन्सशीट, अधिष्ठान सम्बन्धी व्यय विवरण पंजिका के अनुसार अनुरक्षित किया जाना है।उन्होने कहा है कि न्यास नियमावली-2017 के नियम-18 के अनुसार न्यास के लेखों को अनुरक्षित किये जाने हेतु कोटेशन/प्रस्ताव खनन कार्यालय में 25 अप्रैल तक उपलब्ध करा दें जिससे प्राप्त प्रस्तावों पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

# खेत में लगा झटका मशीन उड़ा ले गए चोर

**महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर में सब्जी के खेत में लगा झटका मशीन चोरी हो गया। वहीं जब सुबह खेत में जब किसान पहुंचा तो झटका मशीन गायब देखकर हैरान रह गया। जानकारी के मुताबिक उपरोक्त थाना क्षेत्र के रतनपुर खास निवासी शिवसरन साहनी पुत्र रामदवन गांव से दक्षिण अपने खेत में सब्जी लगाया है। सब्जी के खेत को जानवरों से बचाने के लिए पांच हजार पांच सौ रूपए का झटका मशीन खरीदकर लगाया था। शनिवार की रात चोरों ने खेत में झटका मशीन चुरा लिया। सुबह जब शिवसरन खेत पहुंचा तो देखा झटका मशीन गायब है। शिवसरन ने आस-पास के लोगों से खेत में लगा झटका मशीन को लेकर पूछताछ किया लेकिन कहीं कोई अता-पता नहीं चला। शिवसरन ने नौतनवां पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर खोजबीन की मांग की है।

# उपमुख्यमंत्री का गोरखपुर दौरा- पारिवारिक आयोजनों से लेकर स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण तक, व्यस्त रहेगा शेड्यूल

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर-** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री का गोरखपुर दौरा सामाजिक और प्रशासनिक गतिविधियों का शानदार संगम होगा। 17 अप्रैल दिन गुरुवार को वह नई दिल्ली के यूपी सदन से इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (T-3) के रास्ते गोरखपुर के लिए रवाना होंगे। इस दौरे में वह पारिवारिक आयोजनों में शिरकत करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को परखेंगे।पारिवारिक आयोजनों में आत्मीय भागीदारी गोरखपुर पहुंचते ही उपमुख्यमंत्री सबसे पहले पुर्दिलपुर के शिव मंदिर गली, C-123/7 स्थित श्री दिनेश चंद्र त्रिपाठी के आवास पर पहुंचेंगे। यहां वह वैवाहिक समारोह की पूर्व संध्या पर परिवार को बधाई देंगे। इसके बाद, वह खजनी के ग्राम गाजर नरसिंह में दयाशंकर राम त्रिपाठी के आवास पर आयोजित यज्ञोपवीत संस्कार में शामिल होंगे।

**स्वास्थ्य सेवाओं पर पैनी नजर-** पारिवारिक कार्यक्रमों के बाद उपमुख्यमंत्री हरनही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) का



स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वह स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेंगे और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की मेडिकल व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगे।सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम दौरे की सुगमता के लिए सर्किट हाउस, गोरखपुर और ग्राम गाजर नरसिंह, खजनी में हेलीपैड की व्यवस्था की गई है।

**लोक-प्रशासन का अनूठा समन्वय**

यह दौरा न केवल उपमुख्यमंत्री की सामाजिक संवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। गोरखपुरवासियों के बीच उनके इस दौरे को लेकर खासा उत्साह है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत हंसखोरी विकास खण्ड-पनियरा, महराजगंज

**पत्रांक- मेमो/राज्य वित्त (पन्द्रहवां वित्त) मनरेगा/2025-26** **दिनांक 16/04/2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत हंसखोरी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना पंचम वित्त/15 वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि/आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य/छठ पूजा घाट/खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलांकिगं, ईट, ईट टुकड़ा महीन बालू सिमेंट मोरंग बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं हयूम पाईप सरिया, पेन्ट, वांयरिंग, पत्थर गिट्टी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट, ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फांगिग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस0एल0 डब्लू0एम0/ई0बी0आर0 के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा पात्र, ई रिक्सा, ठेला रिक्सा, स्वच्छता किट, हाईमास्क लाइट, जी0आई0सीट, तिरंगा लाईट, लोहा पाईप, आरो प्लान्ट एवं अन्य समाग्री इण्डिया मार्का 2 हैण्ड पम्प रिबोर/मरम्मत, ईट की गिट्टी इत्यादि सामाग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भटठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 24/04/2025 अपराह्न 02 बजे तक आपूर्ति हेतू निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत *हंसखोरी* के निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 24/04/2025 अपराह्न 03 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताए पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि मु. 2000.00 रू0 होगी। नियम व शर्त निम्नवत है।

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर दाता हो। रजिस्ट्रेशन की प्रति देना भी अनिवार्य है तथा 03 वर्ष आयकर क्लीयरेन्स करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियो/कर्मचारियो द्वारा निविदा दाताओ की उपस्थिति में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर टेण्डर खोला जायेगा।
4. आपूर्ति का कार्य ग्राम पंचायत हंसखोरी के परिधि में निर्धारित कार्यस्थल पर स्वीकृति दर पर अपने संसाधन से करना होगा।
5. जो दरे प्रस्तुत की जाये वह बैट तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामाग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट/बढ़ सकती है।
7. सामाग्री का कार्य सचिव/ग्राम प्रधान के आदेश के पश्चात प्रस्तुत की जाय।
8. आपूर्तिकर्ता के बिल से 2 प्रतिशत आयकर तथा 2 प्रतिशत जी0एस0टी0 कर की कटौती की जायेगी।
9. सचिव/ग्राम प्रधान / तकनीकि सहायक विकास खण्ड पनियरा के कर्मचारियो/ अधिकारियो के सगे सम्बन्धि/रिश्तेदारो के द्वारा निविदा नहीं डाली जायेगी।
10. सीमेन्ट की आपूर्ति हेतू सम्बन्धित के पास डीलरशिप / एजेन्सी होना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में आपूर्तिकर्ता द्वारा खरीदी गयी सिमेन्ट का पक्का विल प्रस्तुत करना होगा।
11. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत हंसखोरी के पास सुरक्षित होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (ग्रा0 अभि0वि0) तकनीकि सहायक द्वारा सामाग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होना तथा मापन के उपरान्त ही होगा।
13. धरोहर की धनराशि 2 प्रतिशत नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ0डी0सी0/एल0एस0सी0 के रूप में जो सचिव/ग्रामप्रधान के पदनाम से बन्धक होगा जमा करना होगा।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश दिन के 7 दिवस के अन्दर आपूर्ति निर्धारित कार्यस्थल पर करना होगा।
15. निविदा फार्म का मूल्य 100 रु0 नकद जमा कर किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत हंसखोरी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
16. सामाग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में नियम व शर्त एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय ग्राम पंचायत हंसखोरी के तकनीकि सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर से प्राप्त की जा सकती है।
17. परियोजना लागत के काम में आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।

**ग्राम प्रधान- दूधनाथ वर्मा**
**ग्राम पंचायत- हंसखोरी**
**विकास खण्ड- पनियरा, महराजगंज**

**ग्रा0वि0अ0 / ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील गौड़**
**ग्राम पंचायत- हंसखोरी**
**विकास खण्ड- पनियरा, महराजगंज**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सौरहां विकास खण्ड-पनियरा, महराजगंज

**पत्रांक- मेमो/राज्य वित्त (पन्द्रहवां वित्त) मनरेगा/2025-26** **दिनांक 16/04/2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सौरहां महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना पंचम वित्त/15 वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि / आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय / प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय / पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य / छठ पूजा घाट/ खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलांकिगं, ईट, ईट टुकड़ा महीन बालू सिमेंट मोरंग बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं हयूम पाईप सरिया, पेन्ट, वांयरिंग, पत्थर गिट्टी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट, ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फांगिग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस0एल0 डब्लू0एम0 / ई0बी0आर0 के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा पात्र, ई रिक्सा, ठेला रिक्सा, स्वच्छता किट, हाईमास्क लाइट, जी0आई0सीट, तिरंगा लाईट, लोहा पाईप, आरो प्लान्ट एवं अन्य समाग्री इण्डिया मार्का 2 हैण्ड पम्प रिबोर / मरम्मत, ईट की गिट्टी इत्यादि सामाग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भटठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 24/04/2025 अपराह्न 12 बजे तक आपूर्ति हेतू निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत सौरहां के निविदा बाक्स में डाल सकते हैं। निविदा दिनांक 24/04/2025 अपराह्न 01 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताए पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि मु. 2000.00 रू0 होगी। नियम व शर्त निम्नवत है।

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा आयकर दाता हो। रजिस्ट्रेशन की प्रति देना भी अनिवार्य है तथा 03 वर्ष आयकर क्लीयरेन्स करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियो/कर्मचारियो द्वारा निविदा दाताओ की उपस्थिति में निर्धारित तिथि समय व स्थान पर टेण्डर खोला जायेगा।
4. आपूर्ति का कार्य ग्राम पंचायत सौरहां के परिधि में निर्धारित कार्यस्थल पर स्वीकृति दर पर अपने संसाधन से करना होगा।
5. जो दरे प्रस्तुत की जाये वह बैट तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
6. सामाग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट/बढ़ सकती है।
7. सामाग्री का कार्य सचिव/ग्राम प्रधान के आदेश के पश्चात प्रस्तुत की जाय।
8. आपूर्तिकर्ता के बिल से 2 प्रतिशत आयकर तथा 2 प्रतिशत जी0एस0टी0 कर की कटौती की जायेगी।
9. सचिव/ग्राम प्रधान/तकनीकि सहायक विकास खण्ड पनियरा के कर्मचारियो/ अधिकारियो के सगे सम्बन्धि/रिश्तेदारो के द्वारा निविदा नहीं डाली जायेगी।
10. सीमेन्ट की आपूर्ति हेतू सम्बन्धित के पास डीलरशिप / एजेन्सी होना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति में आपूर्तिकर्ता द्वारा खरीदी गयी सिमेन्ट का पक्का विल प्रस्तुत करना होगा।
11. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सौरहां के पास सुरक्षित होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (ग्रा0 अभि0वि0) तकनीकि सहायक द्वारा सामाग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होना तथा मापन के उपरान्त ही होगा।
13. धरोहर की धनराशि 2 प्रतिशत नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ0डी0सी0/एल0एस0सी0 के रूप में जो सचिव/ग्रामप्रधान के पदनाम से बन्धक होगा जमा करना होगा।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश दिन के 7 दिवस के अन्दर आपूर्ति निर्धारित कार्यस्थल पर करना होगा।
15. निविदा फार्म का मूल्य 100 रु0 नकद जमा कर किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत सौरहां कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
16. सामाग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में नियम व शर्त एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय ग्राम पंचायत सौरहां के तकनीकि सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर से प्राप्त की जा सकती है।
17. परियोजना लागत के काम में आपूर्ति आदेश की धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।


**ग्राम प्रधान- बिंद्रेश्वर निषाद**
**ग्राम पंचायत- सौरहां**
**विकास खण्ड- पनियरा, महराजगंज**

**ग्रा0वि0अ0/ग्राम पंचायत अधिकारी सुनील गौड़**
**ग्राम पंचायत- सौरहां**
**विकास खण्ड- पनियरा, महराजगंज**

# संक्षिप्त खबरें

## एसकेपी इंग्लिश मीडियम स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव समारोह

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पूर्व विधायक ने किया पुरस्कृत



**लंभुआ।** सुल्तानपुर शिक्षा से ही हम अपना बेहतर भविष्य बना सकते हैं और समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं। कोई भी काम छोटा और बड़ा नहीं होता, ईमानदारी से परिश्रम कर हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। उक्त बातें लंभुआ क्षेत्र में स्थित एसकेपी इंग्लिश मीडियम स्कूल चौकिया में आयोजि वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी ने कही। स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की मौजूद लोगों ने सराहना की। वर्ष 2024- 25 में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व विधायक श्री द्विवेदी ने पुरस्कृत किया। उन्होंने बच्चों को ईमानदारी से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधक शिवा जी सिंह ने पूर्व विधायक को स्मृति चिन्ह के रूप में एक पौधा भेंट किया। प्रधानाचार्य स्वाधीन ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मौके पर श्रीमती सविता सिंह, धीरेंद्र सिंह, गौरव सिंह, आशुतोष सिंह, साधू मिश्रा, विपिन यादव आदि मौजूद थे।

## बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत



मृतक का फाइल फोटो

सिद्धार्थनगर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर सिंगरजोत मार्ग पर मल्हार गांव के पास मंगलवार की सुबह खड़ी डंपर में भिड़ी बाइक जिसमें बाइक सवार प्रमोद की इलाज के दौरान मौत हो गई।मंगलवार को हुई घटना में एक मासूम बच्ची सहित चार लोग घायल हो गए थे। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सीएससी सिरसिया पर लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करके जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार ग्राम नावडीह निवासी प्रमोद कुमार पुत्र चिनगुद उम्र 32 वर्ष का था जो सोमवार को अपने बहन को लाने के लिए मगराव गांव में गए हुए थे। फिर मंगलवार को वापसी सुबह के समय में डीलक्स बाइक से घर आ रहा था। मल्हवार गांव के निकट पहुंच ही था कि बेकाबू बाइक सवार अचानक डम्फर गाड़ी में पीछे से जाकर भिड़ गई। बाइक सवार प्रमोद कुमार, उनकी बहन किरन , मोहन लाल बहनोई, भांजी खुशी भी सवार थे। भांजी खुशी और प्रमोद को गंभीर चोट आई थी और उसकी बहन किरन, मोहन लाल बहनोई सहित सभी घायलों को कैली हैस्पिटल में भर्ती कराया गया वहां पर चिकित्सकों ने प्रमोद कुमार को मृत घोषित कर दिया। उनके भांजी खुशी व बहन किरन, तथा बहनोई मोहन लाल तीनों को गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया।

## दुकानदार कालाबाजारी न करने पाए- जिलाधिकारी



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में अम्बेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने निर्देश दिया कि किसानों द्वारा की जा रही मांग को समय से पूर्ण कराये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। कोई भी दुकानदार कालाबाजारी न करने पाए। सभी अधिकारी किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण करायें।जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने सम्बन्धित को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को संबधित अधिकारियों को प्रेषित करके उनकी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराये। भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को मिलना चाहिए। इस बैठक में उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक दूबे,जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह तथा किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत के संविधान के निर्माता डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर जी की 134 वी जयंती 14 अप्रैल को बुढार बस स्टैंड धर्म कांटा के पास बहुजन गोंडवाना गणतन्त्र पार्टी के द्वारा मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात



**शहडोल।** जिसमें बाबा साहब के द्वारा संविधान को मूर्त रूप देने के संबंध में कहा गया कि उनके द्वारा ही दलित वर्ग को पूर्ण स्वतंत्रता बाबासाहब के द्वारा ही मिली है और आज हमें शिक्षित होने और संगठित होने की जरूरत है नहीं तो दलित वर्ग बहुत पिछड़ता जाएगा और साथ ही बाबा साहब का सपना पूरा नहीं हो पाएगा, आज जिस तरह से राजनीतिक क्षेत्र में दलितों के साथ अत्याचार हो रहे हैं भविष्य को ध्यान में रखकर ही बाबा साहब ने अपने विचारों के साथ कानून को बनाया था की आने वाले समय में कभी भी दलितों के साथ अत्याचार अन्याय ना हो क्योंकि वह अपने जीवन काल में ही अपने दलित वर्ग के सामाजिक क्षेत्र में कुरीतियों को देखते हुए संविधान की रचना की थी। अंबेडकर जयंती के मुख्य अतिथि श्रवण चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज दलित समाज बहुत ही पीड़ित है और केवल उनका उपयोग किया जा रहा है जबकि उनके साथ अत्याचार और अन्याय पूरे भारत में रोज कहीं ना कहीं जरूर हो रहा है आज मैं अपनी माताओ बहनों से यह कहना चाहता हूं की एक रोटी कम खाकर बच्चों को अपने शिक्षित करें और हमेशा संगठित रहे जिससे हम लोगों की मजबूती रहे, वह आने वाले समय में हमारे बच्चे देश का भविष्य बनकर समाज के लिए कार्य करें।

इसी उद्बोधन की कड़ी में कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ दलित नेता अमृतलाल चौधरी ने भी अपनी जीवन की गाथा के संबंध में कहा कि हमने भी इस संबंध में काफी यात्राएं की और हम यूपी से चलकर आज शहडोल जिले में एक शासकीय नौकरी को छोड़कर समाज की सेवा में लगा हुआ हूं और मेरा उद्देश्य अपने समाज को उत्थान के लिए आखिरी सांस तक लगा रहूंगा। इसके लिए चाहे मुझे कोई भी परेशानी हो, मुसीबत झेलना पड़े मैं उसके लिए हमेशा तैयार रहूंगा। मंचासीन अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखें जिसमें उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सबसे बड़ा पर्व है और इस पर्व को मनाने के लिए बाबा साहब ने हमें अधिकार दिलाया, वह हमारे मसीहा है और हमेशा रहेंगे। हमें शिक्षित और संगठित होकर समाज के लिए कार्य करना है यही बाबा साहब का भी उद्देश्य था। इस अवसर पर बहुजन गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने भी बाबा साहब के विचारों को अपने जीवन में उतारकर भविष्य की गाथा हमें लिखना है और बाबा साहब का सपना था जिसे हम लोग पूरा करेंगे। बाबा साहब की जयंती के अवसर पर बहुजन गोंडवाना गण पार्टी के बादल चौधरी सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, आमजन मौजूद थे। वही बहुजन गोंडवाना पार्टी द्वारा बाबा साहब अंबेडकर जी की जयंती एवं शोभा यात्रा निकाली गई जो मुख अतिथि बहुजन गोंडवाना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण चौधरी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बुध नगर के स्वतंत्र प्रभात के अखबार के पत्रकार दिनेश चौधरी को जानकारी देते हुए बताया जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में अमृतलाल चौधरी बादल चौधरी एडवोकेट नारायण सिंह कुशराम दयाली अगरिया अमरनाथ सैनी दशरथ चौधरी हीरामणि सिंह संगठन मंत्री इस्माइल अहमद अंसारी कार्यक्रम के अध्यक्ष गोंडवाना पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रवेश चौधरी कार्यक्रम सचिव संजय चौधरी गोविंद चौधरी आकाश चौधरी विनीत चौधरी मुकेश चौधरी बिना चौधरी उमेश कुमार आशा वंशकार कार्यक्रम आयोजन कार्यकर्ता साहिल पियूष साहू अनुज विनय हिमांशु कृष्ण अजय राजा अंकुश संदीप राहुल सहित चौधरी बबलू वंश का एवं कई बहुजन गोदान पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के कार्यक्रम को सफल बनाने में फल बनाने में अपना बहुत योगदान दिया।

# पीडल्यूडी- सड़क निर्माण में खराब गुणवाा और कोई समय सीमा नहीं

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा-** छाता और मांट तहसील के अंतर्गत सड़क का निर्माण खराब गुणवत्ता और समय सीमा के साथ नहीं हो रहा है सड़क में खराब गुणवत्ता की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है जिससे लोगों की जान जा रही है लोगों ने क्षेत्रीय सड़कों को लेकर शिकायतें भी किए हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है पीडब्ल्यूडी विभाग ने सरकार की साख पर बट्टा लगाने की ठान ली है जिससे सरकार की स्वर्णिम योजनाओं पर पलीता लग सके।

### पीडब्ल्यूडी ने खराब सड़क बनाई तो क्षेत्रीय विधायक ने सांसद के सामने उठाया मुद्दा

मथुरा- जिले में भ्रमण के दौरान सांसद हेमा मालिनी ने सभी विधायकों के साथ-साथ अधिकारियों की मीटिंग ली मीटिंग के दौरान मांट विधानसभा के विधायक राजेश चौधरी ने बताया चंद दिनों पहले बनी सड़क बाजना से दिल्लू पट्टी और टेंटी गांव से खैर रोड तक अभी से उखड़ने लगी है जिसे झाड़ू से इकट्ठा कर सकते हैं ग्रामीण फतुल चौधरी निवासी मुडलिया अर्जुन पट्टी ने बताया मंदिर से गांव तक चार दिन पहले सड़क बनी है अभी से उखड़ने लगी है हमने ठेकेदार से शिकायत की हमारी नहीं सुनी इसी गांव के अध्यापक अर्जुन सिंह ने बताया सड़क निर्माण के दौरान लाइन टू लाइन नहीं मिलाई गिट्टी पर कम तरकोल मिलाकर डाल दिया गया निर्माण के दौरान सड़क में बहुत ही डबक हैं गांव बड़ी मुडलिया निवासी मिश्रीलाल ने बताया महीन गिट्टी में तरकोल मिलाकर सीधी सड़क पर डालकर रोड रोलर को घुमा दिया है जिससे सड़क में डबक और अभी से उखड़ने लगी हैं

### बिना समय सीमा और खराब सड़क से जा रही है लोगों की जान

मथुरा- अकबरपुर से शेरगढ़ तक रोड निर्माण को शासन ने समय सीमा के साथ मंजूरी दी थी। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग भ्रष्टाचार और लापरवाही के चलते रोड को पूरा नहीं कर पाया। अकबरपुर में नाली ना बनी होने के कारण जल भराव बना रहता है सड़क निर्माण के दौरान 100 मीटर ,200 मी, कहीं-कहीं 400 मी टुकड़े छोड़ दिए गए हैं नौगांव ग्राम पंचायत निवासी सुभाष ने बताया सड़क निर्माण में खराब गुणवत्ता का प्रयोग हुआ है और छोड़े गए टुकड़ों पर निर्माण पूर्ण नहीं होने के कारण विगत 4 महीने में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की जान चली गई है। लेकिन अभी तक सड़क निर्माण अच्छी गुणवत्ता के साथ पूरा नहीं हुआ है इसी गांव के निवासी मानसिंह ने बताया 2 महीने से काम बंद चल रहा है ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लिखित में शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है

वर्जन- यह पूरा मामला मेरी संज्ञान में नहीं है दिखवाता हूं, सीपी सिंह अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी आगरा

# आखिर कब मिलेगा छुट्टा मवेशियों के आतंक से छुटकारा आए दिन सड़कों पर हो रही दुर्घटनाएं जिम्मेदार कौन?

**● आर्य नगर करनैलगंज मार्ग पर आवारा पशुओं का आतंक, बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं, ग्रामीणों में आक्रोश**

स्वतंत्र प्रभात







**गोंडा –** सड़कों पर घूम रहे छुट्टा गोवंशों से हो रही दुर्घटनाएं आए दिन छुट्टा मवेशियों के आतंक से सड़कों पर चलना बन रहीं मुसीबत।विकास खंड रूपईडीह के ग्राम पंचायत हरखापुर क्षेत्र के आर्य नगर करनैलगंज मार्ग पर आवारा पशुओं की भरमार होने से समस्या अब जानलेवा साबित हो रही है। सोमवार देर रात एक तेज़ रफ्तार बाइक की टक्कर एक आवारा पशु से हो गई । जहां पर बाइक सवार बाल बाल बचा।ग्रामीणों का कहना है कि हरखापुर और आस-पास के इलाकों में आवारा पशु सड़कों पर खुलेआम घूमते हैं। दिन-प्रतिदिन इनकी संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**स्थानीय प्रशासन पर उठे सवाल**

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायतों के बावजूद न तो कोई प्रभावी कार्रवाई की गई है, न ही इन पशुओं को पकड़ने की कोई स्थायी व्यवस्था की जा रही है। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस समस्या को लेकर आवाज उठाई है, पर समाधान अभी तक नहीं मिला।

**प्रशासन के फरमान जारी–** प्रशासन ने फरमान जारी किया है कि पशुओ को पकड़ने की विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसके साथ ही प्रमुख सड़कों पर संकेतक बोर्ड और रिफ्लेक्टिव स्टिकर लगाने की बात कही जा रही है।

**ग्रामीणों की मांग–** ग्रामीणों की मांग है कि आवारा पशुओं के लिए स्थायी गौशाला का निर्माण हो, जिससे पशु सड़कों पर न घूमें और आम जनजीवन सुरक्षित रहे। साथ ही प्रशासन से दुर्घटना होने पर मुआवज़े की भी मांग की है।खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि छुट्टा मवेशियों को पकड़वाकर गौशालाओं में किया जा रहा है जो भी गोवंश इधर-उधर घूम रहे हैं उनको भी पकड़वाकर गौशालाओं में किया जाएगा।

## रानीपुर टाईगर रिजर्व ने चलाया सफाई अभियान

**चित्रकूट ब्यूरो:** प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कुमार कटियार के निर्देशन में जिला गंगा समिति एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व के तत्वाधान में बुधवार को मंदाकिनी नदी के सुंदर घाट शंकर बाजार कर्वी में श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कर्वी रेंज स्टाफ ने स्थानीय लोगों के साथ घाट की सीढ़ियों तथा घाट के कोनों में पड़े कूड़ा-कचरे को एकत्र कर परिसर को स्वच्छ किया।

सफाई अभियान के दौरान विकास पथ सेवा संस्थान के डॉ प्रभाकर सिंह ने उपस्थित जन समूह एवं नदी में स्नान करने वाले एवं बच्चों से कहा कि मंदाकिनी नदी हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यावरणीय धरोहर है। इसकी निर्मलता और स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। कहा कि जब हम सभी यह संकल्प लेंगे कि नदी में गंदगी नहीं करेगें, कूड़ा-कचरा नहीं फेकेंगे और दूसरो को भी ऐसा करने से रोकेंगे तो निश्चित ही हमारी मंदाकिनी फिर से स्वच्छ सुंदर और जीवनदायिनी बन सकेगी। कहा कि जन सहभागिता से ही इस पुनीत लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। सफाई अभियान में जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) गोपाल कृष्ण गुप्ता, प्रकाश श्रीवास्तव, राजू, कर्वी रेंज के स्टाफ बुददा सिंह, माता प्रसाद, अभिषेक, उत्तम अग्रहरि, बच्चा निषाद समाजसेवी आदि ने सहयोग दिया।

## सहारा समूह की एम्बी वैली सिटी के पास 707 एकड़ जमीन ईडी ने कुर्क की, 1460 करोड़ रुपये है कीमत

स्वतंत्र प्रभात

पेज नं 1 की शेष खबर

ईडी ने कहा कि सहारा समूह विभिन्न संस्थाओं जैसे 'एचआईसीसीएसएल', 'सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड' (एससीसीएसएल), 'सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी' (एसयूएमसीएस), 'स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड' (एसएमसीएसएल), 'सहारा इंडिया कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड' (एसआईसीसीएल), 'सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन लिमिटेड' (एसआई आरईसीएल), 'सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड' (एसएचआईसीएल) और अन्य कंपनियों के जरिए पोंजी योजना चला रहा था।

ईडी ने कहा, ''समूह ने निवेशकर्ताओं और एजेंट को क्रमशः पैसा जमा करने पर अधिक मुनाफा मिलने और 'कमीशन' का लालच देकर धोखा दिया। समूह ने जमाकर्ताओं की किसी भी जानकारी या नियंत्रण के बिना गैर-विनियमित तरीके से एकत्र धन का उपयोग किया।'' ईडी ने कहा, ''समूह ने निवेशकर्ताओं और एजेंट को कोई भी राशि नहीं दी। इसके बजाय जमाकर्ताओं को उनकी परिपक्व हो चुकी राशि को पुनः जमा करने के लिए मजबूर किया तथा जमाराशि को एक योजना से दूसरी योजना तथा अन्य संस्था में स्थानांतरित कर दिया।'

गैर-भुगतान को छिपाने के लिए, समूह ने बही खाता में हेराफेरी की, ताकि एक योजना में पुनर्भुगतान दिखाया जा सके, तथा पुनर्निवेश को किसी अन्य योजना में नए निवेश के रूप में दर्शाया जा सके। एजेंसी ने कहा कि समूह ने पोंजी योजना को जारी रखने के लिए परिपक्व हो चुकी राशि न चुकाए जाने के बावजूद इसमें नयी जमाएं स्वीकार करना जारी रखा। ईडी ने इस मामले में विभिन्न व्यक्तियों के बयान दर्ज किए है।

# रैली निकाल नामांकन , स्वच्छता व संविधान के लिये किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत लेदवा में स्कूल के बच्चों व शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान,हमारा संविधान-हमारा स्वभिमान कार्यक्रम के तहत बुधवार को रैली निकाल कर गावं की सड़कों, गलियों में भ्रमण किया। विद्यालय से निकल कर बच्चों व शिक्षकों ने लोगों को स्वच्छता अपनाने और स्कूल में बच्चों के नामांकन कार्य में सहयोग देने के लिए नारा लगाया। भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जयंती कार्य योजना के तहत बच्चों ने गांव में प्रभात फेरी निकाल हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान का नारा लगाया। स्कूल वापस आकर बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। रैली भ्रमण के दौरान शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बच्चों के नामांकन पर जोर दिया गया। जगह -जगह रुक कर गांव के अभिभावकों से बातचीत करते हुए बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने की अपील की गई, साथ ही साथ गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए और बीमारियों से बचाव के लिए भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत लोगों को जागरूक भी किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार, पवन कुमार, राकेश कुमार, मुस्तन शेरुल्लाह, रेनू मद्धेशिया, शशि कुमार यादव, सिद्धार्थ कुमार, राकेश कुमार राज, मनमोहन आदि लोग मौजूद रहे।

# अवैध कट बंद कराने को एनएचआई व पीडब्ल्यूडी को निर्देश

**● अवैध ई-रिक्शा व अन्य वाहनों पर 965 चालान**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** एसीपी यातायात (मध्य व पश्चिम) आकांक्षा पाण्डेय द्वारा नारामऊ - मंधना हाइवे पर रतन अपार्टमेंट के पास दुर्घटनास्थल व अवैध कट का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा अवैध कट को बंद करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान एनएचआई, पीडब्ल्यूडी के पदाधिकारी, टीआई पश्चिम (द्वितीय) व थानाध्यक्ष बिठूर भी मौजूद रहे। शासन के आदेश के क्रम में व उच्चधिकारियों के निर्देशन में दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर के प्रमुख चौराहों पर विशेष रुप से ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर गलत दिशा में वाहन चलाने वालों, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, गलत नंबर प्लेट एवं बिना फिटनेस के सम्बन्ध में चेकिंग की गयी और यातायात नियमों का पालन न करने वाले 02 ई-रिक्शा पर एमवी एक्ट के तहत सीज की कार्यवाही एवं 324 ई-रिक्शा का चालान किया गया।

वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने हेतु जागरुक किया गया। इस प्रकार की कार्रवाई के माध्यम से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है। दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है। वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार कानपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा आज यातायात नियमों का पालन न करने वालो पर की गई कार्यवाही की गई। रॉन्ग साइड154, ट्रिपल सवारी टू व्हीलर57, एचएसआरपी 31, अन्य723, कुल 965 चालान किए गए।

# सपा कानपुर में पांचो विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक बूथों पर पांच पांच पीडीए कार्यकर्ताओं की टीम बनाएगी

**● प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रो की 11 सदस्यीय समिति गठित जो बूथों की टीम का चयन करेगी- हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशाअनुसार कानपुर महानगर की गोविंद नगर सीसामऊ आर्य नगर किदवई नगर एवं कैंट विधानसभा क्षेत्रो के 1607 बूथों पर सपा 5-5 कार्यकर्ताओं की टीम गठित करने को लेकर सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक आरंभ हुई। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि नगर की पांचो विधानसभा क्षेत्र में 11-11 प्रमुख कार्यकर्ताओं की टीम गठित कर दी गई हैं जो बैठक बुलाकर एक सप्ताह में 1607 बूथों पर पांच सदस्यीय कार्यकर्ताओं की टीम का गठन आरंभ हो जायेगा कमेटी गठन में विधायक पूर्व विधायकों पार्षद पूर्व पार्षद तथा प्रमुख नेतागण जो विधानसभा क्षेत्र के निवासी हैं वह कमेटी में होंगे और पांच सदस्यीय टीम को गठन मे महत्व देकर मतदाता सूची पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि शिक्षक अधिवक्ता तथा सभी 15 फ्रंटल संगठनों के लोगों की भी राय लेकर 2027 की रणनीति आरंभ की जाएगी। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,महासचिव संजय सिंह बंटी,रजत मिश्रा,नंदलाल जयसवाल,हाजी अयूब आलम,आंनद शुक्ला,महेन्द्र सिह,इशरत इराकी,मुमताज मंसूरी,आकाश यादव,सुलेखा यादव, पूजा यादव,दीप्ती सिह,अनीता वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## भीख मांग रहे बच्चे का होगा संरक्षण

**चित्रकूट ब्यूरो:** जीआरपी प्रभारी अजय भदौरिया एवं उनकी टीम द्वारा बुधवार को कर्वी रेलवे स्टेशन परिसर में भ्रमण के दौरान भीख मांग कर अपना एवं परिवार का भरण पोषण करने के लिए मजबूर किशोर को उसकी देखरेख के लिए बाल संरक्षण को सुपुर्द कर दिया। चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक विशेष त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को जीआरपी प्रभारी अपनी टीम के साथ स्टेशन परिसर में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान एक नौ वर्षीय बालक सत्यम स्टेशन में भीख मांगते दिखाई पड़ा। टीम द्वारा बच्चे से पूंछताँछ करने पर उसने बताया कि उसके पिता शिवानंद व माता रेनू देवी घरों में जोड़ाई का काम करते हैं। बच्चा दिनभर भीख मांगता है और जो भी पाता है, उससे अपनी मनचाही चीजें खरीदकर खाता है। बच्चा अपने गांव का नाम नहीं बता पाया। जिसके बाद जीआरपी प्रभारी ने बच्चे का मेडिकल कराकर एवं जीडी में एंट्री करने बाद बाल संरक्षण के लिए सीडब्ल्यूसी के सुपुर्द कर दिया। इस मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्मिक अमित श्रीवास्तव, काजल सिंह, अंजली शुक्ला एवं जीआरपी की टीम मौजूद रही।

# कानपुर में किडनैपिंग के 24 घंटे के अंदर लड़के को किया बरामद

**● महाराजपुर पुलिस ने चार किडनैपर को गिरफ्तार किया।**

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** कमिश्नरेट की महाराजपुर पुलिस ने किडनैपिंग के 24 घंटे के अंदर एक युवक को सकुशल बरामद कर उसके घर वालों को सौंप दिया है। इस घटना के संबंध में जानकारी देते हुए डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि महाराजपुर थाने पर किडनैपिंग एक मुकदमा लिखा गया था। मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस एक्टिव हो गई। और किडनैप हुए युवक को सकुशल बरामद कर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है जब कि एक अभियुक्त फरार है। किडनैप हुए युवक शैलेश के पिता इकबाल बहादुर पुत्र रामेश्वर निवासी नगला, सरसौल ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उनका पुत्र शैलेश प्रेमपुर से अपने घर नगरा आ रहा था तभी रास्ते में मोटरसाइकिल लगाकर उसे पकड़ लिया और गाड़ी में बैठाकर एक जगह ले गए। इन लोगों ने एक लाख फिरौती की मांग की। लड़का डर गया था और उसने तुरंत अपने घर फोन किया। तो घर वाले 30 हजार रुपए लेकर बताए स्थान पर पहुंचे लेकिन 30 हजार लेने के बाद भी उन्होंने लड़के को नहीं छोड़ा।

डीसीपी ने बताया इसके बाद उसके पिता ने थाने में खबर दी और मुकदमा दर्ज कराया। थानाध्यक्ष महाराजपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत उनको ट्रेस किया और चार अभियुक्तों को घटना में प्रयोग की गई कार समेत गिरफ्तार किया और शैलेश की सकुशल बरामदगी की। पकड़े गए अभियुक्तों में सूरज ठाकुर पुत्र विजय प्रताप सिंह नि0 थरेपाह थाना नर्वल जिला कानपुर नगर उम्र 26 वर्ष, शिवम पुत्र राज नि0 नर्वल थाना नर्वल जिला कानपुर नगर उम्र 27 वर्ष, विवेक यादव पुत्र बब्बू यादव नि0 बड़ागांव थाना महाराजपुर जिला कानपुर नगर उम्र 25 वर्ष, रवि कुमार पुत्र रामप्यारे नि0 ग्राम रंगोली थाना अलीनगर जिला चन्दौली हाल पता प्रेमपुर रेलवे स्टेशन कालोनी थाना महाराजपुर जिला कानपुर नगर उम्र करीब 25 वर्ष, हैं। तथा आदिल अहमद पुत्र अनवर अहमद फरार है।